www.epaper.azadsipahi.in

19 दिसंबर, 2025
पौष, कृष्ण पक्ष, अमावस्या
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00


कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शुक्रवार, वर्ष 11, अंक 61


रिटायरमेंट से पहले जजों का ताबड़तोड़ फैसले सुनाना दुर्भाग्यपूर्ण : सुप्रीम कोर्ट








## मनरेगा का नाम बदलने संबंधित बिल पर लोकसभा में हंगामा

# वीबी-जी-राम-जी बिल पास

- विपक्ष ने कागज फाड़े हंगामे के बीच ध्वनिमत से हुआ पारित
- शिवराज बोले, चुनावी फायदे के लिए जोड़ा था गांधी का नाम



आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) (वीबी-जी राम-जी) बिल पर कृषि मंत्री शिवराज सिंह ने गुरुवार को लोकसभा में जवाब दिया। इस दौरान विपक्ष ने बिल के विरोध में जमकर नारेबाजी की। विपक्षी सांसद वेल में पहुंच गये और कागज फेंके। हंगामे के बीच बिल ध्वनि मत से पास हो गया। शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मनरेगा का नाम पहले पहले महात्मा गांधी के नाम पर नहीं रखा गया। वो तो पहले नरेगा थी। बाद में जब 2009 के चुनाव आये तब चुनाव और वोट के कारण महात्मा गांधी याद आये। बापू याद आये। तब उसमें जोड़ा गया महात्मा गांधी। इससे पहले विपक्ष ने इस बिल के विरोध में संसद परिसर में मार्च निकाला। इसमें विपक्ष के 50 से ज्यादा सांसदों ने हिस्सा लिया और वीबी-जी-राम-जी बिल वापस लेने के नारे लगाये।

बताते चलें कि बुधवार को लोकसभा में वीबी-जी-राम-जी बिल पर 14 घंटे चर्चा हुई। कार्यवाही देर रात 1:35 बजे तक चली। इसमें 98 सांसदों ने हिस्सा लिया। विपक्ष ने प्रस्तावित कानून को स्टैंडिंग कमेटी के पास भेजे जाने की मांग की। जिसे स्वीकार नहीं किया गया। यह 20 साल पुराने मनरेगा एक्ट की जगह लेगा। लोकसभा में वीबी-जी-राम-जी बिल पास होने के बाद स्पीकर ओम बिरला ने सदन की कार्यवाही शुक्रवार 11 बजे तक स्थगित कर दी।

## बंगाल में रोजगार गारंटी योजना का नाम महात्मा गांधी के नाम पर रखने की घोषणा

**मुख्यमंत्री ममता बनर्जी केंद्र सरकार पर बरसीं**

**कहा, मनरेगा योजना से राष्ट्रपिता का नाम हटाया जाना बेहद शर्मनाक**



आजाद सिपाही संवाददाता

**कोलकाता।** बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने केंद्र सरकार द्वारा मनरेगा का नाम बदलकर वीबी-जी राम-जी करने के फैसले की आलोचना की है। उन्होंने गुरुवार को राज्य सरकार की रोजगार गारंटी योजना 'कर्मश्री' का नाम महात्मा गांधी के नाम पर रखने की घोषणा की। ममता ने कोलकाता के धनधान्य आडिटोरियम में राज्य सरकार द्वारा आयोजित व्यापार व उद्योग सम्मेलन के मंच से बिना नाम लिये भाजपा और मोदी सरकार पर जोरदार हमला किया। उन्होंने कहा कि केंद्र द्वारा मनरेगा योजना से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का नाम हटाया जाना बेहद शर्मनाक है। मुझे शर्म महसूस होती है कि हम राष्ट्रपिता तक को भूला रहे हैं। ममता ने कहा कि अगर वह लोग (भाजपा व केंद्र) राष्ट्रपिता को सम्मान नहीं दे सकते, तो हम देंगे। अब हम अपने राज्य की 'कर्मश्री' योजना का नाम महात्मा गांधी के नाम पर रखेंगे। ममता की ओर से यह घोषणा ऐसे समय की, जब लोकसभा से हंगामे के बीच इससे संबंधित बिल को पारित किया गया है। ममता ने कहा कि कर्मश्री योजना के तहत राज्य सरकार द्वारा लाभार्थियों को 75 दिनों तक काम उपलब्ध कराया जाता है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने पिछले चार वर्षों से मनरेगा के तहत बंगाल की धनराशि रोक रखी है। बता दें कि मनरेगा की निधि बंद किए जाने पर ममता सरकार ने 2024 में कर्मश्री योजना शुरू की थी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य का लक्ष्य भविष्य में कर्मश्री योजना के तहत कार्यदिवसों की संख्या बढ़ाकर 100 दिन करने का है। उन्होंने कहा कि हमने कर्मश्री के तहत पहले ही अपने संसाधनों से कई कार्यदिवस सृजित किये हैं। भले ही केंद्र ने मनरेगा व आवास सहित विभिन्न योजनाओं की राज्य के हिस्से की निधि रोक दी है, हम यह सुनिश्चित करेंगे कि लोगों को काम मिले। हम भिखारी नहीं हैं।

## प्रधानमंत्री मोदी को ऑर्डर ऑफ ओमान सम्मान मिला

# भारत-ओमान के बीच ट्रेड समझौता हुआ



**प्रधानमंत्री ने दोनों देशों के मजबूत रिश्तों की सराहना की**

एजेंसी

**ओमान।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ओमान का दूसरा सर्वोच्च सम्मान मिला है। उन्हें सुल्तान हैथम बिन तारिक ने ऑर्डर ऑफ ओमान से सम्मानित किया है। इससे पहले दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय बैठक की। इस दौरान भारत और ओमान के बीच व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर हुए। समझौते से भारत के टेक्सटाइल, ऑटोमोबाइल, जेम्स एंड ज्वैलरी, रिन्युएबल एनर्जी जैसे सेक्टर्स को सीधा फायदा होगा। इससे पहले प्रधानमंत्री ने बताया कि भारत और ओमान के बीच होने वाला व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता यानी सीइपीए आने वाले कई दशकों तक दोनों देशों के रिश्तों की दिशा तय करेगा। उन्होंने इसे दोनों देशों के साझा भविष्य का खाका बताया।

**मोदी ने बिजनेस समिट को संबोधित किया :** मस्कट में भारत-ओमान बिजनेस समिट को संबोधित करते हुए मोदी ने दोनों देशों के मजबूत रिश्तों की सराहना की। उन्होंने भारत में निवेश करें, नये प्रयोग करने की अपील की। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज हम एक ऐसा ऐतिहासिक फैसला ले रहे हैं, जिसकी गूंज आने वाले कई दशकों तक सुनाई देगी। व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता यानी सीईपीए 21वीं सदी में हमें नया भरोसा और नयी ऊर्जा देगा। यह हमारे साझा भविष्य का खाका है।

### भारत-ओमान के बीच फ्री ट्रेड डील पर हुआ हस्ताक्षर

ओमान (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इन दिनों ओमान दौरे पर है। उनकी मुलाकात ओमान के सुल्तान हसीम बिन तारिक अल सईद से हुई। भारत और ओमान ने फ्री ट्रेड एग्रीमेंट (एफटीए) पर हस्ताक्षर किये। इस एग्रीमेंट में भारत के 99.38% एक्सपोर्ट शामिल हैं। दोनों देशों ने एक-दूसरे को टैरिफ में काफी छूट दी है। भारत ओमान को 77.8% टैरिफ में छूट देगा, जबकि ओमान करीब 98% सामानों पर ड्यूटी में तुरंत कटौती करेगा। यह समझौता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ओमान के सुल्तान की मौजूदगी में साइन किया गया।

## एनआइटी जमशेदपुर के दीक्षांत समारोह में मुख्यमंत्री हेमंत होंगे विशिष्ट अतिथि

**राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू होंगी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि**

**एनआइटी निदेशक ने हेमंत सोरेन को किया आमंत्रित**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से गुरुवार को कांके रोड रांची स्थित उनके आवासीय कार्यालय में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआइटी) जमशेदपुर के निदेशक प्रो० गौतम सूत्रधर ने मुलाकात की। इस अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री को 29 दिसंबर को आयोजित एनआइटी के 15वें दीक्षांत समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मिलित होने के लिए सादर आमंत्रित किया। प्रो. सूत्रधर ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु की गरिमामयी उपस्थिति प्रस्तावित है। उन्होंने दीक्षांत समारोह की चल रही तैयारियों से अवगत कराया। दीक्षांत समारोह में लगभग एक हजार छात्र-छात्राओं को डिग्रियां प्रदान की जायेगी।

## हाइकोर्ट के नये चीफ जस्टिस होंगे एमएस सोनक

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस तरलोक सिंह चौहान के सेवानिवृत्त होने के बाद मुंबई हाइकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस एम एस सोनक झारखंड हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस होंगे। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने इससे संबंधित अधिसूचना जारी कर दी है। गुरुवार को कई राज्यों के हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस और जस्टिस का तबादला किया गया है और उनके ट्रांसफर की अधिसूचना जारी कर दी गयी है। सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस की अध्यक्षता में हुई कॉलेजियम की बैठक में यह निर्णय लिया गया है। अधिसूचना में कहा गया है कि हाइकोर्ट के मौजूदा चीफ जस्टिस के रिटायर होने के बाद जस्टिस एम एस सोनक की नियुक्ति होगी।

## बरही में बच्चे की बेहरमी से पिटाई करने वाला गिरफ्तार



**मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने लिया था संज्ञान**

**घटना का वीडियो हुआ था वायरल**

**गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने परेड भी करायी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**बरही।** पुलिस ने नाबालिग बच्चे के साथ मारपीट करने वाले शख्स को गिरफ्तार कर लिया है। घटना बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत हरि नगर की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार क्रिकेट खेलने के दौरान बच्चों के बीच हुई मामूली कहासुनी ने हिंसक रूप ले लिया था। घर के पास स्थित खेत में क्रिकेट खेलते समय दो बच्चों के बीच नोकझोंक हो गयी थी। इसी दौरान एक बच्चे के चाचा ने गुस्से में आकर दूसरे बच्चे के साथ मारपीट कर दी थी। बच्चे की पिटाई करते हुए सोशल मीडिया पर वीडियो भी वायरल हुआ था। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इस पर संज्ञान लेते हुए तत्काल कार्रवाई का निर्देश दिया था। पीड़ित बच्चे की मां ने थाने में इसकी शिकायत भी की थी। पुलिस ने वायरल वीडियो की जांच के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपी आलोक का पैरेड भी कराया। बरही थाना में एसडीपीओ अजीत कुमार विमल, सर्किल इंस्पेक्टर चंद्रशेखर कुमार एवं प्रभारी थाना प्रभारी संतोष कुमार ने बताया कि सोशल मीडिया में एक व्यक्ति द्वारा एक नाबालिग बच्चे को बेरहमी से पीटता हुआ वीडियो वायरल हुआ था। सत्यापन के बाद पूछताछ के लिए आरोपी को नोटिस भेजा गया। वह नहीं आया। इसके बाद अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

## राजस्व उप-निरीक्षक 6 हजार रिश्वत लेते गिरफ्तार

**एसीबी ने गिरिडीह के बेंगाबाद में दाखिल-खारिज मामले में की कार्रवाई**



आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** गिरिडीह के बेंगाबाद में धनबाद भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने दाखिल-खारिज के नाम पर रिश्वत लेने के आरोप में राजस्व उप-निरीक्षक सुरेंद्र यादव को रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। इस कार्रवाई के दौरान एक दलाल मुकेश कुमार को भी हिरासत में लिया गया है। एसीबी धनबाद के पुलिस अधीक्षक को एक परिवाद प्राप्त हुआ था। इसमें बताया गया था कि परिवादी की पुत्री लक्ष्मी कुमारी वर्णवाल के नाम से गिरिडीह जिले के बेंगाबाद अंचल के मौजा मोतीलेदा में जमीन है। इस जमीन के दाखिल-खारिज के लिए एलआरडीसी कार्यालय, गिरिडीह में आवेदन दिया गया था, जिसे बाद में अंचल कार्यालय बेंगाबाद भेजा गया। परिवादी जब अंचल कार्यालय पहुंचे, तो उन्हें मोतीलेदा पंचायत के कर्मचारी सुरेंद्र यादव से मिलने की सलाह दी गयी। आरोप है कि 16 दिसंबर 2025 को सुरेंद्र यादव ने जमीन के दाखिल-खारिज के एवज में 15 हजार रुपये रिश्वत की मांग की। परिवादी रिश्वत नहीं देना चाहते थे, जिसके बाद उन्होंने एसीबी से शिकायत की। शिकायत के सत्यापन में आरोप सही पाये जाने पर एसीबी धनबाद ने 17 दिसंबर 2025 को कांड संख्या 11/2025 दर्ज कर एक टीम का गठन किया। 18 दिसंबर 2025 को जाल बिछाकर कार्रवाई की गयी। इस दौरान सुरेंद्र यादव और दलाल मुकेश कुमार को प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय, बेंगाबाद परिसर से परिवादी से 6,000 रुपए रिश्वत लेते हुए दंडाधिकारी और दो स्वतंत्र गवाहों की मौजूदगी में गिरफ्तार कर लिया गया।

### एसीबी ने दैनिक कर्मी को रिश्वत लेते पकड़ा




जामताड़ा (आजाद सिपाही)। जामताड़ा जिले में एसीबी ने समग्र शिक्षा अभियान कार्यालय के एक दैनिक कर्मी को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सौरभ कुमार के रूप में हुई है, जो पिछले लगभग 17 वर्षों से इस कार्यालय में कार्यरत था। यह कार्रवाई सीआरपी (संकुल साधन सेवी) रासबिहारी झा की शिकायत के आधार पर की गयी। शिकायत में बताया गया था कि सौरभ कुमार एक विपत्र (बिल) पारित कराने के एवज में अवैध रूप से रिश्वत की मांग कर रहा था। एसीबी ने शिकायत का सत्यापन किया, जिसमें आरोप सही पाये गये। सत्यापन के बाद एसीबी की टीम ने योजनाबद्ध तरीके से जाल बिछाया और सौरभ कुमार को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया।

## सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी फाइनल मुकाबला

# झारखंड ने अपने नाम किया खिताब

**हरियाणा को 69 रन से रौंदा**

**पहली बार हुई जीत, ईशान-कुशाग्र चमके**







आजाद सिपाही संवाददाता

**पुणे।** झारखंड ने हरियाणा को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के फाइनल मुकाबले में 69 रनों से हराकर पहली बार खिताब अपने नाम किया। यह उनकी इस टूर्नामेंट की पहली ट्रॉफी है। गुरुवार को पुणे के महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में खेले गये मुकाबले में झारखंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में तीन विकेट पर 262 रन बनाये। जवाब में हरियाणा की टीम 18.3 ओवर में 193 रन पर ही ऑलआउट हो गयी।

सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2025 का फाइनल मैच में हरियाणा ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। झारखंड के लिए इशान किशन ने 49 गेंद पर 101 और कुमार कुशाग्र ने 38 गेंद पर 81 रन बनाये। अनुकूल रॉय ने 20 गेंद पर 40 और रॉबिन मिंज ने 14 गेंद पर 31 रन बनाकर नाबाद रहे। विराट सिंह ने दो रन बनाए। हरियाणा के लिए अंशुल कम्बोज ने 51 रन देकर 1 विकेट लिये। सुमित कुमार ने 41 और समंत जाखर ने 62 रन देकर 1 विकेट लिये। वहीं, हरियाणा के लिए यशवर्धन दलाल ने 22 गेंद पर 53, सामंत जाखड़ ने 17 गेंद पर 38 और निशांत सिंधू ने 15 गेंद पर 31 रन बनाये। इशांत भारद्वाज और अर्श रंगा ने 17-17 रन बनाये। अमित राणा ने नाबाद 13 और अंशुल कम्बोज ने 11 रन बनाये। सुमित कुमार 5 और पार्थ वत्स 4 रन बनाकर आउट हुए। अंकित कुमार और आशीष सिवाच खाता नहीं खोल पाये। झारखंड के लिए सुशांत मिश्रा और बाल कृष्णा ने 3-3 विकेट लिये। विकाश सिंह और अनूकुल रॉय वे 2-2 विकेट लिये।




आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW



### केंदुआडीह गैस रिसाव : कोल इंडिया के चेयरमैन जायजा लेने घटनास्थल पर पहुंचे, कहा

# नागरिकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता

**तकनीकी प्रक्रियाओं की समीक्षा की और अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**केंदुआ।** कोल इंडिया के नये चेयरमैन बी साइराम अध्यक्ष बनने के बाद गुरुवार को अपने पहले दौरे पर धनबाद पहुंचे। सड़क मार्ग से रांची से धनबाद पहुंचते ही उन्होंने केंदुआडीह के गैस रिसाव प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था, पुनर्वास की स्थिति और गैस रिसाव को रोकने को लेकर चल रही तकनीकी प्रक्रियाओं की समीक्षा की और अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली। कोल इंडिया प्रबंधन की ओर से स्थिति पर लगातार निगरानी रखने की बात कही गयी।

निरीक्षण के दौरान कोल इंडिया के चेयरमैन बी. साइराम ने कहा कि उनकी पहली और सर्वोच्च प्राथमिकता लोगों की सुरक्षा है, ताकि किसी भी तरह की जान-माल की हानि न हो। उन्होंने बताया कि इसको लेकर राज्य सरकार और केंद्र सरकार से लगातार निर्देश मिल रहे हैं और जिला प्रशासन के साथ समन्वय बनाकर काम किया जा रहा है। उन्होंने स्थानीय लोगों से अपील की कि किसी भी तरह की परेशानी होने पर तुरंत बीसीसीएल और जिला प्रशासन को सूचना दें। चेयरमैन ने कहा कि यह एक जटिल समस्या है, क्योंकि भूमिगत खदानें और सौ साल से अधिक पुराना वर्किंग सिस्टम है, जहां सीधे पहुंचना संभव नहीं है। नाइट्रोजन फ्लशिंग जैसी वैज्ञानिक और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्य तकनीक के माध्यम से जहरीली गैसों के प्रभाव को नियंत्रित करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने भरोसा जताया कि जैसे ही यहां सकारात्मक परिणाम मिलेंगे, उसी तरह अन्य प्रभावित क्षेत्रों में भी आक्रामक रूप से यह कार्य किया जायेगा।

## सीआइएल चेयरमैन ने की उपायुक्त से औपचारिक मुलाकात



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** कोल इंडिया लिमिटेड (सीआइएल) के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक (सीएमडी) बी साईराम ने उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी आदित्य रंजन के साथ औपचारिक मुलाकात की। मुलाकात के दौरान दोनों पदाधिकारियों के बीच बेलगड़िया टाउनशिप के निवासियों को रोजगार, स्वास्थ्य, शिक्षा, सुरक्षा सहित सभी बुनियादी सुविधाएं प्रदान करने पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गयी। साथ ही बेलगड़िया टाउनशिप को सहयोगात्मक तरीके से विकसित करने पर चर्चा हुई। मुलाकात के दौरान केंदुआडीह में गैस रिसाव के नियंत्रण और लोगों की सुरक्षा को लेकर भी चर्चा की गयी। इस अवसर पर उपायुक्त आदित्य रंजन, कोल इंडिया लिमिटेड के सीएमडी बी साईराम, भारत कोकिंग कोल लिमिटेड के सीएमडी मनोज अग्रवाल, निदेशक (मानव संसाधन) मुरली कृष्ण रमैया व अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

# झारखंड से दान में आये 51 लाख के मुकुट की बिहार के थावे मंदिर से चोरी

**भारी सुरक्षा पर उठे सवाल, झारखंड के कारोबारी ने 251 ग्राम का सोने का मुकुट दान किया था**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पटना।** बिहार के गोपालगंज जिले में स्थित प्रसिद्ध शक्तिपीठ थावे मंदिर में बुधवार रात चोरी की बड़ी और चौंकाने वाली वारदात सामने आयी है। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बावजूद अज्ञात चोरों ने मां दुर्गा की प्रतिमा से सोने-चांदी के बहुमूल्य आभूषणों पर हाथ साफ कर दिया। चोरी गये सामान में सोने का मुकुट, हार, छतरी सहित अन्य कीमती आभूषण शामिल हैं। यही नहीं, मंदिर परिसर में बने लॉकर को तोड़कर चोर दानपेटी भी अपने साथ ले गये। चोरी गया सोने का मुकुट खास तौर पर चर्चा में है, क्योंकि इसे झारखंड के एक कारोबारी ने मां थावेवाली को दान स्वरूप भेंट किया था। मुकुट का वजन करीब 251 ग्राम बताया जा रहा है, जिसकी बाजार कीमत लगभग 51 लाख रुपये आंकी गयी है। इस घटना के बाद श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों में गहरा आक्रोश है।

गुरुवार सुबह जब मंदिर के पुजारी पूजा-अर्चना के लिए गर्भगृह पहुंचे, तो उन्होंने देखा कि मंदिर के अंदर सामान बिखरा पड़ा है और मां दुर्गा के आभूषण गायब हैं। इसके बाद तुरंत पुलिस को सूचना दी गयी। पुलिस अधीक्षक अवधेश दीक्षित ने बताया कि चोरी



की घटना रात करीब 11:30 से 12 बजे के बीच हुई। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि दो अज्ञात चोर चेहरे पर मास्क लगाए हुए थे। वे मंदिर के पीछे के रास्ते से सीढ़ी लगाकर अंदर घुसे और कटर की मदद से ताले काटे। इसके बाद उन्होंने मां दुर्गा की प्रतिमा से सोने का मुकुट, छतरी और अन्य आभूषण उतार लिये और उसी रास्ते से फरार हो गये।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मंदिर परिसर को घेर लिया। एफएसएल टीम और डॉग स्क्वायड को बुलाकर वैज्ञानिक तरीके से साक्ष्य जुटाये जा रहे हैं। साथ ही मंदिर परिसर और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। पुलिस हर संभावित एंगल से मामले की जांच में जुटी है और जल्द खुलासे का दावा कर रही है। एसपी अवधेश दीक्षित ने यह भी कहा कि मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था की गहन समीक्षा की जा रही है। मंदिर में तैनात निजी सुरक्षा गार्ड की भूमिका की भी जांच होगी और लापरवाही पाये जाने पर सख्त कार्रवाई की जायेगी। साथ ही भविष्य में थावे मंदिर की सुरक्षा को और पुख्ता करने के निर्देश दिये गये हैं।

# अल्पसंख्यकों का अधिकार हर हाल में बरकरार रहना चाहिए: बंधु तिर्की

**झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने विश्व अल्पसंख्यक अधिकार दिवस का आयोजन किया**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** पूर्व मंत्री और झारखंड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य एवं झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा है कि अल्पसंख्यकों के अधिकार को हर हाल में बरकरार रखा जाना चाहिए। श्री तिर्की ने कहा कि कोई भी देश तभी तक अपनी पूरी गरिमा के साथ सुरक्षित रह सकता है जब वहां के अल्पसंख्यकों को उनका पूरा अधिकार मिले।

झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अल्पसंख्यक विभाग के तत्वावधान में विश्व अल्पसंख्यक अधिकार दिवस पर आयोजित एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने अल्पसंख्यकों के अधिकारों का पुरजोर समर्थन किया। सम्मेलन में झारखंड के सह-प्रभारी डॉ सिरिबेला प्रसाद और भूपेंद्र मरावी, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव, कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर, कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंह, फुरकान अंसारी, अनुपमा सिंह, मंजूर अंसारी सहित अनेक वरिष्ठ कांग्रेस पदाधिकारी सम्मिलित हुए।

### समाज सेवा में बेहतर कार्यों के लिए सम्मानित की गयीं कुमुदिनी प्रभावती

# उर्दू के साथ हो रहा सौतेला व्यवहार : कुमुदिनी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग की प्रदेश महासचिव कुमुदिनी प्रभावती को समाजसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य के लिए सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें विश्व अल्पसंख्यक दिवस पर कांग्रेस पार्टी द्वारा बोकारो में आयोजित अल्पसंख्यक अधिकार दिवस के अवसर कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की व फुरकान अंसारी के हाथों दिया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन प्रदेश कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष मंजूर अंसारी के नेतृत्व में किया गया था उन्होंने अपनी टीम की प्रवेश महासचिव त्रिवेदी प्रभावती की प्रशंसा की उन्होंने



कहा कि आयरन गेट की तरह डट कर काम करने वाली कांग्रेसी सिपाही का नाम कुमुदिनी प्रभावती है। सम्मान प्राप्त करने के बाद अपने संबोधन में कुमुदिनी प्रभावती ने कहा कि आज अल्पसंख्यकों की मातृभाषा उर्दू के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है, जो संवैधानिक मूल्यों के विरुद्ध है। उन्होंने आरोप लगाया कि पशु तस्करी और गौवंशीय पशुओं की आड़ में मुस्लिम और इसाई समुदाय के लोगों को निशाना बनाकर लिंचिंग की घटनाएं हो रही हैं। साथ ही इसाई मिशनरियों पर लगातार हमले किये जा रहे हैं और उन्हें धर्मांतरण के नाम पर बदनामकर झूठे मुकदमों में फंसाया जा रहा है। उन्होंने इन घटनाओं पर तत्काल रोक लगाने की मांग करते हुए कहा कि देश की एकता, भाईचारे और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए सभी समुदायों के अधिकारों का सम्मान आवश्यक है। आगे कहा कि अल्पसंख्यक प्रदेश अध्यक्ष मंजूर अंसारी के नेतृत्व में कार्य करने से बड़े से बड़ा कार्य भी आसानी से निकल जाता है। बेहतर कार्य करना और प्रत्येक कार्य पर अध्यक्ष के प्रोत्साहन से नयी ऊर्जा मिलती है।

# स्वर्ग जैसा खूबसूरत है पोटका का भांगा पहाड़

- झारखंड के प्रमुख पिकनिक और टूरिज्म स्पॉट के रूप में उभर रहा है यह स्थल
- पश्चिम बंगाल, ओड़िशा और बिहार से भी बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंच रहे हैं
- पर्यटन विभाग ध्यान दे तो झारखंड का एक प्रमुख इको-टूरिज्म हब बन सकता है

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**पोटका।** झारखंड राज्य स्वर्ग की तरह सुंदर है, राज्य के पूर्वी सिंहभूम जिले में स्थित पोटका का पहाड़ भांगा की प्राकृतिक छटा सैलानियों को मानसिक सुकून और आनंद से भर देती है। लेकिन इस जगह के विकास को लेकर सरकार की ओर से अनदेखी की जा रही है।

भीड़, ट्रैफिक और तेज रफ्तार ज़िंदगी से दूर यहां का शुद्ध हवा मन को तरोताजा कर देता है। जिले का यह खूबसूरत प्राकृतिक स्थल आज भी अपनी मौलिक सुंदरता को संजोए हुए है और धीरे-धीरे झारखंड के प्रमुख पिकनिक और टूरिज्म स्पॉट के रूप में उभर रहा है।

घने साल और सागवान के जंगलों से घिरा पहाड़ भांगा उंचे पहाड़ों, विशाल सफेद चट्टान और बीच से बहती निर्मल नदी के कारण बेहद आकर्षक दिखती है। नदी की कलकल धारा, ठंडी हवाओं के झोंके और पक्षियों की मधुर ध्वनि यहां आने वाले हर पर्यटक को प्रकृति से जोड़ देती है। यही कारण है कि लोग इस स्थान को झारखंड की छोटा जन्नत कहकर पुकारते हैं।

यहां का वातावरण इतना शांत और प्रदूषण रहित है कि कुछ समय बिताने भर से ही मन और तन दोनों तरोताजा हो जाते हैं।



यहां पहाड़ की ओट में बैठकर बहती नदी को निहारना और हरियाली से भरे नजारों को कैमरे में कैद करना पर्यटकों को खासा पसंद आता है। परिवार, दोस्तों और बच्चों के साथ पिकनिक मनाने के लिए यह स्थान पूरी तरह सुरक्षित और उपयुक्त माना जाता है। अब पहाड़ भांगा की पहचान सिर्फ स्थानीय इलाके तक सीमित नहीं रह गश्र है। सप्ताहांत और छुट्टियों के दिनों में यहां झारखंड के विभिन्न जिलों के अलावा पश्चिम बंगाल, ओड़िशा और बिहार से भी बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंच रहे हैं। खासकर मानसून और सर्दियों के मौसम में यहां की प्राकृतिक सुंदरता अपने चरम पर होती है, जब पहाड़ हरियाली से ढक जाते हैं और नदी का जलस्तर बढ़ने से नजारा और भी मनमोहक हो जाता है।

पर्यटकों का कहना है कि भांगा पहाड़ की सबसे बड़ी खासियत यहां की असीम शांति है। यहां न तो शोरगुल है और न ही व्यावसायिक चकाचौंध, बल्कि प्रकृति अपने असली रूप में मौजूद है। कई लोग इसे मानसिक तनाव से मुक्ति पाने के लिए एक आदर्श स्थान मानते हैं।

पर्यटन की दृष्टि से अगर यहां बुनियादी सुविधाओं का विकास किया जाये, तो पहाड़ भांगा भविष्य में झारखंड का एक प्रमुख इको-टूरिज्म हब बन सकता है। फिलहाल, यह स्थान उन लोगों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है, जो प्रकृति के करीब रहकर कुछ यादगार पल बिताना चाहते हैं।



अगर आप भी शांति, सुंदरता और प्राकृतिक आनंद की तलाश में हैं, तो पहाड़ भांगा जरूर आएं। यहां की हरियाली, पहाड़, नदी और खुला आसमान आपको बार-बार आने का मन करेगा।

# केटीपीएस की एक यूनिट से बिजली उत्पादन बंद

**झारखंड में प्रभावित हो सकती है बिजली आपूर्ति**

**मरम्मत कार्य को लेकर 500 मेगावाट क्षमता के एक यूनिट को बंद कर दिया गया है**



**संजीव**

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिले के बांझेडीह स्थित कोडरमा थर्मल पावर स्टेशन (केटीपीएस) के एक यूनिट से 35 दिनों तक बिजली उत्पादन पूरी तरह बंद रहेगा। मरम्मत कार्य को लेकर बुधवार शाम से ही 1000 मेगावाट क्षमता वाले इस प्लांट के दो यूनिट में से 500 मेगावाट क्षमता के एक यूनिट को बंद कर दिया गया है। तकनीकी कारणों और जरूरी मरम्मत को लेकर इसे बंद किया गया है। केटीपीएस की दो यूनिट से 1000 मेगावाट बिजली का उत्पादन हो रहा था, लेकिन अब एक यूनिट बंद होने से सीधे तौर पर 500 मेगावाट बिजली उत्पादन प्रभावित होगा। इसका असर झारखंड के साथ ही देश के अन्य राज्यों में बिजली आपूर्ति पर भी पड़ेगा। बांझेडीह स्थित केटीपीएस ग्रिड के माध्यम से झारखंड को लगभग 600 मेगावाट बिजली की आपूर्ति करता है, जबकि शेष बिजली राष्ट्रीय ग्रिड के माध्यम से अन्य राज्यों को भेजी जाती है। इस प्लांट से जिले के झुमरीतिलैया शहर के लिए प्लांट से सीधे 25 मेगावाट बिजली की आपूर्ति गौशाला सर्विस स्टेशन के माध्यम से की जाती है, जिस पर भी प्रभाव पड़ने की संभावना है। डीवीसी अधिकारियों के अनुसार, यूनिट में तकनीकी सुधार और मरम्मत का काम लंबे समय से नहीं हुआ था, जिसे देखते हुए यह कदम उठाया गया है। इधर झारखंड विद्युत निगम लिमिटेड द्वारा भी मरम्मत का कार्य किया जा रहा है। ऐसे में झारखंड में भी पीक आवर के दौरान लोडशेडिंग की आशंका जतायी जा रही है। हालांकि, ठंड के मौसम के कारण हर वर्ष की तरह इस समय बिजली की मांग अपेक्षाकृत कम रहती है, इसी वजह से विशेष मरम्मत के लिए यही अवधि चुनी गयी है। ज्ञात हो कि कोडरमा जिले में भी 10 दिसंबर से 25 दिसंबर तक विशेष मरम्मत कार्य के चलते बिजली आपूर्ति में भारी कटौती की जा रही है। हालांकि गिरिडीह से बिजली कटौती कर आंशिक रूप से इसमें सुधार की कोशिश की जा रही है, पर इन दिनों जिले में बिजली आपूर्ति प्रभावित है। परंतु आने वाले दिनों में बिजली आपूर्ति पर और संकट गहरा सकता है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 23.0 °c | 9.1 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.06 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.24 बजे |



### सीएम हेमंत सोरेन से मुर्गा ट्रॉफी फिल्म की टीम ने की मुलाकात

# फिल्म निर्माताओं को यहां बेहतर माहौल देंगे : हेमंत

- स्थानीय युवाओं को भी रोजगार और पहचान मिलेगी
- झारखंड में सिनेमा की संभावनाओं पर हुई चर्चा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** अंतरराष्ट्रीय बॉलीवुड फिल्म मुर्गा ट्रॉफी की टीम ने गुरुवार को कांके रोड, रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की। इस दौरान झारखंड में फिल्म निर्माण की संभावनाओं, सुविधाओं और भविष्य की योजनाओं को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। फिल्म मुर्गा ट्रॉफी के निर्देशक शशि वर्मा ने मुख्यमंत्री को बताया कि झारखंड की प्राकृतिक लोकेशन, सांस्कृतिक विविधता और स्थानीय प्रतिभा फिल्म निर्माण के लिए बेहद अनुकूल है। उन्होंने राज्य में शूटिंग और प्रोडक्शन से जुड़ी संभावनाओं पर भी अपने विचार साझा किए। मुलाकात के दौरान मुर्गा ट्रॉफी फिल्म के प्रोड्यूसर सुजीत उपाध्याय, चंदन आनंद, विजया लक्ष्मी और को-प्रोड्यूसर जयराम महतो भी मौजूद रहे। फिल्म टीम ने झारखंड सरकार द्वारा फिल्म निर्माण को बढ़ावा देने के लिए किये जा रहे प्रयासों की सराहना की।



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य सरकार झारखंड को फिल्म फ्रेंडली डेस्टिनेशन के रूप में विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि फिल्म निर्माताओं को यहां बेहतर माहौल और सहयोग उपलब्ध कराया जायेगा, ताकि स्थानीय युवाओं को भी रोजगार और पहचान मिल सके। इस मुलाकात को झारखंड में सिनेमा और रचनात्मक उद्योगों के विस्तार की दिशा में एक सकारात्मक कदम माना जा रहा है।

### स्वास्थ्य मंत्री ने डॉक्टर और स्वास्थ्य कर्मियों को दिया नियुक्ति पत्र

# विश्वस्तरीय चिकित्सा सुविधा राज्य में ही उपलब्ध होगी : इरफान अंसारी

- एनएचएम सभागार में नियुक्ति पत्र वितरण समारोह का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** स्वास्थ्य विभाग, झारखंड सरकार की ओर से गुरुवार को रांची स्थित एनएचएम सभागार में बंपर बहाली और नियुक्ति पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में डॉक्टर और स्वास्थ्य कर्मियों को नियुक्ति पत्र दिया। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि नियुक्ति प्रक्रिया निरंतर जारी रहेगी और नये वर्ष के पहले महीने में काफी संख्या में डॉक्टरों की बहाली की जायेगी। उन्होंने बताया कि अन्य राज्यों से भी बड़ी संख्या में विशेषज्ञ डॉक्टरों ने आवेदन किया है, जिससे अब झारखंडवासियों को इलाज के लिए दूसरे राज्यों में नहीं जाना पड़ेगा और विश्वस्तरीय चिकित्सा सुविधाएं राज्य में ही उपलब्ध होंगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि झारखंड सुशासन, संवेदनशील प्रशासन और भाईचारे का प्रतीक है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि यह कार्यक्रम केवल नियुक्ति पत्र वितरण नहीं, बल्कि जनता और सरकार के बीच विश्वास का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि बीते 11 महीनों में झारखंड की स्वास्थ्य व्यवस्था में व्यापक बदलाव किये गये हैं और यह प्रक्रिया आगे भी जारी रहेगी। डॉ अंसारी ने आगामी योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि अगले तीन वर्षों में सभी मेडिकल कॉलेज पूर्ण रूप से क्रियाशील होंगे। करीब 10 हजार और नियुक्तियां की जायेंगी।



सभी सिविल सर्जनों को रिक्त पदों की अद्यतन सूची भेजने के निर्देश दिये गये हैं। नये वर्ष के पहले महीने में डॉक्टरों की एक और बड़ी बहाली की जायेगी। अन्य राज्यों से भी बड़ी संख्या में विशेषज्ञ डॉक्टरों ने आवेदन किया है। उन्होंने बताया कि राज्य में हाइटेक इंफ्रास्ट्रक्चर और एडवांस मेडिकल टेक्नोलॉजी विकसित की जा रही है। स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि झारखंड में मेडिको सिटी की स्थापना की जायेगी। जेआइसीए के माध्यम से ऋण लेकर सुपर स्पेशियलिटी अस्पतालों का निर्माण होगा, जिससे राज्य के लोगों को इलाज के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। विश्वस्तरीय चिकित्सा सुविधाएं झारखंड में ही उपलब्ध करायी जायेंगी। ब्लड और जेनेटिक डिसऑर्डर के इलाज के लिए भी नयी पहल की जा रही है। सभी जिलों में ब्लड सेपरेशन यूनिट मशीन के लिए नौ करोड़ रुपये की स्वीकृति दी गयी है। रांची सदर अस्पताल में सिकल सेल एनीमिया, थैलेसीमिया और एप्लास्टिक एनीमिया के लिए बोन मैरो ट्रांसप्लांट यूनिट स्थापित की जायेगी। राज्य गठन के 25 वर्षों बाद पहली बार झारखंड में यह सुविधा उपलब्ध होगी।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देशानुसार विकास और सम्मान सभी के लिए है। मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने कहा कि आने वाले समय में झारखंड की स्वास्थ्य व्यवस्था में संस्थागत और अभूतपूर्व परिवर्तन देखने को मिलेगा। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अभियान निदेशक शशि प्रकाश झा, निदेशक प्रमुख स्वास्थ्य सेवाएं डॉ सिद्धार्थ सान्याल सहित बड़ी संख्या में अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# शराब घोटाले की जांच सीबीआइ से करायी जाये : बाबूलाल मरांडी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने शराब घोटाले की जांच सीबीआइ से कराने की मांग की है। वे गुरुवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेस में बोल रहे थे। उन्होंने इस दौरान कहा कि एसीबी नौटंकी कर रही है। बड़े घोटाले को बचाने के लिए सारा खेल चल रहा है। उन्होंने कहा कि बड़े लोगों को बचाने की सुनियोजित साजिश है। बाबूलाल ने तत्कालीन उत्पाद आयुक्तों को निशाने पर लेते हुए कहा कि कर्ण सत्यार्थी, अमित कुमार और फैज अहमद रटा-रटाया बयान दे रहे हैं। उत्पाद विभाग के पूर्व सचिव विनय चौबे ने जब इन पर दबाब डाला तो इन अफसरों का दायित्व बनता था कि फाइल पर नोटिंग करते। चीफ सेक्रेट्री को कहते कि यह गलत हो रहा है, या फिर



विभाग के मंत्री से इसकी शिकायत करते। कहा कि जिन अफसरों ने बयान दिया है वे महत्वपूर्ण पदों पर हैं। जिले के डीसी भी हैं। ऐसे कमजोर अफसरों को इन महत्वपूर्ण पदों से हटाया जाना चाहिए। दबाव में आकर काम करने वाले अफसरों के खिलाफ सरकार को कार्रवाई करनी चाहिए। कहा एसीबी की कार्रवाई से लग रहा है कि बड़े शराब घोटाले को बचाने की साजिश हो रही है। ये मामला सामान्य नहीं है अति गंभीर है।

### जेएमएम महासचिव ने केंद्र सरकार पर हमला बोला

# वीबी जीरामजी योजना गरीब विरोधी : सुप्रियो

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रोजगार की गारंटी को लेकर केंद्र सरकार के ताजा फैसले के खिलाफ झारखंड की सियासत में तीखी हलचल तेज हो गयी है। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा), 2005 को समाप्त कर उसकी जगह विकसित भारत-गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) वीबी जी राम जी यानी लागू करने की घोषणा का झारखंड मुक्ति मोर्चा ने विरोध किया है।

झामुमो प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में पार्टी के महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने इस प्रस्तावित विधेयक को गरीब, मजदूर, आदिवासी और ग्रामीण भारत के खिलाफ बताया और कहा कि यह योजना मनरेगा के मूल उद्देश्य को खत्म करने का प्रयास है। कहा कि मनरेगा कोई



सरकारी योजना भर नहीं, बल्कि ग्रामीण भारत के लिए कानूनी सुरक्षा कवच है, जिसे कमजोर करना सामाजिक असमानता को और गहरा करेगा। जेएमएम का आरोप है कि प्रस्तावित वीबी जी राम जी विधेयक इस पूरे ढांचे को खत्म कर देता है। नयी योजना के तहत काम का अधिकार सार्वभौमिक नहीं रहेगा।

केंद्र सरकार तय करेगी कि किन ग्रामीण क्षेत्रों में काम दिया जायेगा। यदि कोई क्षेत्र केंद्र द्वारा अधिसूचित नहीं किया गया, तो वहां रहने वाले लोगों के पास रोजगार का कोई कानूनी अधिकार नहीं बचेगा।

जेएमएम ने इसे केंद्र की इच्छा पर चलने वाली विवेकाधीन योजना बताया।इसके अलावा, केंद्र सरकार हर वित्तीय वर्ष में राज्य-वार एक तय मानक आवंटन निर्धारित करेगी। इससे अधिक खर्च होने पर जिम्मेदारी राज्यों की होगी। पार्टी का कहना है कि यह व्यवस्था रोजगार के दिनों पर अनौपचारिक सीमा लगा देगी और मनरेगा को अधिकार-आधारित कानून से एक सीमित बजट वाली योजना में बदल देगी।

## पेसा : हाइकोर्ट ने कहा 23 दिसंबर तक सरकार टाइम फ्रेम करे

**रांची।** राज्य में पेसा नियमावली लागू नहीं होने पर हाइकोर्ट ने राज्य सरकार और पंचायती राज विभाग को कड़ी फटकार लगायी है। गुरुवार को मुख्य न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान और राजेश शंकर की अदालत में पेसा नियमावली लागू करने संबंधी अवमानना याचिका पर सुनवाई हुई। अब तक नियमावली लागू नहीं होने पर हाइकोर्ट ने कड़ी नाराजगी जतायी। साथ ही विभागीय सचिव मनोज कुमार को 23 दिसंबर तक टाइम फ्रेम कर बताने का आदेश भी दिया। अगली सुनवाई 23 दिसंबर को ही होगी। सुनवाई के दौरान सचिव की ओर से हाइकोर्ट को बताया गया कि नियमावली स्वीकृति के लिए कैबिनेट को भेजा जा चुका है। याचिकाकर्ता की ओर से अभिषेक रॉय, ज्ञानंत कुमार सिंह और अजीत कुमार ने दलील पेश की। यहां मालूम हो कि पेसा नियमावली लागू होने तक हाइकोर्ट ने झारखंड में बालू और लघु खनिजों के आवंटन पर रोक लगा रखी है। राज्य सरकार ने बालू की जरूरत को देखते हुए हाइकोर्ट से रोक हटाने का आदेश दिये जाने का आग्रह किया था। लेकिन कोर्ट ने राज्य सरकार के आग्रह को ठुकरा दिया। नियमावली लागू होने तक रोक बरकरार रखने का आदेश दिया था।

### रांची विश्वविद्यालय में युवा महोत्सव रीझ-रंग 2025-26 का शुभारंभ

# जयतु-जयतु भारतम्, जागा हुआ भारत है ये...

- कुलपति ने कहा- विश्वविद्यालय सिर्फ डिग्री देने के लिए नहीं बल्कि छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए है
- मेरा प्रयास है कि आरयू के मोराबादी परिसर में हैप्पीनेस और वेलनेस सेंटर खुले
- टेक्नोलॉजी सिर्फ ज्ञान ट्रांसफर करता है, शिक्षक संस्कार ट्रांसफर करते हैं
- झारखंड में बहुत क्षमता है यह देश का सांस्कृतिक हृदय है

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** गुरुवार को रांची विश्वविद्यालय के इंटर कॉलेज युवा महोत्सव रीझ-रंग 2025-26 का भव्य शुभारंभ कुलपति डॉ धर्मेंद्र कुमार सिंह ने किया। यह तीन दिवसीय युवा महोत्सव 18 से 20 दिसंबर तक आयोजित किया जायेगा, जिसमें कुल 26 विभिन्न प्रतियोगिताएं होंगी। महोत्सव में भाग लेने के लिए लगभग 500 छात्र-छात्राओं ने पंजीकरण कराया है। उद्घाटन सत्र से पूर्व दीक्षांत मंडप से कुलपति एवं डीएसडब्ल्यू ने झंडा दिखाकर सांस्कृतिक परेड को रवाना किया। इस परेड में मारवाड़ी कॉलेज, गोस्नर कॉलेज, जेएन कॉलेज, निर्मला कॉलेज, खूंटी बिरसा कॉलेज, आरएलएसवाइ कॉलेज, टीआरएल विभाग और केओ कॉलेज गुमला के छात्र-छात्राएं अपने-अपने बैनर और टीम के साथ शामिल हुए। परेड आर्यभट्ट सभागार में जाकर संपन्न हुई।

इसके पश्चात पीएफए विभाग के छात्रों द्वारा राष्ट्रगान, कुलगीत और गणेश वंदना की प्रस्तुति दी गयी। कुलपति सहित वरीय पदाधिकारियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ उद्घाटन सत्र की विधिवत शुरूआत हुई। इस अवसर पर डीएसडब्ल्यू डॉ सुदेश कुमार साहू ने कुलपति को रीझ-रंग का स्मृति चिह्न भेंट किया।

पहले दिन आयोजित हुए कई सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक इवेंट गुरुवार को क्विज (केमिस्ट्री





विभाग), पोस्टर मेकिंग, कोलाज, ऑन द स्पॉट पेंटिंग, कार्टूनिंग (बॉटनी विभाग के धन्वंतरी हॉल) में आयोजित हुए। वहीं फोक एवं ट्राइबल डांस, क्लासिकल डांस, क्रिएटिव कोरियोग्राफी के साथ संगीत की विभिन्न विधाओं - क्लासिकल वोकल, इंस्ट्रूमेंटल, लाइट वोकल, वेस्टर्न वोकल, ग्रुप सॉन्ग (इंडियन एवं वेस्टर्न), फ्यूजन ऑर्केस्ट्रा और वेस्टर्न इंस्ट्रूमेंटल सोलो–की प्रतियोगिताएं आर्यभट्ट सभागार में संपन्न हुईं। सभी प्रतियोगिताओं के परिणाम 20 दिसंबर को घोषित किये जायेंगे।

उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कुलपति डॉ धर्मेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय केवल डिग्री बांटने की जगह नहीं, बल्कि छात्रों के सर्वांगीण विकास का केंद्र है। उन्होंने कहा कि झारखंड ऊर्जा और संस्कृति की भूमि है, भारत का सांस्कृतिक हृदय है। कुलपति ने प्रतिभागी छात्रों से कहा आप कक्षा में ज्ञान पाते हैं, लेकिन मंच पर व्यक्तित्व का विकास होता है। हार-जीत की चिंता किये बिना अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें।

उन्होंने रीझ-रंग नामकरण के लिए डीएसडब्ल्यू डॉ सुदेश कुमार साहू की सराहना करते हुए कहा कि यह महोत्सव परंपरा और आधुनिकता का सुंदर संगम है। साथ ही उन्होंने रांची विश्वविद्यालय के मोरहाबादी परिसर में हैप्पीनेस और वेलनेस सेंटर खोलने की अपनी परिकल्पना भी साझा की।

उद्घाटन सत्र में पीएफए संगीत विभाग की छात्राओं ने शिक्षक मनीष के नेतृत्व में राग यमन पर मधुर प्रस्तुति दी। वहीं वसुधैव कुटुंबकम विषय पर जयतु जयतु भारतम, जागा हुआ भारत है ये गीत की क्रिएटिव कोरियोग्राफी विपुल नायक एवं उनकी टीम द्वारा प्रस्तुत की गयी, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम का संचालन डॉ स्मृति सिंह ने किया। इस अवसर पर रजिस्ट्रार डॉ गुरुचरण साहू, डीएसडब्ल्यू डॉ सुदेश कुमार साहू, डीन ह्यूमैनिटी डॉ अर्चना दुबे, प्रॉक्टर डॉ मुकुंद चंद्र मेहता, सीसीडीसी डॉ पीके झा, विभिन्न कॉलेजों के प्राचार्य, शिक्षक एवं छात्र उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन रजिस्ट्रार डॉ गुरुचरण साहू ने किया।

# 8659 आंदोलनकारी चिह्नित, गृह विभाग ने जारी किया संकल्प

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड राज्य निर्माण आंदोलन में अपनी भूमिका निभाने वाले आंदोलनकारियों के लिए एक जरूरी खबर है। गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने एक संकल्प जारी कर राज्य के 8659 आंदोलनकारियों को चिह्नित किया है। यह सूची 38वीं संपुष्ट सूची के रूप में जारी की गयी है, जिसमें झारखंड के सभी 24 जिलों के आंदोलनकारी शामिल हैं। इस संकल्प के तहत आंदोलनकारियों और उनके आश्रितों के लिए सम्मान, पेंशन और सरकारी नौकरी में विशेष लाभ सुनिश्चित किये गये हैं। चिह्नित आंदोलनकारियों को उनके जीवनकाल तक और उनकी मृत्यु के बाद उनके एक आश्रित को भी जीवनकाल तक सम्मान पेंशन निश्चित रूप से दी जायेगी।

### कारावास की अवधि के आधार पर होगी पेंशन की राशि

- **3 माह से कम कारावास :** 3500 रुपये प्रतिमाह
- **3 माह से 6 माह के बीच कारावास :** पांच हजार रुपये प्रतिमाह
- **6 माह से अधिक कारावास :** सात हजार रुपये प्रतिमाह

### आश्रितों के लिए सीधी नियुक्ति और आरक्षण

आंदोलनकारी परिवार के आश्रितों को सरकारी नौकरी में विशेष लाभ दिये जायेंगे। पुलिस फायरिंग और कारावास के दौरान स्थायी रूप से मूल या दिव्यांग (40% से अधिक) हुए आंदोलनकारियों के आश्रित परिवार के एक सदस्य को उनकी शैक्षणिक योग्यता के अनुरूप राज्य सरकार के तृतीय एवं चतुर्थ वर्गीय पदों पर सीधी नियुक्ति दी जायेगी। अन्य सभी चिह्नित आंदोलनकारियों के मामले में एक आश्रित के लिए तृतीय एवं चतुर्थ वर्गीय पदों पर सरकारी नियुक्ति में 5% का क्षैतिज आरक्षण दिया जायेगा।

**किस जिले में कितने आंदोलनकारी हुए चिह्नित**

| जिला | संख्या |
|---|---|
| बोकारो | 881 |
| चतरा | 403 |
| देवघर | 767 |
| धनबाद | 304 |
| दुमका | 748 |
| जमशेदपुर | 588 |
| गढ़वा | 69 |
| गिरिडीह | 350 |
| गोड्डा | 545 |
| गुमला | 476 |
| हजारीबाग | 671 |
| जामताड़ा | 468 |
| खूंटी | 66 |
| कोडरमा | 104 |
| लातेहार | 391 |
| लोहरदगा | 55 |
| पाकुड़ | 13 |
| पलामू | 266 |
| रामगढ़ | 792 |
| रांची | 255 |
| साहेबगंज | 47 |
| सरायकेला | 195 |
| सिमडेगा | 34 |
| चाइबासा | 171 |
| कुल | 8659 |

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** धर्म-आधात्म्य में रूचि बढ़ेगी, नौकरी-व्यापार में अवरोध, परिश्रम से आवश्यक कार्य में सफलता।
- **वृष** प्रॉपर्टी खरीदने के संयोग बनेगा, किसी खास व्यक्ति के सहयोग से महत्वपूर्ण काम बनेगा।
- **मिथुन** कर्मक्षेत्र में संतोषजनक वातावरण,बकाये रकम की प्राप्ति होगी,वस्त्र-आभूषण।
- **कर्क** महत्वकांक्षा पूरी होगी,नौकरी में बदलाव होने का संयोग बन सकता है।
- **सिंह** रोजी-रोजगार में सफलता, रूका हुआ काम पूरा होगा,शुभ समाचारों की प्राप्ति होगी।
- **कन्या** बाधित उन्नति,महत्वपूर्ण कार्य पूरा होगा, आर्थिक लाभ,घर-गृहस्थी में सुख-शांति का वातावरण रहेगा।
- **तुला** कुछ संघर्षों के बाद नौकरी-सरकारी कार्यों में आशातीत सफलता मिलेगी।
- **वृश्चिक** चतुर्दिक हर्ष तथा उल्लास का वातावरण रहेगा, संयम, धैर्य से काम आसान होंगे।
- **धनु** आय के नये स्रोत बनेंगे, प्रभावशाली व्यक्तित्व का विकास, षड्यंत्र विफल रहेगा।
- **मकर** नये व्यवसाय का आरंभ हो सकता है, परिवार में मांगलिक कार्य संपन्न होगा।
- **कुंभ** रूके हुए कार्य में तेजी, उत्साह-उमंग भरा रहेगा, भ्रमण के साधन बनेंगे,नये लोगों से संपर्क।
- **मीन** किसी नये कार्य आरंभ करने से पूर्व परिवार में विचार-विमर्श करें, कठिनाइयों पर विजय।

## कोडरमा में खाद्य आयोग की प्रभारी अध्यक्ष शबनम परवीन ने किया निरीक्षण

# पीडीएस-कुपोषण केंद्रों में पारदर्शिता और सुधार के निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा।** झारखंड राज्य खाद्य आयोग की प्रभारी अध्यक्ष शबनम परवीन ने गुरुवार को कोडरमा जिले में विद्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों, पीडीएस दुकानों एवं सदर अस्पताल स्थित कुपोषण उपचार केंद्र का स्थलीय निरीक्षण किया। जहां मेन्यू दीवार पर अंकित नहीं था, वहां दीवार लेखन कराने का निर्देश दिया गया।



पीडीएस दुकानों के निरीक्षण में कुछ दुकानों में सूचना पट्ट पर स्टॉक अंकित नहीं पाये जाने पर आयोग द्वारा स्टॉक विवरण एवं आयोग का व्हाट्सएप नंबर अंकित करने का निर्देश दिया गया। सदर अस्पताल स्थित कुपोषण उपचार केंद्र का निरीक्षण किया गया। वहीं, कुपोषित बच्चों एवं उनकी माताओं के साथ कर्मचारियों के व्यवहार से संबंधित शिकायत पर सिविल सर्जन को आवश्यक निर्देश देने की बात कही गयी तथा माताओं को बच्चों के उपचार हेतु केंद्र में भर्ती कराने के लिए जागरूक करने का निर्देश दिया गया। परिसदन में झारखण्ड राज्य आकस्मिक खाद्यान्न कोष से संबंधित समीक्षा बैठक आयोजित की गयी।

बैठक में लंबित शिकायतों के त्वरित निष्पादन, निगरानी समिति की नियमित बैठक, योग्य लाभुकों को राशन कार्ड में जोड़ने एवं अयोग्य, मृत व्यक्तियों के नाम हटाने के निर्देश दिये गये। साथ ही सभी पंचायतों में आकस्मिक खाद्यान्न कोष अंतर्गत 10 हजार की राशि उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा गया। यह भी निर्देश दिया गया कि पीडीएस दुकानों, आंगनबाड़ी केंद्रों एवं विद्यालयों में आयोग का व्हाट्सएप नंबर अनिवार्य रूप से अंकित कराया जाए। बैठक में अपर समाहर्ता सह जिला शिकायत निवारण पदाधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, सिविल सर्जन, प्रभारी जिला शिक्षा अधीक्षक, विभिन्न प्रखंडों के बीडीओ एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव ने सदर ट्रामा सेंटर का निरीक्षण किया

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोडरमा।** उच्च न्यायालय रांची के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा के सचिव गौतम कुमार ने गुरुवार को सदर अस्पताल कोडरमा में अवस्थित ट्रामा सेन्टर का निरीक्षण किया। उल्लेखनीय है कि झारखंड उच्च न्यायालय रांची द्वारा डब्ल्यू पी (पी आई एल) संख्या 6679/2025 में पारित आदेश के निर्देश के अनुपालन में यह निरीक्षण किया गया। सिविल सर्जन ने बताया कि सदर अस्पताल कोडरमा में ट्रामा सेंटर के लिए अलग से कोई भवन उपलब्ध नहीं है, बल्कि अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड को ही ट्रामा सेंटर के रूप में उपयोग किया जा रहा है।



ट्रामा सेंटर के लिए भवन फिलहाल निर्माणाधीन है। प्राधिकार के सचिव ने सिविल सर्जन से मरीजों के उपचार हेतु आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता के संबंध में भी विस्तार से जानकारी ली। प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार ने बताया कि इस निरीक्षण का उद्देश्य सदर अस्पताल में उपलब्ध संसाधनों की समीक्षा करना तथा मरीजों को बेहतर स्वस्थ सुविधाएं मुहैया कराना है। अस्पताल में मनोचिकित्सक डॉ शिल्पी शर्मा, कार्डियोलोजिष्ट डॉ सुनील कुमार, डेंटल सर्जन डॉ नीलमणि कुमार, मेडिसिन ओपीडी डॉ सोनू कुमार, मेडिसिन इएनटी डॉ प्रेमनाथ सिंह, शिशु रोग ओपीडी डॉ भारती सिन्हा, महिला ओपीडी डॉ दिव्यांका कुमारी एवं डॉ अयोध्या कुमार, आर्थो ओपीडी डॉ आशीष चन्द्र, इमरजेंसी डॉ सुनील कुमार सहित अन्य चिकित्सक एवं चिकित्साकर्मी उपलब्ध है। मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव गौतम कुमार, सिविल सर्जन डॉ अनिल, डॉ मनोज न्यायालयकर्मी रणजीत सिंह, संतोष, चिकित्साकर्मी रुपेश, पीएलवी पांडेय शेखर प्रसाद, मोनिका कुमारी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# डॉ वसीम अकरम ने राज्यसभा सांसद को भेंट की अपनी पुस्तक, हुई सराहना

आजाद सिपाही संवाददाता

**बड़कागांव।** झारखंड के उभरते लेखक बड़कागांव प्रखंड निवासी और कांग्रेस नेता डॉ वसीम अकरम ने गुरुवार को नयी दिल्ली स्थित राज्यसभा सांसद, अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त शायर और कांग्रेस अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी से उनके निजी आवास पर शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर डॉ अकरम ने अपनी लिखित पुस्तक 'रांचीः संस्कृति, सुंदरता और समृद्धि की राजधानी' उन्हें भेंट की।

सांसद इमरान प्रतापगढ़ी ने पुस्तक का अवलोकन किया और डॉ. वसीम अकरम के लेखन की जमकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि पुस्तक में रांची के पर्यटन, गौरवशाली संस्कृति और ऐतिहासिक विरासत को बेहद सुंदर और प्रभावी ढंग से पिरोया गया है। उन्होंने डॉ अकरम को उनके साहित्यिक और सामाजिक प्रयासों के लिए उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

उल्लेखनीय है कि डॉ. वसीम अकरम वर्तमान में रांची जिला



राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी को अपनी पुस्तक भेंट करते डॉ वसीम अकरम।

कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष और यूथ इंटक झारखंड के प्रदेश उपाध्यक्ष और इंटरनेशनल ह्यूमन राइट्स कमीशन (पोलैंड) के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष के रूप में सक्रिय हैं। इससे पूर्व वे झारखंड अल्पसंख्यक कांग्रेस के दो बार प्रदेश सचिव और कोऑपरेटिव कांग्रेस झारखंड के प्रदेश महासचिव के रूप में भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं। मुलाकात के दौरान डॉ अकरम ने झारखंड के सामाजिक और राजनीतिक विषयों पर भी चर्चा की। उन्होंने बताया कि इस पुस्तक का उद्देश्य रांची की सुंदरता और यहां की समृद्ध सांस्कृतिक पहचान को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाना है।

## गरीबों के बीच कंबल वितरित किया



जयनगर (आजाद सिपाही)। प्रखंड के दुर्गा मंदिर के प्रांगण में समाजसेवी गीता देवी पति गोपीकृष्ण मोदी के द्वारा गरीब असहाय लोगों के बीच लगभग 200 कंबल एवं हरेक कंबल पर एक सौ रुपये नगद दिया गया। वहीं पूजा प्रबंध समिति के द्वारा गीता देवी एवं गोपीकृष्ण मोदी को फूल माला देकर सम्मानित किया। मौके पर जी सेवन के प्रोपराइटर राजेश कुमार ने बताया कि हमारे माता पिता के द्वारा पूर्व से ही सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते आ रहे हैं। इसी के निमित्त कंबल का वितरण किया गया। उन्होंने कहा कि सामाजिक कार्य करने से गरीबों असहाय एवं विकलांग लोगों की मदद करने से आत्मा को संतुष्टि मिलती है। आगे भी इस तरह का कार्य करते रहेंगे। मौके पर सेनि शिक्षक सुरेंद्र प्रसाद मोदी, सुनील सिंह, बिमलेश मोदी, राजेंद्र सिंह, प्रकाश स्वर्णकार, पप्पू कुमार, सरयु पंडित, पुष्पा देवी, बैजनाथ राणा, चुल्हन राम, सोमर साव, दिलीप सिंह, सुभाष राणा, संतोष राणा, बहादुर साव सहित सैकड़ों महिला पुरुष मौजूद थे।

## सतगावां पुलिस ने चलाया वाहन जांच अभियान



सतगावां (आजाद सिपाही)। थाना अंतर्गत नासरगंज मोड़ चेक पोस्ट के समीप गुरुवार को सड़क सुरक्षा नियमों के उल्लंघन और बढ़ती दुर्घटनाओं एवं बढ़ते शराब तस्करी मामले को लेकर पुलिस ने सघन वाहन जांच अभियान चलाया। इसमें नियमों की अनदेखी करने वाले आधा दर्जन दो पहिया वाहनों का ऑनलाइन चालान काटा गया। उल्लेखनीय है कि 2 दिन पूर्व सीमावर्ती क्षेत्र गोविंदपुर थाना में अवैध रूप से सतगावां के रास्ते परिवहन कर रहे भारी मात्रा में शराब को बिहार पुलिस ने जप्त किया था। शराब के अवैध तस्करी को रोकथाम के लिए पुलिस वाहन जांच चला रही है। पुलिस ने क्षेत्र के युवाओं और अभिभावकों से अपील की है कि सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें और अनिवार्य रूप से हेलमेट का प्रयोग करें। मौके पर थाना प्रभारी समेत पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

## कोडरमा: शिविर में 20 दिव्यांगजनों का किया गया कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण

कोडरमा (आजाद सिपाही) । अग्रवाल समाज व प्रेरणा शाखा के संयुक्त तत्ववधान में तीन दिवसीय कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर का आयोजन किया गया। अग्रसेन भवन में आयोजित शिविर स्वर्गीय ताराचंद जैन जी की पुण्य स्मृति में निशुल्क श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति के सहयोग से किया गया। शिविर में गुरुवार को पहले दिन कुल 20 दिव्यांगों में कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण किया गया। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में रांची से मारवाड़ी युवा मंच के प्रांतीय अध्यक्ष विशाल पाडिया, विशिष्ट अतिथि के रूप में मंडल वन उपाध्यक्ष आशीष अग्रवाल व प्रांतीय जनसंपर्क पदाधिकारी अमित शर्मा, मनोज अग्रवाल मौजूद थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि श्री पाडिया ने कहा कि जन्मजात दिव्यांगों से लेकर दुर्घटनाओं में अपना पैर खो चुके जरूरतमंद लोगों को पुनः सामान्य जीवन जीने की क्षमता प्रदान करना है। वहीं प्रेरणा शाखा की अध्यक्ष सारिका लड्ढा यह पहल न केवल दिव्यांग जनों को शारीरिक सहयोग देगी, बल्कि उसके जीवन में नए आत्मविश्वास का संचार करेंगी। कार्यक्रम का संचालन शीतल पोद्दार ने किया। मौके पर कैलाश चौधरी, संजीव खेतान, श्याम सुंदर सिंघानिया, दीपक सिंघानिया, राहुल चौधरी, चंद्रशेखर जोशी, मारवाड़ी युवा मंच के अध्यक्ष राहुल जैन, प्रेरणा शाखा की नेहा हिसारिया, शालू चौधरी, दीपा गुप्ता, शीतल पोद्दार, श्वेता गुटगुटिया, प्रीति गुड़गुटिया, सुनीता गुटगुटिया, ज्योति अग्रवाल, आर्ची जैन आदि मौजूद थे।

## एंटी क्राइम वाहन जांच अभियान चलाया गया



जयनगर (आजाद सिपाही)। प्रखंड अंतर्गत पंचायत कटिया मोड पिकेट के पास परसाबाद में जयनगर थाना प्रभारी उमानाथ सिंह की उपस्थिति में दो पहिया और चार पहिया वाहन की जांच की गयी। जांच के दौरान हेलमेट नहीं पहनने वालों को एवं जिनमें त्रुटियां पायी गयी, उनका चालान काटा गया। जांच के दौरान लोगों को सख्त निर्देश दिया गया कि दो पहिया वाहन चालक हेलमेट पहन कर चलें, दो व्यक्ति से अधिक ना चलें, चार पहिया वाहन को कहा गया कि हमेशा सीट बेल्ट का प्रयोग करें। क्षमता से अधिक लोगों को न बैठाएं। गाड़ी के सभी कागजात साथ में लेकर चलें, बिना इंश्योरेंस का किसी भी प्रकार का गाड़ी ना चलाएं आपकी सतर्कता ही आपके परिवार की जिम्मेदारी है। आपका दायित्व है कि यातायात नियमों का पालन करें। जांच के दौरान सभी गाड़ियों की डिक्की खोलकर एवं वाहन चालकों को गहनता से जांच किया। जांच के दौरान जयनगर थाना प्रभारी उमानाथ सिंह, परसाबाद पिकेट प्रभारी एएसआई प्रमोद सिंह, पुलिस बल के जवान उपस्थित थे।

# इचाक मोड़ पर सड़क दुर्घटनाओं को लेकर फ्लाइओवर निर्माण की मांग तेज

**बटेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा कि इचाक मोड़ हजारीबाग जिले का एक अत्यंत संवेदनशील और दुर्घटनाप्रवण क्षेत्र बन चुका है**

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** दो दिन पूर्व इचाक मोड़ में हुई दर्दनाक सड़क दुर्घटना को लेकर झारखंड स्वतंत्रता सेनानी विचार मंच के केंद्रीय अध्यक्ष सह बरकट्ठा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी बटेश्वर प्रसाद मेहता ने गहरी चिंता जताई है। उन्होंने इस संबंध में भारत सरकार के सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से बरियठ से सिंझुआ उच्च विद्यालय तक फ्लाईओवर निर्माण की मांग की है।



बटेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा कि इचाक मोड़ हजारीबाग जिले का एक अत्यंत संवेदनशील और दुर्घटनाप्रवण क्षेत्र बन चुका है। यहां आए दिन सड़क हादसे हो रहे हैं, जिनमें कई लोगों की जान जा चुकी है और अनेक लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। बीती रात भी इचाक मोड़ के समीप हुई सड़क दुर्घटना में छह लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि एक व्यक्ति की मौके पर ही मृत्यु हो गयी। इस घटना ने एक बार फिर क्षेत्र में यातायात सुरक्षा की पोल खोल दी है।

उन्होंने कहा कि इचाक मोड़ पर राष्ट्रीय राजमार्ग और स्थानीय सड़कों पर अत्यधिक दबाव है, जिससे अक्सर जाम और तेज रफ्तार वाहनों के कारण दुर्घटनाएं होती हैं। यदि बरियठ से सिंझुआ उच्च विद्यालय तक फ्लाईओवर का निर्माण कराया जाए, तो भारी वाहनों और स्थानीय यातायात को अलग किया जा सकता है, जिससे दुर्घटनाओं में कमी आयेगी।

बटेश्वर प्रसाद मेहता ने केंद्र और राज्य सरकार से इस गंभीर समस्या को प्राथमिकता के आधार पर लेते हुए अविलंब कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि आम जनता की सुरक्षा सर्वोपरि है और इसके लिए ठोस एवं स्थायी समाधान आवश्यक है।

## मो. गुलाम रसुल हुए सुपुद-ए-खाक, क्षेत्र में पसरा मातम

हजारीबाग (आजाद सिपाही)। सदर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम हुटपा निवासी समाजसेवी मो. गुलाम रसुल उर्फ (कल्लू) उम्र 75 वर्ष का देहांत बुधवार को दोपहर लगभग 1:30 बजे हुआ। जिनके जनाजे की नमाज गुरुवार को हुटपा कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक किया गया। इनके निधन से क्षेत्र में शोक का मातम पसरा हुआ है। इनेक निधन की सूचना मिलते ही कांग्रेस नेता मुन्ना सिंह, पूर्व उप प्रमुख बृजेश भूषण सिंह, मुखिया प्रतिनिधि राजेश सिंह एवं कई समाजसेवी व जनप्रतिनिधियों का तंता लगा रहा। मृतक मो गुलाम रसुल के तीन पुत्र है। मो अमजद, मो इम्तियाज और मो मुमताज है। मौके पर मो मुस्लिम, मो रसुल, मो अजीज, नयुम अंसारी, मो. परवेज आलम, मो असगर, मो. तस्लीम, सोनू भाई, मो समीर, अब्दुल रहीम, मो आरिफ, मो. अली समेत अन्य उपस्थित थे।

## प्रशिक्षु आइएएस ने इचाक में धान अधिप्राप्ति केंद्र एग्रो प्रोड्यूसर एफपीओ का निरीक्षण किया



हजारीबाग (आजाद सिपाही)। प्रशिक्षु आईएएस आनंद शर्मा द्वारा गुरुवार को धान अधिप्राप्ति केंद्र, हजारीबाग एग्रो प्रोड्यूसर एफपीओ, इचाक का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में प्रशिक्षु आईएएस ने केंद्र पर क्रय की गई धान की मात्रा का भौतिक सत्यापन किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने केंद्र परिसर में साफ-सफाई बनाए रखने, किसानों के लिए पेयजल की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा निर्धारित प्रोटोकॉल का पूर्ण रूप से पालन करते हुए कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि गरीब एवं वास्तविक किसानों को प्राथमिकता के आधार पर धान की अधिप्राप्ति की जाए तथा धान क्रय के उपरांत राशि का समयबद्ध भुगतान सुनिश्चित किया जाए। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी प्रकार के बिचौलिए को बढ़ावा नहीं दिया जाए और पूरी प्रक्रिया पारदर्शी एवं नियमसम्मत ढंग से संचालित हो।

## होमगार्ड के निधन पर श्रद्धांजलि सभा




बड़कागांव (आजाद सिपाही)। होमगार्ड पारस सिंह के निधन हो जाने पर उनके निवास जमीरा में श्रद्धांजलि समारोह का आयोजित। होमगार्ड पारस सिंह का निधन 5 दिसंबर को इलाज के दौरान हो गई थी। उनके निधन के 12 दिन बाद ब्रह्म भोज का आयोजन किया गया, जहां पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता उनका पुत्र उदय सिंह ने किया।इस समारोह में विधायक रोशन लाल चौधरी शामिल होकर उनके तस्वीर के समक्ष श्रद्धांजलि अर्पित किया। पारस सिंह के श्रद्धांजलि समारोह में इंस्पेक्टर ललित कुमार, बड़कागांव थाना प्रभारी कृष्ण कुमार गुप्ता, संजय सागर , सदानंद शर्मा, पिंटू कुशवाहा, आनंद राज दिलीप महतो आदि शामिल हुए।

# पशुपालन विभाग के कर्मियों ने मानदेय बढ़ाने की मांग की

आजाद सिपाही संवाददाता

**सतगावां।** प्रखंड पशुपालन विभाग सह एसएचओ ने एक महत्वपूर्ण बैठक गुरुवार को की। बैठक में उपस्थित एआई कार्यकर्ताओं ने अपने वरीय पदाधिकारी से मानदेय में बढ़ोतरी को लेकर प्रति माह 1500 के जगह पर प्रति माह 24000 रुपया देने की मांग की है।

मांगों को प्रस्ताव के जरिए पशुपालन विभाग रांची, जे एस आई ए होटवार रांची, मुख्यमंत्री झारखंड सरकार रांची से की है, और कहा है कि आज कल पशु सखी को प्रतिमाह 3000 रू दिया जा रहा है सहिया दीदी को 5000 प्रति माह देने का आदेश है। लेकिन पशुपालन विभाग के



कृत्रिम गभार्धान कार्यकर्ता को 1500 प्रति माह दिया जा रहा है जबकि कृत्रिम गर्भाधान कर्मचारियों को पशुपालन विभाग के द्वारा किसानों के आय में वृद्धि के लिए पशुओं को टीकाकरण, कृत्रिम गभार्धान, टैग लगाना और पशुपालकों के नाम से मवेशियों को पशुधन ऐप में रजिस्ट्रेशन करना, बीमार पशु को प्राथमिक उपचार करना, किसानों को पशु के देखरेख आदि महत्वपूर्ण जानकारी देना शामिल है। ग्राम सभा संबंधित सभी कार्यों को करते हैं, इन्हें 1500 रुपया प्रति माह पिछले 15 सालो से दिया जा रहा है।

1500 के जगह पर 24 हजार रुपया प्रतिमाह देने की मांग की है। वहीं कृत्रिम गभार्धान कार्यकर्ताओं ने 6 ए आई गन, 5 तीन लीटर कंटेनर खराब रहने के कारण कृत्रिम गभार्धान करने में परेशानी व 35 लीटर के कंटेनर की मांग की गयी। प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी सह एसएचओ डॉ अरविंद कुमार ने भारत पशुधन ऐप में जो मवेशी का रजिस्ट्रेशन नहीं किया गया है। उसे टैग लगाकर रजिस्ट्रेशन करने का आदेश दिया।

उन्होंने यह भी कहा कि आने वाले कुछ दिनों में एफएमडी की वैक्सीन होनी है इसलिए एक भी जानवर छूटना नहीं चाहिए। सभी जानवर को वैक्सीन अवश्य लगाएं। बैठक में कर्मचारी नीतीश कुमार, कृत्रिम गभार्धान कार्यकर्ता मदन सिंह, अजय कुमार मिश्रा, एस डी प्रसाद, रमेश कुमार चौधरी, उपेंद्र मिस्त्री, संजय पासवान उपस्थित थे।

## केरेडारी में एसआइआर को लेकर समीक्षा बैठक



केरेडारी(आजाद सिपाही)। प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभागार में केरेडारी प्रखंड के 88 बीएलओ व सुपरवाइजर की एक बैठक एस आई आर की प्रगति कार्य की समीक्षा को लेकर आयोजित की गयी, जिसकी अध्यक्षता केरेडारी अंचलधिकारी रामरतन बरनवाल ने किया। इस बैठक में प्रखंड में चल रहे विशेष मतदाता पुनरिक्षण कार्य एस आई आर की प्रगति को लेकर समीक्षा किया गया। इस बैठक में सीओ रामरतन बरनवाल ने सभी बीएलओ को निर्धारित समय में पुनरिक्षण कार्य को सम्पन्न कर के रिपोर्ट सौंपने को कहा और मोबाइल से री वेरिफिकेशन सावधानी पूर्वक करने को कहा है ताकि कोई त्रुटि नहीं रह जाये। वहीं बैठक में मौजूद सभी बिएलओ ने अभी तक के कार्य का मौजूदा रिपोर्ट भी प्रस्तुत किया है। मौके पर सीओ रामरतन बरनवाल, सुपरवैजर शिवचरण साहू, राजेंद्र प्रसाद साव, उमेश कुमार भारती, मंजीत कर्मली, तैयब हुसैन, दीपक दास, चंद्रदेव कुमार और बीएलओ में अंजू देवी, सुमन कुमारी राणा, किरण देवी, सरिता देवी, यशोदा देवी, मालती देवी सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।

# सेक्रेड हार्ट स्कूल में राष्ट्रीय गणित दिवस हर्षोल्लास के साथ मना

**विद्यालय के प्राचार्य प्रमोद शर्मा ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां गणित के प्रति भय को दूर करती है**

आजाद सिपाही संवाददाता,

**कोडरमा।** सेक्रेड हार्ट स्कूल में गुरुवार को राष्ट्रीय गणित दिवस शैक्षणिक उमंग के साथ मनाया गया। महान भारतीय गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती के उपलक्ष्य में इसे आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों में तार्किक सोच, गणनात्मक कौशल और गणित के प्रति रुचि विकसित करना था।




इस दौरान प्राथमिक कक्षाओं के विद्यार्थियों के लिए गणित प्रश्नोत्तरी, मापन गतिविधि, घड़ी निर्माण, समय पहचान तथा पैटर्न मेकिंग जैसी विभिन्न शैक्षणिक गतिविधियों का आयोजन हुआ। सभी गतिविधियों में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा और रचनात्मकता का परिचय दिया। कक्षा चार की गणित प्रश्नोत्तरी में पानी हाउस ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विजेता छात्र-छात्राओं में सौरव श्रीवास्तव, संजना, पुरुषोत्तम कुमार, आदित्य यादव शामिल रहे। उप विजेता में आकाश, सौरव कुमार, सुशांत कुमार, आकांक्षा मोदी, प्रिंस कुमार रहे। कक्षा तीन की गणित प्रश्नोत्तरी में धरती हाउस के सम्राट, यशवर्धन, आरव विजेता रहे। जबकि पानी हाउस के हर्षित, समर प्रताप, राघव राज उप विजेता बने। मापन गतिविधि में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों में से महक, सप्तांशु, अजिशा, अद्रिशा, आरुषी, जिज्ञांशु, दिव्यांशी, अनन्या, करण शामिल रहे। घड़ी और समय गतिविधि में निशात, तैफुर, जेसिका, बीरू, पवन, युवराज, हर्षित, ऋषि और सुफियान रजा को सर्वश्रेष्ठ घोषित किया गया। पैटर्न मेकिंग गतिविधि में सौम्या, सिमरन, दैविक, दिव्यांक, श्रेयांश, आकांक्षा, सुशांत, सुप्रिया, आयशा, शिवांश को सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्राचार्य प्रमोद शर्मा ने विद्यार्थियों और शिक्षकों को शुभकामनायें देते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां गणित के प्रति भय को दूर करती है। विद्यार्थियों में तार्किक चिंतन, रचनात्मकता तथा समस्या समाधान की क्षमता विकसित करती हैं। उन्होंने श्रीनिवास रामानुजन के योगदान को स्मरण करते हुए विद्यार्थियों को गणित को जीवन से जोड़कर सीखने की प्रेरणा दी। इसे सफल बनाने में उपप्राचार्य प्रवीण कुमार, कोऑर्डिनेटर अलका सिंह, शिक्षिका कामिनी सहाय, स्वीटी सिन्हा, सुपर्णा डे का योगदान रहा।

## मॉडर्न पब्लिक स्कूल में काउंसलिंग सेशन आयोजित



कोडरमा (आजाद सिपाही)। झुमरी तिलैया स्तिथ मॉडर्न पब्लिक स्कूल में कक्षा दसवीं एवं बारहवीं के छात्रों के लिए '10वीं और 12वीं के बाद क्या करें' और 'एनडीए, सीडीएस और एसएसबी' विषय पर एक काउंसलिंग सेशन आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता के तौर पर विद्यालय के प्राचार्य गुरु चरण वर्मा शामिल हुए और छात्रों को जानकारी प्रदान की। सेशन में विद्यार्थियों को 10वीं और 12वीं के बाद के विभिन्न विकल्पों के बारे में जानकारी दी गयी, जिसमें विभिन्न कोर्सेज, कॉलेज और करियर के अवसर शामिल थे। इसके अलावा विद्यालय के शिक्षक अमित कुमार के द्वारा छात्रों को एनडीए, सीडीएस और एसएसबी के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गयी, जिसमें इन परीक्षाओं की तैयारी और चयन प्रक्रिया शामिल थी। सेशन में विद्यार्थियों ने अपने सवाल पूछे और प्रिंसिपल ने उनका जवाब दिया। विद्यार्थियों ने इस सेशन का बहुत आनंद लिया और इसे बहुत उपयोगी पाया। वहीं विद्यालय की निदेशिका संगीता शर्मा ने बताया की इस सेशन का उद्देश्य विद्यार्थियों को अपने भविष्य के बारे में सही निर्णय लेने में मदद करना था। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों ने इस सेशन से बहुत कुछ सीखा और वे अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित हुए।

## विधायक ने सरगडीह में गार्डवाल और पुलिया का किया शिलान्यास



**गोला (आजाद सिपाही)।** गोला प्रखंड क्षेत्र के सरगडीह में गुरुवार को डीएमएफटी मद से बनने वाले गार्डवाल, पथ और पुलिया निर्माण का शिलान्यास किया। इसका विधिवत शिलान्यास विधायक ममता देवी, सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल ने संयुक्त रूप से सिल्लापट्ट से पर्दा उठा कर किया। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि विकास की योजनाओं को गति देना मेरी प्राथमिकता है। सरकार के दवारा आज कई योजनाएं चला रही है। इन सभी योजनाओं को धरातल में उतारने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि वर्षो से ग्रामीणों की मांग थी कि समसान घाट आने जाने में काफी समस्या होती है। इसको देखते हुए डी एम एफ टी जिला परिषद मद से लगभग 85 लाख कि लागत से गार्डवाल, पथ एवं पुलिया बनाया जायेगा। गांव पहुंचने पर विधायक का स्वागत फूल माला पहनकर स्वागत किया गया। मौके पर जिप सदस्य रेखा सोरेन, सांसद प्रतिनिधि मनसू बेदिया, प्रीतम झा, प्रतिनिधि अमित महतो, मुखिया प्रभाष प्रकाश सिंह, मनोज कोटवार, फागू महतो, प्रदीप थानदार, मतीराम महतो, ब्रजेश कुमार, संवेदक रमेश महतो, आलम अंसारी, रंजीत महतो, दामोदर महतो, चुना सिंह, अशोक सिंह, कैलाश महतो, उप मुखिया दशरथ महतो आदि मौजूद थे।

## हत्या कांड का नामजद आरोपी गिरफ्तार

**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** पतरातू-भुरकुंडा थाना क्षेत्र से जुड़े हत्या के एक पुराने मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पतरातु भुरकुंडा थाना कांड संख्या 26/24, दिनांक 9 फरवरी 2024, धारा 302/323/34 भादवि के प्राथमिकी अभियुक्त सुभाष कुमार सिंह उर्फ सोनू सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार अभियुक्त सुभाष कुमार सिंह उर्फ सोनू सिंह, निवासी चपरासी क्वार्टर पटेलनगर, थाना पतरातू-भुरकुंडा, जिला रामगढ़ बताया गया है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए गुरुवार को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया। पुलिस के अनुसार आरोपी पर गंभीर आपराधिक आरोप हैं और वह घटना के बाद से फरार चल रहा था। गिरफ्तारी के बाद मामले में आगे की कार्रवाई जारी है। पुलिस का कहना है कि शेष बिंदुओं पर भी अनुसंधान किया जा रहा है।

## प्राइवेट हॉस्पिटल को दी गयी आभा कार्ड से लाभ की जानकारी



**चतरा (आजाद सिपाही)।** भारत सरकार की आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन एबीडीएम के तहत आभा कार्ड निर्माण को प्रभावी ढंग से लागू करने के उद्देश्य से आज गुरुवार को सिविल सर्जन कार्यालय चतरा के सभागार में एकदिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सिविल सर्जन डॉक्टर जगदीश प्रसाद ने की। इस अवसर पर जिले के सभी गैर सरकारी निजी स्वास्थ्य संस्थान मेडिकल के प्रबंधक एवं कर्मियों को आभा कार्ड निर्माण की संपूर्ण प्रक्रिया की जानकारी दी गयी। स्वास्थ्य विभाग के तत्वाधान में आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में आभा कार्ड बनाने की प्रक्रिया आवश्यक दस्तावेज, संबंधित पोर्टल एवं मोबाइल ऐप के उपयोग तकनीकी सावधानियां तथा लाभुकों के स्वास्थ्य की डाटा की गोपनीयता से संबंधित अहम जानकारियां साझा की गयी। रांची से आए प्रशिक्षक अफजल हुसैन , प्रियंका सांगा, एवं इभा खाखा द्वारा बताया गया कि अआभा कार्ड के माध्यम से नागरिकों का डिजिटल हेल्थ रिकॉर्ड सुरक्षित रहेगा। इससे इलाज के दौरान मरीजों की जानकारी आसानी से उपलब्ध होगी और स्वास्थ्य सेवाएं अधिक पारदर्शी एवं समयबद्ध बनेगी। प्रशिक्षण के पश्चात सिविल सर्जन डॉ जगदीश प्रसाद ने सभी प्रतिभागियों को अपने-अपने कार्य क्षेत्र में अधिक से अधिक लोगों का आभा कार्ड बनाकर उन्हें स्वस्थ राष्ट्रीय डिजिटल मिशन से जोड़ने का निर्देश दिया। कार्यक्रम में जिले के सभी निजी स्वास्थ्य संस्थानों के प्रतिनिधि एवं स्वास्थ्य विभाग के कर्मी उपस्थित थे।

## खुटेहरा में घर से नगद और गहनों की चोरी



**हंटरगंज / चतरा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के उरैली पंचायत अंतर्गत खुटेहरा गांव में बुधवार की रात अज्ञात चोरों द्वारा एक सुनसान घर में चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। इस संबंध में पीड़ित देवेंद्र साहू ने थाना में आवेदन देकर अज्ञात चोरों के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग किया है। दिये गये आवेदन में पीड़ित ने बताया कि रोजी-रोटी के लिए पूरा परिवार चतरा अव्वल मुहल्ला में रहते हैं। घर पर यहां कोई नहीं रहता है। जिसके कारण रात में अज्ञात लोगों द्वारा घर का दरवाजा में लगे ताला को तोड़कर सोने चांदी का जेवरात, फूल एवं पीतल का बर्तन तथा 10 हजार 500 रुपए नगद तथा जमीन के कागजात की चोरी किया गया। इस तरह चोरी की घटना में लगभग एक लाख की संपत्ति को नुकसान होने की बात बताया गया। घटना की जानकारी मिलते ही एसआई रूपेश कुमार घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की छानबीन कर साक्ष्य को खंगाल रही है तथा संबंधित ठिकानों पर विशेष छापामारी अभियान चलाया जा रहा है।

### जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन

# अवैध खनन और परिवहन पर पूरी तरह से कसें नकेल : डीसी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक गुरुवार को डीसी फैज अक अहमद मुमताज की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित की गयी। बैठक में जिला खनन पदाधिकारी निशांत अभिषेक के द्वारा अवैध खनन के विरुद्ध किये जा रहे कार्यों की उपायुक्त सहित अन्य को पीपीटी के माध्यम से विस्तार पूर्वक जानकारी दी गयी।



**प्रभावी तरीके से अवैध खनन के विरुद्ध कार्रवाई करने का निर्देश :** बैठक में उपायुक्त ने विगत कुछ समय में अवैध खनन पर रोक लगाने हेतु किये गये कार्यों की जानकारी ली। साथ ही और भी प्रभावी तरीके से अवैध खनन के विरुद्ध कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उपायुक्त के द्वारा खनन टास्क फोर्स की पूर्व की बैठक में दिये गये निर्देश के आलोक में किये गये कार्यों की जानकारी ली गयी। इस दौरान उपायुक्त के द्वारा अवैध मुहानों को बंद करने के तहत किए गए कार्यों की जानकारी लेने के क्रम में उपायुक्त ने कहा कि कहीं से भी अवैध मुहानों से खनन होने संबंधित सूचना प्राप्त होने पर त्वरित रूप से कार्रवाई करते हुए उसे अच्छी तरह बंद कराने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। अवैध खनन पर पूरी तरह से रोक सुनिश्चित करने एवं अवैध मुहानों की अच्छी तरह से डोजरिंग करने को लेकर उपायुक्त ने सभी संबंधित परियोजनाओं के महाप्रबंधकों एवं एरिया सिक्योरिटी ऑफीसर्स को कार्यों पर विशेष ध्यान देने एवं अवैध मुहानों से किसी भी तरह का कोई भी खनन कार्य न होने देना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

**अवैध बालू परिवहन पर पूरी तरह से रोक लगाने का निर्देश :** बैठक में उपायुक्त ने सभी अंचलाधिकारी एवं सभी थाना प्रभारी को अवैध बालू परिवहन पर पूरी तरह से रोक लगाने हेतु कई दिशा निर्देश दिये। बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी नीतीश कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी रामगढ़, जिला स्तरीय पदाधिकारी, प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों, विभिन्न परियोजनाओं के महाप्रबंधकों, अंचल अधिकारियों, थाना प्रभारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

## विद्यानगर वार्ड नंबर 5 के लोगों ने विद्युत विभाग के एसडीओ को समस्याओं के निदान के लिए सौंपा ज्ञापन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** रामगढ़ छावनी परिषद क्षेत्र का वार्ड नंबर 5 के विद्यानगर में पिछले कई दिनों से बिजली आपूर्ति बाधित है। इसे लेकर गुरुवार को विद्यानगर विकास समिति के सदस्यों का एक प्रतिनिधि मंडल रामगढ़ विद्युत कार्यालय पहुंचा और एसडीओ दीपक कुमार से मुलाकात कर एक ज्ञापन सौंपा। साथ ही विस्तार से समस्याओं से अवगत कराया। समिति के वरीय सदस्य संतोष कुमार एवं ओपी शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस क्षेत्र में बिजली आपूर्ति के लिए जो ट्रांसफार्मर लगाया गया है वह प्रायः ही खराब हो जाता है, जिससे विद्युत आपूर्ति बाधित हो जाती है। ट्रांसफार्मर काफी पुराना, जर्जर और कम शक्ति का है। प्रतिवेदन में इस ट्रांसफार्मर को बदलकर सक्षम शक्ति का ट्रांसफार्मर लगाने का आग्रह किया गया है। वही, एसडीओ दीपक कुमार ने समस्याओं से अवगत हुए और आवश्यक पहल करते हुए संबंधित निरीक्षकों और कर्मचारियों को ट्रांसफार्मर बदलने का निर्देश दिया। इस कार्य के लिए समिति ने एसडीओ को धन्यवाद दिया। प्रतिनिधिमंडल में संतोष कुमार, ओपी शर्मा, प्रयाग प्रसाद, सरजू प्रसाद, सुरेश प्रसाद, निखिल गुप्ता, अशरफी प्रसाद, बिपिन कुमार, राजेश कुमार गुप्ता, रामकुमार साहू, विभास घोष, बाल मुकुंद पाठक, नवीन शर्मा, गगन पाठक, प्रकाश शर्मा, इन्दु देवी, पीके राय, पीके चक्रवर्ती, नेहा सिन्हा, रंजना सिन्हा, मंजू देवी शामिल थे।



## दो रैयतों को मिला सीसीएल में नियुक्ति पत्र

**टंडवा (आजाद सिपाही)।** चंद्रगुप्त परियोजना क्षेत्र के दो रैयतों को सीसीएल में नियुक्ति पत्र वितरण का कार्यक्रम आयोजन की गई। परियोजना क्षेत्र से रैयतों को सीसीएल में नौकरी की नियुक्ति देने की प्रक्रिया की गुरुवार क शुरूआत की गई।इस अवसर पर जीएम अमरेश कुमार सिंह ने दो रैयतों को नियुक्ति पत्र वितरण किया। इसमें टेकनारायण महतो, पिता गुजा महतो,ग्राम नवाखाप और सानिया आजमी, पिता अब्दुल्लाह, ग्राम चट्टीबरियातू का नाम शामिल हैं। जीएम अमरेश कुमार सिंह ने ग्रामीणों को बधाई देते हुए कहा कि अब चंद्रगुप्त परियोजना में नौकरी की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। उन्होंने सभी रैयतों से अपील की कि वे शीघ्र अपने भूमि से संबंधित आवश्यक कागजात जमा करें, ताकि नियुक्ति की प्रक्रिया को और तेज किया जा सके।

## धान अधिप्राप्ति के लिए जागरूकता वाहन को उपायुक्त ने किया रवाना



**चतरा (आजाद सिपाही)।** धान अधिप्राप्ति प्रक्रिया को लेकर किसानों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आज सिविल सर्जन कार्यालय, चतरा परिसर से जिला आपूर्ति विभाग द्वारा तैयार किये गये प्रचार-प्रसार वाहन को उपायुक्त कीर्तिश्री ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि जिले के अधिक से अधिक किसानों को सरकारी निर्धारित व्यवस्था के तहत धान अधिप्राप्ति का लाभ मिल सके, इसके लिए प्रचार-प्रसार अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में चतरा जिले में चिन्हित 28 धान अधिप्राप्ति केंद्र एवं 05 एफपीओ, अर्थात कुल 33 केंद्रों के माध्यम से धान अधिप्राप्ति की कार्रवाई संचालित की जा रही है। प्रचार वाहन जिले के विभिन्न ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में भ्रमण कर किसानों को धान अधिप्राप्ति प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेजों एवं पंजीकरण की जानकारी देगा। किसानों को विशेष रूप से यह संदेश दिया जाएगा कि जिन किसानों का अब तक पंजीकरण नहीं हो पाया है, वे ई-उपार्जन पोर्टल पर शीघ्र अपना निबंधन सुनिश्चित करें, ताकि उन्हें धान बिक्री में किसी प्रकार की कठिनाई न हो। कार्यक्रम के दौरान उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा, सिविल सर्जन चतरा डॉ जगदीश प्रसाद, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सन्नी राज, जिला आपूर्ति पदाधिकारी नीतू सिंह, सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## वन भूमि, जीएम और जेजेए भूमि का अनापत्ति प्रमाण पत्र को लेकर ग्राम सभा का बहिष्कार

**टंडवा (आजाद सिपाही)।** संघमित्रा कोल परियोजना अन्तर्गत वन भूमि, जीएम व जेजेए भूमि का अनापत्ति प्रमाण पत्र को लेकर अंचल कार्यालय निर्देश पर गुरुवार को सराढू पंचायत भवन में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता मुखिया सीता देवी ने की,बैठक में अंचल कार्यालय, सीसीएल व आउटसोर्सिंग कंपनी अधिकारी समेत ग्रामीणों ने हिस्सा लिया। ग्रामसभा का ग्रामीणों ने भारी विरोध करने,अधिकारियों को कोशिश नाकाम रहा और ग्राम सभा का बहिष्कार कर दिया गया। ग्रामीणों ने ग्यारह सुत्री मांगों का प्रस्ताव ग्राम सभा कराने आए कर्मियों के समक्ष रखा, जिसमे सराढू गांव में तीन परियोजना के लिए जमीन अधिग्रहित किया गया है। सराढू को एक परियोजना में किया जाये, गैर मजरूवा भूमि का रैयती के समक्ष मुआवजा, एक एकड़ भूमि में नौकरी दिया जाए, सराढू पंचायत के सभी भूमि का सत्यापन एक बार कराया जाये। ग्रामीणों ने एक स्वर में कहा कि जबतक सभी बिंदुओं पर समाधान नही हो जाता ग्राम सभा का बहिष्कार जारी रहेगा।


**शपथ पत्र**

शपथ पत्र संख्या - 5853, दिनांक : - 11.12.2025 के अनुसार मैं, सुमन खलखो, पति सुभाष कुमार, पिता भोला भगत खलखो निवासी ग्राम- झखराटांड़ मुंडा टोली, पोस्ट - रातु, थाना - रातु, जिला -राँची, झारखण्ड -835222, एतद्द्वारा सत्यनिष्ठा से शपथपूर्वक निम्नलिखित घोषणा करती हूँ:- यह कि मैं एक भारतीय नागरिक हूँ और उपरोक्त पते पर रह रही हूँ। 1. यह कि वर्ष 2007 में झारखंड एकेडमिक काउंसिल (JAC), राँची से प्राप्त मैट्रिक प्रमाणपत्र (रोल कोड 1107, रोल नंबर 0302) और अन्य सभी प्रमाणपत्रें में मेरा नाम सुमन खलखो (Suman Xalxo) पिता भोला भगत खलखो के रूप में दर्ज है। 2. यह कि आधार कार्ड (संख्या 4509 9117 0023) और अन्य सभी शैक्षणिक प्रमाणपत्रो में मेरा नाम सुमन खलखो (Suman Khalkho) पिता भोला भगत खलखो के रूप में दर्ज है।
3. यह कि सुमन खलखो (Suman Khalkho) पिता भोला भगत खलखो (Bhola Bhagat KhalKho)
और सुमन खलखो (Suman Xalxo) पिता भोला भगत खलखो (Bhola Bhagat Xalxo ये दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं, जो कि मेरा स्वयं का नाम है।
4. यह कि यह शपथ पत्र दोनों नामों के प्रमाण (Name Proof) के उद्देश्य से बनाया गया है।


## 24 घंटे बिजली उपलब्ध कराने की मांग, सौंपा आवेदन



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़।** बीआरएल रांची रोड बिजली विभाग के कनीय विधुत अभियंता को 24 घंटे बिजली उपलब्ध कराने एवं डिजिटल मीटर में अधिक बिजली बिल आने को लेकर समाजसेवी रवि कुमार गुरुवार को एक ज्ञापन सौंपा है। सौंपे गए पत्र में उपभोक्ताओं को बिजली समय पर उपलब्ध नहीं होने से लोगों को कई तरह के परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सेमेस्टर और मेट्रिक-इंटर के छात्रों का पढ़ाई करना मुश्किल हो रहा है। लोगों के अनिद्रा जैसी बीमारियों का शिकार होना पड़ रहा हैं। दुकानो में लगे इलेक्ट्रिक उपकरण शोपीस बने हुए हैं। मोबाइल तक चार्ज करने के लिए दूर जाना पड़ता है। बिजली के अभाव में पानी का संकट गहरा गया है। साथ ही डिजिटल मीटर में अधिक बिजली बिल आ रहा है, जिससे आम जनता की कमाई बिल भरने में ही जा रहा है। मौके पर रवि कुमार ने कहा कि अधिक बिल आने की समस्या अब गंभीर रूप लेती जा रही है। जिस कारण लोगों की समस्या को देखते हुए मांग पत्र सौपा गया है। विभागीय अधिकारी घर घर जाकर डिजिटल मीटर चेक कर मीटर सुधार करे। आवेदन सौपने में शिवदयाल साहू, शेखर कुमार, संतोष शर्मा, मदन गोपाल राम, विनोद विश्वकर्मा, राजू कुमार शामिल थे।

## सिमरिया विधायक किया लावालौंग प्रखंड का दौरा, अधिकारियों को दिये सख्त निर्देश

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**लावालौंग/ चतरा।** सिमरिया विधायक कुमार उज्ज्वल दास ने गुरुवार को लावालौंग प्रखंड क्षेत्र का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने रिमी पंचायत के मजडीहा गांव में बिजली आपूर्ति योजना का विधिवत उद्घाटन किया तथा लावालौंग से रिमी (पांकी मार्ग) तक प्रस्तावित सड़क निर्माण कार्य का स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में विधायक के साथ बिजली विभाग के एसडीओ, पथ निर्माण विभाग, वन प्रमंडल, वन्यप्राणी अभ्यारण्य तथा प्रखंड विकास पदाधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे । विधायक ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि लावालौंगझपांकी सड़क निर्माण कार्य को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र प्रारंभ किया जाये, ताकि क्षेत्रवासियों को आवागमन में हो रही समस्याओं से राहत मिल सके। उन्होंने बिजली विभाग के एसडीओ को निर्देशित किया कि लावालौंग प्रखंड के शेष बचे गांवों में भी जल्द से जल्द बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाये और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। इसके उपरांत विधायक श्री दास ने लावालौंग स्थित राम मंदिर, बांदु के शिव मंदिर एवं शिवराजपुर के बजरंग बली मंदिर में हाई मास्ट लाइट का उद्घाटन किया। कार्यक्रम के दौरान विधायक प्रतिनिधि विजय दांगी, भाजपा मंडल अध्यक्ष खगेश्वर साहू, मंडल प्रतिनिधि गोविंद ठाकुर, भाजयुमो अध्यक्ष विवेक केशरी, मंडल महामंत्री बिहारी भारती, चूरामन साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष भोला प्रसाद सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता एवं सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।


**शपथ-पत्र**

मैं, **बलदेव चीक बड़ाईक** पिता **स्वर्गीय सुखनाथ चीक बड़ाईक** निवास स्थान ग्राम-गुद गुद, पोस्ट-महुगाव, थाना-लापुंग, जिला - राँची, राज्य-झारखण्ड, पीन कोड- 835234 एतद शपथपूर्वक निम्नांकित व्यान देता हूँ जो कि मेरी जानकारी में बिल्कुल सही एवं सत्य है। 1. यह कि मैं भारतीय नागरिक हूँ तथा उपरोक्त वर्णित पते का स्थायी निवासी हूँ। 2. यह कि मेरा आधार नम्बर 5106 8384 9360 हे जिसमें मेरा नाम बलदेव बड़ाईक अंकित है जो कि गलत हे जबकि मेरा सही नाम **बलदेव चीक बड़ाईक** है । 3. यह कि मेरे उपरोक्त वर्णित आधार कार्ड में मेरे पिताजी का भी नाम सुखनाथ बड़ाईक अंकित है जो कि गलत है जबकि मेरे पिताजी का सही नाम **सुखनाथ चीक बड़ाईक** है । 4.यह कि मेरे सभी शैक्षणिक प्रमाण पत्र में मेरा नाम **बलदेव चीक बड़ाईक** अंकित है जो कि बिल्कुल सही एवं सत्य है । 5. यह कि मैं इस शपथ पत्र को अपने उपरोक्त वर्णित आधार कार्ड में अपना दर्ज गलत नाम के स्थान पर सही नाम **बलदेव चीक ड़ाईक** सुधार करवाने तथा अपने पिताजी जो कि वर्तमान समय में स्वर्गवास कर गये हैं उनके नाम सुखनाथ बड़ाईक के स्थान पर **स्वर्गीय सुखनाथ चीक बड़ाईक** सुधार करवाने हेतु सम्पन्न कर रहा हूँ । 6. यह कि उपरोक्त वर्णित सारी बातें मेरी जानकारी में सही एवं सत्य है त्रुटि हेतु मैं स्वयं व्यक्तिगत रूप से जिम्मेवार हो उँगा ।


Sl. No-56, Date- 18.12.2025


# भाजपा रामगढ़ जिलाध्यक्ष के चयन के लिए रायशुमारी, घोषणा जल्द

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रामगढ़/ कुजू।** जिला भाजपा का अगला जिला अध्यक्ष कौन होगा। इसका फैसला अब कुछ दिनों के भीतर हो जायेगा। इसे लेकर गुरुवार को रामगढ़ भाजपा कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी की ओर से जिला अध्यक्ष पद के लिए रायशुमारी की प्रक्रिया पुरी की गयी। यह रायशुमारी लगभग 5 घंटे तक चली। जिसमें पार्टी के विभिन्न स्तर के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। प्रदेश संगठन चुनाव पर्यवेक्षक उषा पांडे, चुनाव पदाधिकारी सरोज सिंह, सुनील साहू की देखरेख में पूरी प्रक्रिया संपन्न हुई।

**दावेदारों के नाम लिफाफे में बंद, प्रदेश नेतृत्व को सौंपा जायेगा बंद लिफाफा :** प्रदेश संगठन के निर्देशानुसार इस रायशुमारी में जिला अध्यक्ष पद के दावेदारों के नाम लिखकर लिफाफे में बंद कर दिया गया है। जिसे प्रदेश नेतृत्व को सौंप दिया जायेगा। इसके बाद भाजपा रामगढ़ जिलाध्यक्ष की घोषणा कर दी जायेगी।



### भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता पार्टी के प्रति निष्ठावान और समर्पित : प्रवीण

मौके पर जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता पार्टी के प्रति निष्ठावान और समर्पित है। रायशुमारी में सभी कार्यकर्ता बहुत ही उत्साह के साथ शामिल हुए। उन्होंने यह भी बताया की पार्टी द्वारा जिलाध्यक्ष पद के लिए अधिकतम 60 वर्ष की आयु सीमा तय की गयी है। जिसके कारण कई वरिष्ठ नेता दावेदारी नहीं कर सके। जिला मीडिया प्रभारी राजीव पामदत्त ने बताया कि रायशुमारी में दर्जनों नामों के लेकर चर्चा हुई।

### जिलाध्यक्ष के दावेदार

जिलाध्यक्ष के दावेदार में पूर्व जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता, रणंजय कुमार उर्फ.कूंटू बाबु , डॉ संजय कुमार सिंह, डॉ संजय प्रसाद सिंह, रंजन फौजी, राजेन्द्र कुशवाहा, बलराम महतो, दिनेश प्रसाद, महेन्द्र प्रजापति राजू चतुवेर्दी, विजय जायसवाल, दिलीप सिंह संजीव कुमार बबला, संतोष शर्मा, प्रो खिरोधर साहू, उमेश प्रसाद,रंजीत पाडेय, सन्नी कुशवाहा, विजय ओझा, युगेश महतो, राजेश ठाकुर सहित कई नाम शामिल हैं।

**बैठक में थे शामिल :** रायशुमारी में नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष, मडल प्रतिनिधि, निवर्तमान मंडल अध्यक्ष, जिला के पदाधिकारी, जिला मोर्चा अध्यक्ष, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, प्रदेश के पदाधिकारी, प्रदेश मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष, महामंत्री के अलावा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अमरेंद्र कुमार गुप्ता, वरिष्ठ नेता रंजीत कुमार सिन्हा, चंद्रशेखर चौधरी, सहदेव ठाकुर, जिला पदाधिकारी स्नेहलता चौधरी, किरण देवी, लक्ष्मी देवी, सरदार अनमोल सिंह, संजय प्रभाकर, अशोक कुमार सोनी, जिला मीडिया प्रभारी राजीव पामदत्त, प्रवीण कुमार सोनू, विनोद प्रसाद, भीम सेन चौहान, धीरज कुमार साहू, कुश श्रीवास्तव, शीतल सिंह, रिंकू प्रसाद, संजय कुमार रजक, शंकर करमाली, वारिश खान, सुशांत पांडेय, जगेश्वर प्रजापति, मनोज गिरी, संजय साह, रूपा देवी, नूतन महतो, निरंजन कुमार, गोविन्द रजवार, राजेश प्रसाद सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

मंडल रेल प्रबंधक (इंजी०)/ पूर्व मध्य रेल/ समस्तीपुर भारत के राष्ट्रपति की ओर से नीचे लिखे गये कार्यों के लिए अनुभवी एवं वितीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से भारतीय रेल के आई.आर.ई.पी.एस. वेव पोर्टल पर खुली ई-निविदा के रूप में आमंत्रित करती है।

**क्रम सं0:** 1, **निविदा सूचना सं0:** टी.सी.-217-2025-एस.पी.जे., **कार्य का नाम:** पूर्णिया कोर्ट स्टेशन पर प्लेटफार्म संख्या 1, 2/3 को ऊँचे लेवल तक उठाना।, **निविदा लागत (रूपये मे):** 62248317.56, **बयाने की राशि (रूपये मे):** 461300.00, **कार्य की समाप्ति अवधि:** 12 माह

**क्रम सं0:** 2, **निविदा सूचना सं0:** टी.सी.-218-2025-एस.पी.जे., **कार्य का नाम:** जयनगर में-10 यूनिट टाईप-III एवं 2 यूनिट टाईप-IV कर्मचारी आवास का निर्माण कार्य।, **निविदा लागत (रूपये मे):** 39344721.99, **बयाने की राशि (रूपये मे):** 346700.00, **कार्य की समाप्ति अवधि:** 12 माह

**क्रम सं0:** 3, **निविदा सूचना सं0:** टी.सी.-219-2025-एस.पी.जे., **कार्य का नाम:** वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/ द्वितीय/समस्तीपुर के अधिकार क्षेत्र में 20 हजार से अधिक टीवीयू वाले 34 समपार के इंटरलॉकिंग के संबंध में समपार संख्या 59 (सीतामढ़ी-रीगा) एवं समपार संख्या 142 (चकिया-पीपराहन), 25 (नरकटियागंज-चमुआ), 09 (जुब्बा साहनी-परमजीवर ताराजीवर) में रीले रूम (3.1m X 3.1m), आईपीस रूम (3.1m X 3.7m) बैटरी रूम (3.1m X 3.7m), का निर्माण।, **निविदा लागत (रूपये मे):** 6626704.98, **बयाने की राशि (रूपये मे):** 132500.00, **कार्य की समाप्ति अवधि:** 06 माह

**1.** आई. आर. ई. पी. एस वेव पोर्टल पर ई-निविदा के रूप में निविदा प्राप्त करने की अन्तिम तिथि एवं समय: **09.01.2026 को 12.00 बजे तक।**
**2.** ई- निविदा खुलने की तिथि एवं समय: **09.01.2026 को 12.00 बजे के बाद।**
**3.** वेब साईट का विवरण जहाँ से निविदा एवं निविदा प्रपत्र की विस्तृत जानकारी प्राप्त की जा सकती है: **वेबसाईट: www.ireps.gov.in** उपरोक्त निविदा से संबंधित यदि कोई भी संशोधन/परिवर्तन किया जाता है तो उसकी सूचना समाचार पत्रों में प्रकाशित नही किया जाएगा बल्कि वेबसाईट: पर अपलोड कर दिया जाएगा।

**वरिष्ठ मंडल इंजीनियर / समन्वय**
**पूर्व मध्य रेल/समस्तीपुर**

पीआर/1472/एसपीजे/ईएनजीजी/टी/25-26/56



**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए, मंडल रेल प्रबंधक (इंजी.), चक्रधरपुर द्वारा खुली निविदा के प्रतिपक्ष ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं ऐसा कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **क्रम सं., निविदा सूचना सं. एवं कार्य का नाम** निम्नानुसार हैं : **1. सीकेपी-वेस्ट-25-26-35,** दक्षिण पूर्व रेलवे के तहत चक्रधरपुर मंडल के एडीईएन/राउरकेला और एडीईएन/झारसुगुडा के अधिकार क्षेत्र के तहत दक्षिण पूर्व रेलवे की सीमाओं में मौजूदा रेलवे भूमि के म्यूटेशन के निष्पादन के लिए सलाहकार की नियुक्ति हेतु शेष कार्य। **निविदा मूल्य:** रु. 1,21,78,714.67, **बयाना राशि:** रु.2,10,900/- **2. सीकेपी-सेंट्रल-25-26-53,** दक्षिण पूर्व रेलवे के तहत चक्रधरपुर मंडल के एडीईएन/सेटलमेंट, एडीईएन/वेस्ट/सीकेपी और एडीईएन/बीएनडीएम के अधिकार क्षेत्र के तहत दक्षिण पूर्व रेलवे की सीमाओं में मौजूदा रेलवे भूमि के म्यूटेशन के निष्पादन के लिए सलाहकार की नियुक्ति हेतु शेष कार्य (दूसरा आमंत्रण)। **निविदा मूल्य:** रु. 1,89,88,803.20, **बयाना राशि:** रु.2,45,000/- **3. सीकेपी-सेंट्रल-25-26-54,** चक्रधरपुर स्टेशन पर त्वरित पानी की व्यवस्था के प्रावधान के संबंध में सिविल इंजीनियरिंग कार्य (दूसरा आमंत्रण)। **निविदा मूल्य:** रु. 1,03,19,198.26, **बयाना राशि:** रु.2,01,600/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य:** रु. 0 प्रत्येक हेतु। **खुलने की तिथि:** 09.01.2026 (क्रम सं. 1 हेतु) और 12.01.2026 (क्रम सं. 2 एवं 3 प्रत्येक हेतु)। निविदा वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** में देखी जा सकती है। निविदाकार/बोलीदाता के पास क्लास-III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट रहना चाहिए एवं आईआरईपीएस पोर्टल के अधीन पंजीकृत हों। केवल पंजीकृत निविदाकार/बोलीदाता ई-निविदा प्रणाली में भाग ले सकते हैं। ई-निविदा प्रणाली में भाग लेते समय सभी संबंधित कागजात अवश्य अपलोड किए जाएं। **टिप्पणी:** ई-निविदा फॉर्म सभी निविदाकारों को निःशुल्क जारी किया जाएगा (प्राधिकरण-रेलवे बोर्ड के पत्रांक 2020/सीई-I/सीटी/3ई/ जीसीसी/ पॉलिसी दिनांक 16.07.2020)। **(PR-974)**

# बस्तर में लौटती शांति नक्सल आतंक के अंत

बस्तर ने वर्षों तक माओवाद के आतंक का दंश झेला है। लेकिन अब सुरक्षाबलों के साहस और उनकी दृढ़ रणनीति के चलते यह अंधकार हट रहा है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के अनुसार यह जीत हमारे उन प्रयासों का परिणाम है, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में जनसुरक्षा, पुनर्वास और विकास की रणनीति के तहत किये गये। बीते कुछ समय से प्रदेश और आसपास के इलाकों में सैकड़ों नक्सलियों का आत्मसमर्पण, शीर्ष नेतृत्व की गिरफ्तारी और सुरक्षा उपायों ने स्थानीय जनता का विश्वास बहाल किया है। अब बस्तर के हर गांव में उम्मीद की किरण फैली है। नक्सलियों के पुनर्वास की नीति, नवीन सुरक्षा कैंप की स्थापना और जनसुरक्षा को मजबूत करने के उपायों ने लोगों का विश्वास बढ़ाया है। मुख्यमंत्री का यह विश्वास कि मार्च 2026 तक भारत पूर्णतः नक्सलमुक्त होगा, केवल आकांक्षा नहीं, बल्कि ठोस रणनीति और लगातार अभियान का परिणाम प्रतीत होता है। बस्तर में लौट रही यह शांति न केवल स्थानीय निवासियों के लिए राहत की खबर है, बल्कि पूरे देश के लिए यह संकेत है कि लंबे संघर्ष के बावजूद लोकतंत्र और शासन की पकड़ मजबूत बनी रहती है। हाल ही में हिडमा के आतंक के अंत के साथ बस्तर में शांति का वसंत लौट रहा है। गौरतलब है कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 5 अप्रैल, 2025 को दंतेवाड़ा में आयोजित भव्य 'बस्तर पंडुम' समारोह में हिस्सा लेते हुए एक प्रेरणादायक और परिवर्तनकारी संदेश दिया। बस्तर के पूर्व महाराजा प्रवीर चंद्र भंज देव को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्होंने उन्हें 'जल, जंगल, जमीन और संस्कृति' के लिए शहीद करार दिया। गृह मंत्री ने केंद्र सरकार के 31 मार्च 2026 तक नक्सलवाद को समाप्त करने के संकल्प को भी दोहराया। बस्तर अब विकास की नई दिशा में तेजी से कदम बढ़ा रहा है। नई औद्योगिक नीति 2024-30 के तहत स्थानीय संसाधनों पर आधारित उद्योगों को प्रोत्साहित किया जायेगा और बाजार एवं उद्योगों की मांग के अनुरूप कौशल प्रशिक्षण पर जोर रहेगा। विशेष रूप से नक्सल पीड़ित परिवारों, आत्मसमर्पित नक्सलियों और महिलाओं को स्वरोजगार और कौशल विकास योजनाओं में प्राथमिकता दी जायेगी। स्वरोजगार और उद्योग के लिए आकर्षक प्रावधान किए गए हैं -आत्मसमर्पित नक्सलियों के लिए पांच वर्षों तक शुद्ध वेतन का 40 प्रतिशत सब्सिडी, इस्पात उद्योगों के लिए 15 वर्ष तक रॉयल्टी प्रतिपूर्ति और अनुसूचित जाति/जनजाति तथा वामपंथी उग्रवाद प्रभावित लोगों के लिए अतिरिक्त 10 प्रतिशत सब्सिडी। बस्तर की यह पहल औद्योगिक और स्वास्थ्य दोनों क्षेत्रों में रोजगार, विकास और आत्मनिर्भरता की नई लहर लेकर आ रही है। यह क्षेत्र न केवल निवेशकों के लिए आकर्षक बनेगा, बल्कि स्थानीय लोगों के जीवन स्तर और सामाजिक-आर्थिक सशक्तीकरण को भी नयी दिशा देगा।

**मुख्यमंत्री का यह विश्वास कि मार्च 2026 तक भारत पूर्णतः नक्सलमुक्त होगा, केवल आकांक्षा नहीं, बल्कि ठोस रणनीति और लगातार अभियान का परिणाम प्रतीत होता है। बस्तर में लौट रही यह शांति न केवल स्थानीय निवासियों के लिए राहत की खबर है, बल्कि पूरे देश के लिए यह संकेत है कि लंबे संघर्ष के बावजूद लोकतंत्र और शासन की पकड़ मजबूत बनी रहती है।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**टेनैंसी एंड लैंड रिफॉर्म्स एक्ट का सैक्शन 118 ठीक इसी समझ के साथ बनाया गया था कि हिमालयी राज्य में जमीन को एक वस्तु की तरह नहीं माना जा सकता तथा लोगों, इलाके और लंबे समय तक चलने वाली स्थिरता पर पड़ने वाले नतीजों पर विचार किए बिना आजादी से ट्रेड नहीं किया जा सकता। जैसे-जैसे सैक्शन 118 को कम करने या खत्म करने पर बहस तेज हो रही है, यह समझना जरूरी है कि असल में क्या दांव पर लगा है।**

# विरासत, पहचान और जिंदा रहने का जरिया है हिमाचल

देवी एम. चेरियन

एक पक्की हिमाचली होने के नाते, जिसे प्रदेश, सीधे-सादे लोग और खूबसूरत पहाड़ पसंद हैं, मुझे चिंता है कि हिमाचल प्रदेश में जमीन कभी भी सिर्फ एक आर्थिक संपत्ति नहीं रही है। यह हमारी संस्कृति, हमारी स्थिरता और हमारे नाजुक पहाड़ी पारिस्थितिकी की नींव है।

टेनैंसी एंड लैंड रिफॉर्म्स एक्ट का सैक्शन 118 ठीक इसी समझ के साथ बनाया गया था कि हिमालयी राज्य में जमीन को एक वस्तु की तरह नहीं माना जा सकता तथा लोगों, इलाके और लंबे समय तक चलने वाली स्थिरता पर पड़ने वाले नतीजों पर विचार किए बिना आजादी से ट्रेड नहीं किया जा सकता। जैसे-जैसे सैक्शन 118 को कम करने या खत्म करने पर बहस तेज हो रही है, यह समझना जरूरी है कि असल में क्या दांव पर लगा है। हिमालय कोई आम इलाका नहीं है। यह दुनिया के सबसे ज्यादा भूकंप के लिहाज से एक्टिव इलाकों में से एक है, जिसे भूकंप के लिए रैड जोन माना जाता है और यह लैंडस्लाइड, ढलान टूटने और अचानक बाढ़ के लिए बहुत ज्यादा संवेदनशील है। इस लैंडस्केप में जोड़ी गयी हर सड़क, होटल, रिटेनिंग वॉल, पहाड़ी का कटाव या कंकरीट स्लैब इसकी स्थिरता को बदल देता है। ऐसे राज्य में जहां पहाड़ों पर पहले से ही दबाव है, बड़े पैमाने पर बाहरी निवेश के लिए जमीन खोलने के विचार पर आज जितनी गंभीरता से बातचीत हो रही है,उससे कहीं ज्यादा गंभीरता से बातचीत करने की जरूरत है।

**हमारी आनेवाली पीढ़ियां हमें कभी माफ नहीं करेंगी क्योंकि हम उनसे उनकी शांतिपूर्ण जिंदगी और उनकी ताजी हवा ही नहीं, बल्कि हमारे राज्य के खूबसूरत नजारे भी छीन लेंगे।**



**हिमालय कोई आम इलाका नहीं है। यह दुनिया के सबसे ज्यादा भूकंप के लिहाज से एक्टिव इलाकों में से एक है, जिसे भूकंप के लिए रैड जोन माना जाता है और यह लैंडस्लाइड, ढलान टूटने और अचानक बाढ़ के लिए बहुत ज्यादा संवेदनशील है। इस लैंडस्केप में जोड़ी गयी हर सड़क, होटल, रिटेनिंग वॉल, पहाड़ी का कटाव या कंकरीट स्लैब इसकी स्थिरता को बदल देता है।**

बदलाव के समर्थक तर्क देते हैं कि जमीन के नियमों में ढील देने से निवेश आयेगा, पर्यटन बढ़ेगा और ग्रोथ बढ़ेगी, लेकिन यह कहानी कड़वी सच्चाई को नजरअंदाज करती है कि हिमालय में ज्यादा निवेश का मतलब जरूर ज्यादा निर्माण होगा, जिसमें ज्यादा होटल, होमस्टे, सड़कें, मॉल, विला, रियल एस्टेट प्रोजैक्ट, वेयरहाऊस और कमर्शियल कॉम्प्लैक्स शामिल होंगे। और हिमाचल के मामले में ज्यादा कंस्ट्रक्शन सिर्फ विकास का सवाल नहीं है, यह आपदा जोखिम गुणक है। हम पहले ही देख चुके हैं कि बिना सोचे-समझे किया गया विकास कैसा दिखता है। शिमला, मनाली, धर्मशाला और कसौली जैसे शहर बिना कंट्रोल के हो रही बिल्डिंग एक्टिविटी के बोझ तले दबे हुए हैं। उन्होंने अपनी सुंदरता खो दी है और झुग्गी-झोंपड़ियों जैसे दिखते हैं। कंकरीट के लिए जगह बनाने के लिए पहाड़ियों को सीधा काटा जा रहा है, नालियों को ब्लॉक किया जा रहा है, जंगल कम किये जा रहे हैं, ढलानों को अस्थिर किया जा रहा है और बिना भू-तकनीकी आकलन के फुटपाथों को सड़कों में बदल दिया जा रहा है। मानसून के दौरान बार-बार होने वाले लैंडस्लाइड और सड़कों और मल्टी-स्टोरी इमारतों का डरावने ढंग से गिरना कोई हादसा नहीं है, ये तो इसके नतीजे हैं।

सैक्शन 118 को हटाने या कमजोर करने से न सिर्फ इस ट्रैंड को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि यह और तेज हो जायेगा। तर्क आसान है। जब जमीन बाहरी अमीर लोगों के खरीदने के लिए खुल जाती है, तो कीमतें बढ़ जाती हैं, डिवैल्पर्स आ जाते हैं और रियल एस्टेट खेती, बागवानी या इकोलॉजी से ज्यादा फायदेमंद हो जाता है। नजारा रहने की जगहों से कंस्ट्रक्शन हॉटस्पॉट में बदल जाता है। एक हिमालयी राज्य के लिए यह विकास नहीं है, यह एक इकोलॉजिकल टिपिंग पॉइंट है।

सुधार के समर्थक अक्सर कहते हैं कि सैक्शन 118 आर्थिक क्षमता को रोकता है, लेकिन हिमाचल की अर्थव्यवस्था इसकी इकोलॉजी में है, सेब के बागों, सीढ़ीदार खेतों, झरनों, हिमालय की बायोडायवर्सिटी, कुदरती खूबसूरती में बसा टूरिज्म और ऐसे पहाड़ों में जो टूरिस्ट को इसलिए खींचते हैं, क्योंकि वे कंकरीट में डूबे नहीं हैं। जमीन को एक वस्तु की तरह मानना उस संपत्ति को नजरअंदाज करना है, जो हमें बनाये रखती है। हिमाचल में असली विकास स्थिरता के आस-पास होना चाहिए, अंदाजों के आस-पास नहीं। इंफ्रास्ट्रक्चर टूरिज्म को बढ़ावा देने, हमारी संस्कृति दिखाने और वर्ल्ड क्लास स्पा और होटलों का ज्यादा स्वागत करने के लिए हो, जिससे नौकरी के मौके भी मिलेंगे। हमें खुद से पूछना चाहिए कि क्या होता है, जब बिना नियम के कंस्ट्रक्शन अस्थिर जियोलॉजी से मिलती है? हम इसका जवाब पहले से ही जानते हैं, जो लैंडस्लाइड, अचानक बाढ़, दरारें, डूबते शहर, टूटती सड़कें और जान-माल का भयानक नुकसान के रुप में है। सेक्शन 118 अधूरा है। इसमें सुधार की जरूरत है, हां, लेकिन इसका हल सुरक्षा उपायों को मजबूत करना, ट्रांसपेरेंसी में सुधार करना, गलत इस्तेमाल पर रोक लगाना और जमीन के प्रबंधन को आधुनिक बनाना है न कि उस सिस्टम को खत्म करना जो हमारे पहाड़ों की रक्षा करता है।

हिमाचल की जमीन कोई वस्तु नहीं है। यह विरासत, पहचान, इकोलॉजी और जिंदा रहने का जरिया है। इसके साथ लापरवाही से छेड़छाड़ करना हिमाचल की सोच के साथ धोखा है। अगर हम आज अपने पहाड़ों की रक्षा करने में नाकाम रहे, तो कल पहाड़ हमें उस नाकामी की याद दिलायेंगे। हमारी आनेवाली पीढ़ियां हमें कभी माफ नहीं करेंगी क्योंकि हम उनसे उनकी शांतिपूर्ण जिंदगी और उनकी ताजी हवा ही नहीं, बल्कि हमारे राज्य के खूबसूरत नजारे भी छीन लेंगे। उन्हें हर साल कंकरीट के बदसूरत स्ट्रक्चर और लैंडस्लाइड और बाढ़ के साथ छोड़ देंगे।

## कोल्हान की खबरें

### सीएचओ को दिया गया कुष्ठ रोग प्रशिक्षण

# नये एमडीटी उपचार पद्धति और समय पर पहचान में दिया जोर

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जिला कुष्ठ निवारण कार्यालय के सौजन्य से सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारियों के द्वितीय बैच का एक दिवसीय कुष्ठ रोग प्रशिक्षण सबल सेंटर सभागार जमशेदपुर में आयोजित किया गया। गुरुवार को प्रशिक्षण में जिला कुष्ठ परामर्शी डॉ राजीव लोचन महतो ने 1 अप्रैल 2025 से लागू नई संशोधित एमडीटी उपचार पद्धति की जानकारी दी। उन्होंने बताया अब कुष्ठ रोग के उपचार हेतु केवल दो प्रकार की एमडीटी दवाएं दी जायेंगी। 14 वर्ष से ऊपर के मरीजों के लिए एडल्ट एमडीटी और 14 वर्ष से कम उम्र के मरीजों के लिए चाइल्ड एमडीटी। साथ ही पेशेंट कार्ड, ट्रीटमेंट कार्ड, सेंसरी टेस्टिंग, डब्ल्यूएचओ ग्रेडिंग डिसेबिलिटी, पीइपी-एसडीआर एवं सिंगल डोज रिफाम्पिसिन पर विस्तार से चर्चा की गयी। जिला मलेरिया पदाधिकारी डॉ मृत्युंजय धाउड़िया ने कहा कुष्ठ रोग की शीघ्र पहचान व समय पर इलाज से दिव्यांगता से बचा जा सकता है। उन्होंने सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक माह प्रत्येक सहिया द्वारा कम से कम एक संदेहास्पद कुष्ठ मरीज को नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भेजना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी बताया कि एमडीटी दवाएं सभी सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में निःशुल्क उपलब्ध हैं। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गये। साथ ही धन्यवाद ज्ञापन के साथ प्रशिक्षण का समापन किया गया।

# नरसिंह इस्पात लिमिटेड ने कंपनी परिसर में 700 कंबल वितरित किया



**चांडिल (आजाद सिपाही)।** खुटी स्थित नरसिंह इस्पात लिमिटेड कंपनी परिसर में कंपनी की नियमित सामाजिक जिम्मेदारी गतिविधियों के तहत सैकड़ों जरूरतमंद असहाय महिला व पुरुषों के बीच 700 कंबलों का वितरण किया गया।गुरुवार को कंबल वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक सविता महतो के हाथों किया गया।इस अवसर पर विधायक सविता महतो ने कहा बढ़ती ठंड को देखते हुए जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण अत्यंत आवश्यक है,जिससे उन्हें ठंड से राहत मिलेगी। उन्होंने लोगों से अपील की वे ठंड से बचाव के लिए कंबल का नियमित उपयोग करें। विधायक ने कहा पूरे विधानसभा क्षेत्र में जरूरतमंद लोगों के बीच आगे भी कंबल वितरण का कार्य किया जाएगा।कंबल पाकर जरूरतमंदों के चेहरे पर खुशी देखने को मिली और उन्होंने नरसिंह इस्पात लिमिटेड एवं विधायक के प्रति आभार व्यक्त किया। मौके पर चौका थाना प्रभारी सोनू कुमार, जिला परिषद सदस्य सविता मार्डी, झामुमो केंद्रीय सदस्य काबलु महतो, जिला सचिव बैद्यनाथ टुडू, खूंटी पंचायत के मुखिया सुखराम बेसरा, मुसरीबेरा ग्राम प्रधान ज्ञानचंद्र महतो, प्रखंड अध्यक्ष कृष्णा किशोर महतो, अर्जुन सिंह मुंडा, समर भुईयां, श्रीकांत महतो, राहुल वर्मा, आईआरएस एम सिंह, एचआर हेड अनुप कुमार साहू, हरे कृष्ण झा, लम्बोदर महतो, हरे कृष्ण रजक सहित बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण व गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# नेशनल हेराल्ड मामले को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन, भाजपा कार्यकर्ताओ में आक्रोश

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** नेशनल हेराल्ड घोटाले के संबंध में हालिया कोर्ट सुनवाई को लेकर कांग्रेस का साकची स्थित भाजपा कार्यालय के बाहर प्रदर्शन की कोशिश ने भाजपा कार्यकताओं में उबाल ला दिया।गुरुवार को भाजपा के जिला अध्यक्ष सुधांशु ओझा के नेतृत्व में सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता सुबह से ही पार्टी कार्यालय में जुट गये और कांग्रेस के विरोध में मुस्तैद हो गए।सुधांशु ओझा ने जिला प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा यदि कांग्रेस कार्यकर्ता भाजपा कार्यालय के मुख्य गेट पर प्रदर्शन करते हैं, तो भाजपा कार्यकर्ता इसका जोरदार विरोध करेंगे और जवाबी कार्रवाई की जायेगी। श्री ओझा ने कांग्रेस के प्रदर्शन को लुटेरी पार्टी की गुंडागर्दी करार देते हुए कहा भाजपा कार्यालय भारत माता के चरण वंदना का स्थल है और यहां किसी भी कीमत पर कांग्रेस की गुंडागर्दी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।जिला प्रशासन ने स्थिति को देखते हुए भाजपा कार्यालय से कुछ दूरी पर बैरिकेडिंग कर कांग्रेस कार्यकताओं को रोका। सुधांशु ओझा ने आरोप लगाया कांग्रेस ने कोर्ट से मिली तकनीकी राहत को इस तरह प्रचारित किया जैसे उन्हें बेगुनाही का प्रमाण पत्र मिल गया हो। उन्होंने कहा यह एक झूठा प्रचार है, जो लोगों को भ्रमित करने की साजिश है। ओझा ने यह भी कहा कांग्रेस की यह रणनीति न्यायपालिका का अपमान कर रही है। भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा राहुल गांधी और सोनिया गांधी अभी जमानत पर हैं, और उनकी बेगुनाही साबित नहीं हुई है। उन्होंने कांग्रेस की पुरानी राजनीति पर कटाक्ष करते हुए कहा कांग्रेस ने हमेशा झूठ बोलने की नीति अपनाई है और यही कारण है आज पार्टी का अस्तित्व संकट में है। ओझा ने साफ किया झारखंड में सत्ता के घमंड में कांग्रेस भाजपा के कार्यालय तक प्रदर्शन करने की कोशिश कर सकती है, लेकिन भाजपा इसका मूकदर्शक नहीं बनेगी।इस अवसर पर भाजपा कार्यालय में पूर्व जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर मिश्रा, रामबाबू तिवारी, राजकुमार श्रीवास्तव सहित अन्य प्रमुख नेता शामिल रहे।

# कोंदा मुंडा की हत्या के मामले में सुनिया मुंडा को आजीवन कारावास

**कांड्रा (आजाद सिपाही)।** सरायकेला जिला व्यवहार न्यायालय के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने एक महत्वपूर्ण फैसले में सुनिया मुंडा को कोंदा मुंडा की हत्या के मामले में दोषी ठहराया और उसे आजीवन कारावास की सजा सुनायी। इसके साथ ही 20,000 रुपये का जुमार्ना भी लगाया गया। यदि जुमार्ना नहीं चुकता किया गया, तो आरोपी को एक साल की साधारण कारावास की सजा काटनी होगी।यह मामला मार्च 2023 में कांड्रा थाना क्षेत्र के शारदाबेड़ा गांव का है, जब कोंदा मुंडा की हत्या कर दी गई थी। मृतक के भाई गुरुवा मुंडा ने आरोपी सुनिया मुंडा पर हत्या का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज करायी थी। प्रारंभिक जांच और गवाहों के बयान के आधार पर यह सामने आया कटहल के पेड़ को काटने को लेकर सुनिया मुंडा और कोंदा मुंडा के बीच विवाद हुआ था, जिसके परिणामस्वरूप यह दुखद घटना घटी। न्यायालय ने दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद आरोपी को दोषी ठहराते हुए उसे सजा सुनायी। अदालत के इस फैसले से पीड़ित परिवार को न्याय की उम्मीद जगी है और इसे क्षेत्र में एक अहम न्यायिक कदम माना जा रहा है। पीड़ित परिवार ने अदालत के इस फैसले का स्वागत करते हुए न्याय की उम्मीद जतायी है। समाज में इस तरह के अपराधों पर रोक लगाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया गया।

### धालभूमगढ़ में शिक्षण संस्थानों एवं विकास योजनाओं का डीडीसी ने किया निरीक्षण

# समीक्षा करने के बाद दिये सख्त निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



**धालभूमगढ़।** उप विकास आयुक्त नागेंद्र पासवान ने धालभूमगढ़ प्रखंड अंतर्गत शैक्षणिक संस्थानों एवं विभिन्न विकास योजनाओं का भौतिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नरसिंहगढ़ +2 उच्च विद्यालय में संचालित लैब का निरीक्षण किया। लैब में उपलब्ध उपकरणों की जानकारी लेते हुए उन्होंने सभी संसाधनों की सूची विधिवत रजिस्टर में संधारित करने का निर्देश दिया।

लैब कोऑर्डिनेटर द्वारा बताया गया कक्षा 9 से 12 तक के विद्यार्थियों को ऐप डेवलपमेंट एवं कोडिंग का प्रशिक्षण दिया जा रहा है।मौके पर डीडीसी ने विद्यार्थियों की उपस्थिति रजिस्टर संधारण, प्रत्येक कक्षा की फोटोग्राफी अथवा लघु वीडियो क्लिप तैयार कर प्रतिमाह प्रखंड विकास अधिकारी को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही शिक्षक अंबिका दास को अटल टिंकरिंग लैब का नोडल शिक्षक नियुक्त करने का निर्देश भी दिया गया।इसके उपरांत डीडीसी ने मनरेगा एवं ग्रामीण/अबुआ आवास योजनाओं का निरीक्षण किया। ग्राम कोकपाड़ा नरसिंहगढ़ में मनरेगा अंतर्गत आम एवं मिश्रित बागवानी योजनाओं का निरीक्षण करते हुए इंटरक्रॉपिंग, नियमित सिंचाई, घास सफाई, कीटनाशक छिड़काव एवं मृत पौधों के प्रतिस्थापन के निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिए।

इसी पंचायत में अबुआ आवास योजना के तहत 12 निमार्णाधीन आवासों का निरीक्षण कर उन्हें शीघ्र पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया।

पंचायत जुगीशोल में भी मनरेगा अंतर्गत मिश्रित बागवानी एवं अबुआ आवास योजनाओं की समीक्षा की गई। ग्राम पांडुदा में दीदी बाड़ी योजना के तहत सब्जी उत्पादन कार्यों का निरीक्षण किया गया, जहां सेम, करेला, साग, लौकी एवं लहसुन की खेती पाई गई। यहां भी निर्माणाधीन आवासों को समय पर पूर्ण कराने हेतु पंचायत सचिव व प्रखंड समन्वयक को निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान उप विकास आयुक्त ने सभी योजनाओं में गुणवत्ता, समयबद्धता एवं लाभुकों को पूर्ण लाभ सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया।

# मोदी सरकार के बीमा क्षेत्र में 100% विदेशी निवेश बिल के खिलाफ किया विरोध प्रदर्शन

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** बैंक इंप्लाइज और अधिकारियों के संयुक्त संगठन यूएफबीयू और बीमा कर्मचारियों के संगठन आइइएजेडी के संयुक्त तत्वावधान में मोदी सरकार द्वारा बीमा क्षेत्र में 100 प्रतिशत विदेशी निवेश को छूट देने वाले बिल के खिलाफ एक सशक्त विरोध प्रदर्शन किया गया। गुटुवार शाम बिस्टुपुर स्थित पोस्टल पार्क के पास विरोध प्रदर्शन में बड़ी तादाद में बैंक और बीमा कर्मचारियों ने भाग लिया। कर्मचारियों ने विरोध प्रदर्शन के दौरान सरकार के फैसले का जमकर विरोध किया। साथ ही बीमा क्षेत्र में 100% विदेशी निवेश, सरकारी बैंकों के निजीकरण को लेकर जोरदार नारे लगाए। इस दौरान कर्मचारियों और संगठनों द्वारा उठाए गए मुद्दों को प्रमुखता से सामने लाया। इस अवसर पर नुक्कड़ सभा को एआईबीओसी के कमरुद्दीन मंजूर, आईईएजेडी के महासचिव सुभाष कर्ण, बेफी के जिलाध्यक्ष सुजय राय और डीएन सिंह ने सम्बोधित किया। नेताओं ने मोदी सरकार के इस फैसले को देश के हितों के खिलाफ बताते हुए कहा इससे भारतीय बैंकिंग और बीमा क्षेत्र की स्वायत्तता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा। कार्यक्रम में भाग लेने वाले कर्मचारियों ने यह भी कहा इस प्रकार के निर्णय न केवल कर्मचारियों के लिए बल्कि आम जनता के लिए भी खतरनाक साबित हो सकते हैं। विरोध प्रदर्शन के दौरान लोगों ने इस मुद्दे पर व्यापक जागरूकता फैलाने की बात की और सरकार से इसे वापस लेने की मांग की।

# चावल की आड़ में तस्करी का भंडाफोड़ एक करोड़ की अवैध अंग्रेजी शराब जब्त

## पूरा ट्रक ही शराब की पेटियों से था भरा, चालक गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता


एक करोड़ की शराब के साथ पकड़े गये चालक की जानकारी देती पुलिस।

**मेराल/गढ़वा।** थाना क्षेत्र के गोंदा में बाना महुआ के पास एनएच 39 के किनारे अंशु होटल के पास से करीब एक करोड़ रुपए का अवैध शराब से भरा ट्रक जब्त किया गया। इस बाबत गुरुवार को मेराल थाना में संवाददाता सम्मेलन कर डीएसपी चिरंजीव मंडल, इंस्पेक्टर संतोष कुमार और थाना प्रभारी विष्णु कांत ने जानकारी दी। बताया कि पुलिस अधीक्षक अमन कुमार को मिली गुप्त सूचना के आधार पर डीएसपी चिरंजीव मंडल के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन किया गया। जिसमें दंडाधिकारी मेराल सीओ यशवंत नायक, गढ़वा अंचल के पुलिस निरीक्षक संतोष कुमार और थाना प्रभारी विष्णुकांत के नेतृत्व में टीम गठित कर वाहनों की जांच की जा रही थी। इसी दौरान बाना महुआ के पास अंशु लाइन होटल के बगल में एक बड़ा कंटेनर खड़ा मिला। उसमें क्या है पूछे जाने पर वाहन चालक गणपत राम (25) ने बताया कि ट्रक में चावल भरा है। उसने चावल का फर्जी पेपर भी पुलिस को दिखा दिया। पर संदेह होने पर ट्रक की तलाशी ली तो पाया कि पूरी गाड़ी अवैध अंग्रेजी शराब की पेटियों से भरी है। पुलिस ने मौके पर ही चालक गणपत राम को गिरफ्तार कर लिया। वह राजस्थान के बाड़मेर जिले के गुडा मालानी थाना क्षेत्र का रहने वाला है। डीएसपी ने बताया कि गिरफ्तार चालक गणपत से पूछताछ की जा रही है। ट्रक से बरामद कुल 25,440 पीस शराब है, जिसकी अनुमानित कीमत करीब एक करोड़ रुपये आंकी जा रही है। वहीं, थाना प्रभारी विष्णु कांत ने कहा कि प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। बताया कि चालक के पास से दो मोबाइल फोन बरामद किया गया है। प्रारंभिक अनुसंधान के क्रम में पाया गया कि चालक को एक नया एंड्रॉयड फोन लोकेशन ट्रैक के लिए दिया गया था, जिसे जंगी ऐप के माध्यम से लोकेशन भेजी जा रही थी। पुलिस अनुसंधान में अवैध शराब के बड़े रैकेट का भंडाफोड़ किया जाएगा। वहीं, छापामारी दल में पुअनि रवि कुमार, सअनि जलेंद्र पासवान, हवलदार राजेश्वर खलखो, आरक्षी अंजनीकांत, जितेन्द्र कुमार, चौकीदार अनिल राम, विमलेश कुमार रवि शामिल थे।

## एसआइआर कार्य तेज

**कांडी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र में मतदाता सूची के होने वाले विशेष सघन पुनरीक्षण (एसआइआर) के तहत वर्ष 2003 की मतदाता सूची से वर्तमान मतदाता सूची की मैपिंग का कार्य जारी है। यह बीडीओ राकेश सहाय ने दी। उन्होंने बताया कि कांडी प्रखंड में अंतिम बार विशेष सघन पुनरीक्षण वर्ष 2003 में किया गया था, जिसकी अंतिम मतदाता सूची पहले ही सार्वजनिक की जा चुकी है। वर्तमान में प्रखंड क्षेत्र के कुल 89 मतदान केंद्रों में से 9 मतदान केंद्र ऐसे हैं, जहां संबंधित बीएलओ द्वारा अब तक 60 प्रतिशत मतदाताओं की मैपिंग पूर्ण नहीं हो पाई है। बीडीओ राकेश सहाय ने संबंधित मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर बीएलओ से मुलाकात की एवं मैपिंग कार्य में आ रही समस्याओं की जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने बीएलओ को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए शीघ्र 90 प्रतिशत मैपिंग कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने क्षेत्र के मतदाताओं से भी अपील की कि वे विगत एसआईआर (2003) की मतदाता सूची में अपना नाम खोजने में बीएलओ का सहयोग करें, ताकि मैपिंग कार्य समय पर पूरा किया जा सके।

# 24 घंटे में खाली करें अवैध कब्जा नहीं तो 20 को चलेगा बुलडोजर

## विशुनपुरा मुख्य सड़क से हटेगा अतिक्रमण, प्रशासन की सख्त चेतावनी

आजाद सिपाही संवाददाता



**विशुनपुरा/गढ़वा।** विशुनपुरा की मुख्य सड़क को अतिक्रमणमुक्त कराने के लिए प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए कार्रवाई की प्रक्रिया तेज कर दी है। सीओ खगेस कुमार एवं थाना प्रभारी राहुल सिंह ने संयुक्त रूप से अतिक्रमणकारियों को 24 घंटे का अंतिम अल्टीमेटम (चेतावनी) दी है। प्रशासन ने स्पष्ट निर्देश दिया है कि मुख्य सड़क एवं लाल चौक के समीप स्थित सरकारी भूमि पर कि सभी प्रकार के अतिक्रमण दुकान, करकट, झोपड़ी, सीढ़ी, ठेला एवं अस्थायी निर्माण 19 दिसंबर तक खुद से हटा लें। निर्धारित समयसीमा के बाद 20 दिसंबर को सरकारी प्रक्रिया के तहत जेसीबी लगाकर अतिक्रमण हटाया जाएगा। सीओ खगेस कुमार ने बताया कि मुख्य सड़क पर नाली के बाहर अवैध कब्जे के कारण राहगीरों एवं वाहन चालकों को भारी परेशानी हो रही है। सड़क संकरी हो जाने से आए दिन जाम की स्थिति उत्पन्न हो रही है, जिससे आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है। प्रशासन का उद्देश्य सड़क को सुगम, सुरक्षित एवं व्यवस्थित बनाना है। संयुक्त आदेश में यह भी चेतावनी दी गई है कि यदि बैंक मोड़ के पास ठेला, झुग्गी-झोपड़ी एवं दुकानों को तय समय में खाली नहीं किया गया, तो जेसीबी से हटाए गए अतिक्रमण का सरकारी खर्च संबंधित दुकानदारों एवं अतिक्रमणकारियों से वसूला जाएगा। प्रशासन ने साफ कहा कि इस कार्रवाई में किसी भी प्रकार की ढिलाई नहीं बरती जाएगी। बतातें चलें कि कोचेया मोड़ से थाना मोड़ तक मुख्य सड़क पर लंबे समय से बड़े पैमाने पर अतिक्रमण किया गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि वर्षों से चली आ रही इस समस्या के कारण पैदल चलना भी मुश्किल हो गया था। लाल चौक के समीप स्थित गुमटी एवं झुग्गी-झोपड़ी हटाने को लेकर पहले ही नोटिस दिया जा चुका था। अंतिम चेतावनी के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है। कई दुकानदार खुद अतिक्रमण हटाने की तैयारी में जुट गए हैं। प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि वे स्वेच्छा से अतिक्रमण हटाकर सहयोग करें, ताकि विशुनपुरा की मुख्य सड़क को अतिक्रमणमुक्त कर आवागमन को सुचारु बनाया जा सके। इस दौरान अंचल निरीक्षक जय प्रकाश गुप्ता, अमीन नीरज चौबे, अंचल सहायक अमल सिंह आदि उपस्थित थे।

## ‘आनंद आ गया’ कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने दिल खोल कर लगाये ठहाके



**श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** सरस्वती विद्या मंदिर के बच्चों को गुरुवार को दिल खोलकर हंसने का अवसर मिला। छात्रों के लिए हास्य की फूलझड़ियां लेकर दिल्ली के वरिष्ठ टीवी पत्रकार अमर आनंद आए थे। दिल्ली के साथ ही यूपी और बिहार में खास अंदाज में प्रोग्राम करने वाले इवेंट जर्नलिज्म के संस्थापक अमर आनंद का सरकार, सरोकार और संस्कार की राह पर यह 75वां कार्यक्रम था। जिसकी एंकरिंग मेदिनीनगर जीएलए कॉले की पीजी उत्तीर्ण छात्रा और सरस्वती शिशु विद्या मंदिर की पूर्व छात्रा भावना पाठक ने की। आनंद आ गया के नाम से आयोजित इस कार्यक्रम में देश और समाज के लिए उम्मीद, उमंग और हास्य के तरंगों से पिरोया गया था। यह प्रोग्राम 10 साल पुराने इवेंट जर्नलिज्म की एक कड़ी थी, इसके विषय वस्तु को खुद अमर आनंद ने तैयार किया। प्रोग्राम में स्कूल की छात्राओं ने भी नवयुग और नारी सशक्तिकरण पर गीत प्रस्तुत किया। सरस्वती विद्या मंदिर में यह प्रोग्राम न सिर्फ गढ़वा, बल्कि झारखंड का पहला प्रोग्राम था। प्रोग्राम करने आए अमर आनंद के अलग-अलग टीवी चैनलों में ‘बड़े भइया छोटे भइया’, ‘खबर ले लो खबर’, आनंद आ गया..., ‘आपका मुस्कुराना गजब हो गया’ और ‘मनवा तो बिहारी बा’ नाम से पांच न्यूज कामेडी शो भी आ चुके हैं। बतातें चलें कि अमर आनंद मूल रूप से झारखंड के पलामू जिले के रहने वाले हैं। पीवीआर में रघुवीर यादव के साथ 2019 में उनकी एक फिल्म जैकलिन आई एम कमिंग भी आ चुकी है। इस कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधकारिणी के अध्यक्ष जोखू प्रसाद सह सचिव चन्दन कुमार, प्रधानाचार्य रविकांत पाठक, दीदीजी और आचार्य उपस्थित थे।

## विद्यार्थियों ने किया अस्पताल का शैक्षणिक भ्रमण



**श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** बिरला ओपन माइंड्स इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने गुरुवार को अनुमंडल अस्पताल का शैक्षणिक भ्रमण किया। विद्यार्थियों ने अस्पताल की कार्यप्रणाली, स्वास्थ्य सेवाओं की संरचना, विभिन्न विभागों की भूमिका एवं रोगियों की देखभाल की प्रक्रिया को निकट से समझा। इस दौरान विद्यार्थियों को प्राथमिक उपचार, आपातकालीन सेवाएं, ओपीडी व्यवस्था, स्वच्छता एवं स्वास्थ्य प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विषयों की जानकारी दी गई। इस अनुभवात्मक अधिगम से विद्यार्थियों में स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति जागरूकता बढ़ी और समाज के प्रति उत्तरदायित्व की भावना का विकास हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक मनीष सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों को स्वास्थ्य सेवाओं की कार्यप्रणाली से परिचित कराना आज के समय की महत्त्वपूर्ण आवश्यकता है। ऐसे शैक्षणिक भ्रमण न केवल बच्चों के बौद्धिक विकास में सहायक होते हैं, बल्कि उनमें स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति जागरूकता भी उत्पन्न करते हैं। वहीं, उप-निदेशक युवराज सिंह ने कहा कि विद्यालय का उद्देश्य केवल अकादमिक उत्कृष्टता तक सीमित नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों को जीवनोपयोगी एवं व्यवहारिक ज्ञान से सशक्त बनाना भी है। अस्पताल भ्रमण के माध्यम से विद्यार्थियों ने स्वास्थ्य सेवाओं की महत्ता को समझा, जो भविष्य में उन्हें स्वास्थ्य के प्रति सजग एवं संवेदनशील नागरिक बनने में सहायक सिद्ध होगा। प्राचार्य रविश प्रजापति ने कहा कि इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों को पाठ्यपुस्तकों से परे व्यावहारिक ज्ञान प्रदान करते हैं और उन्हें भविष्य के लिये अधिक संवेदनशील, जागरूक एवं जिम्मेदार नागरिक बनने के लिये प्रेरित करते हैं। इस मौके पर शिक्षिका अनामिका प्रजापति, नीतू सिंह, प्राची पाठक, अलका तिवारी, रूबी घोषाल, गार्गी जायसवाल भावना ओझा, शिक्षक राजकुमार, रविशंकर वर्मा एवं कृष्णकांत गुप्ता उपस्थित थे।

## रंका में शिवम बस और ट्रक की टक्कर, पांच घायल

**रंका (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के ग्राम झुमेलवा के पास राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 343 पर गुरुवार को अंबिकापुर की ओर जा रही शिवम नामक बस और एक ट्रक के आमने-सामने की टक्कर हो गई। इस हादसे में बस और ट्रक के चालक सहित पांच लोग घायल हो गए। वहीं, बाकि सवारियों को आंशिक रूप से चोट लगी है। प्रत्यक्षदर्शी स्थानीय समाजसेवी नसीम अंसारी ने आजाद सिपाही को बताया कि टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस और ट्रक के चालक बुरी तरह घायल हो गये। उनके हाथ-पैर फ्रैक्चर हो गये हैं। इनके साथ ही तीन बस यात्री भी घायल हुए हैं। घायलों में रविंद्र तिवारी मरहटिया, कैशर रजा रंका, सूरज चौधरी रक्शी, चालक विकास चौधरी हनुमंता नगर और भोला जायसवाल भवनाथपुर शामिल है। घायलों को समाजसेवी नसीम अंसारी एवं स्थानीय लोगों के सहयोग से रंका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया।

# एसडीएम ने अन्नराज डैम क्षेत्र का किया निरीक्षण, बोटिंग एवं स्टीमर सेवा बहाल



- नववर्ष, क्रिसमस एवं शीतकालीन अवकाश में प्रत्याशित भीड़ को लेकर व्यवस्थाओं का लिया जायजा
- तैराकी पर प्रतिबंध जारी रखने का निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** सदर एसडीएम संजय कुमार ने गुरुवार को अन्नराज डैम प्रक्षेत्र का निरीक्षण किया। आगामी नववर्ष, क्रिसमस और शीतकालीन अवकाश के दौरान बड़ी संख्या में पिकनिक मनाने एवं भ्रमण के उद्देश्य से आने वाले पर्यटकों की प्रत्याशित भीड़ को ध्यान में रखते हुए उन्होंने डैम क्षेत्र में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं, साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्थाओं, पार्किंग एवं यातायात व्यवस्था का जायजा लिया।

### साफ सफाई दुरुस्त करने का आदेश

निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने जिला मत्स्य पदाधिकारी, जिला पर्यटन पदाधिकारी और संबंधित विभागीय कार्यपालक अभियंता को डैम क्षेत्र एवं आसपास साफ-सफाई, कचरा प्रबंधन, संकेतक लेखन एवं पर्यटकों की सुविधा से जुड़ी अन्य व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही आपात स्थिति से निपटने के लिए गोताखोर की उपलब्धता एवं अन्य आवश्यक तैयारियां रखने पर भी जोर दिया गया। इस अवसर पर मुखिया राम लगन राम, जिला मत्स्य कार्यालय के चन्द्रेश्वर साहनी, पर्यटन एवं मत्स्यजीवी समितियों के सदस्य आदि उपस्थित रहे।

### नववर्ष-क्रिसमस को देखते हुए बोटिंग-स्टीमर सेवा पर लगे प्रतिबंध को हटाया

एसडीएम ने बताया कि इस डैम में हुई कुछ दुर्घटनाओं के मद्देनजर एहतियातन बीते 11 अगस्त को सुरक्षा की दृष्टिकोण से अन्नराज डैम क्षेत्र को तैराकी निषेध क्षेत्र (नो-स्विमिंग जोन) घोषित किया गया था। इस आदेश के तहत डैम में तैरने, कूदने, स्नान करने एवं अन्य जल-क्रीड़ा गतिविधियों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया था। किसी भी प्रकार की दुर्घटना की आशंका को देखते हुए बोटिंग एवं स्टीमर सेवा पर भी रोक लगाई गई थी। हालांकि, अन्नराज डैम क्षेत्र पर्यटन की दृष्टि से स्थानीय एवं आसपास के जिलों के लिए एक प्रमुख आकर्षण का केंद्र है, जहां नववर्ष, क्रिसमस एवं पूरे शीतकाल के दौरान बड़ी संख्या में पर्यटकों का आगमन होता है। ऐसे में जन-आकांक्षाओं, स्थानीय आजीविका तथा पर्यटन गतिविधियों को ध्यान में रखते हुए एसडीएम द्वारा पूर्व आदेश में आंशिक संशोधन किया गया है। जिसके तहत अब बोटिंग एवं स्टीमर सेवा को सशर्त अनुमति प्रदान की गई है, ताकि पर्यटक नियंत्रित एवं सुरक्षित ढंग से जल पर्यटन का आनंद ले सकें। हालांकि, किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना से बचाव के लिए डैम में तैरने, कूदने एवं स्नान करने पर प्रतिबंध पूर्ववत जारी रहेगा। एसडीएम ने स्पष्ट निर्देश दिया कि बोटिंग एवं स्टीमर संचालन के दौरान सभी सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। लाइफ जैकेट की उपलब्धता, क्षमता से अधिक सवारियों को न बैठाने, प्रशिक्षित कर्मियों की तैनाती तथा सतत निगरानी की व्यवस्था अनिवार्य रूप से की जाए।

## कांडी राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय में शिक्षकों की भारी कमी

# 643 छात्र-छात्राओं के पठन-पाठन की जिम्मेदारी एक सरकारी शिक्षक के भरोसे

आजाद सिपाही संवाददाता




कांडी। प्रखंड के विद्यालयों में शिक्षकों की भारी कमी के कारण न केवल बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है, बल्कि इसका सीधा असर शैक्षणिक परिणामों पर भी पड़ रहा है। कांडी मुख्यालय स्थित राजकीयकृत प्लस टू उच्च विद्यालय में कक्षा एक से कक्षा 8 तक कुल 643 छात्र-छात्राएं नामांकित हैं। बावजूद इसके विद्यालय में अब मात्र एक सरकारी शिक्षक ही कार्यरत रह गये हैं। बतातें चलें कि, पूर्व में यहां चार पारा शिक्षक भी कार्यरत थे, लेकिन हाल ही में सभी पारा शिक्षक सहायक आचार्य के रूप में बहाल होकर अन्य विद्यालयों में योगदान दे चुके हैं। जबकि, एकमात्र सरकारी शिक्षक को भी प्रतिनियोजन पर दूसरे विद्यालय भेज दिया गया, जिससे विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। वर्तमान स्थिति में विद्यालय में नियमित पठन-पाठन के बजाय केवल औपचारिक उपस्थिति और कागजी कार्यवाही पूरी की जा रही है। अभिभावकों का कहना है कि हाजिरी के बाद बच्चों की पढ़ाई नहीं हो पा रही, जिससे उनका भविष्य अंधकारमय होता जा रहा है। उन्होंने प्रशासन से अविलंब शिक्षकों की नियुक्ति की मांग की है। इस संबंध में जिला शिक्षा पदाधिकारी कैसर राजा ने बताया कि हाल के दिनों में कई शिक्षकों की सहायक अध्यापक पद पर नियुक्ति हुई है। विभाग ने सभी विद्यालयों से शिक्षकों का डेटा मंगाया है। आसपास के पोषक क्षेत्र के विद्यालयों से शिक्षकों का प्रतिनियोजन किया जा रहा है। सभी विद्यालयों को इस बाबत पत्र जारी कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि बोर्ड परीक्षाएं निकट हैं। इसे ध्यान में रखते हुए जल्द ही विद्यालयों में शिक्षकों की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी।

## श्रीकृष्ण गोशाला समिति का चुनाव चार जनवरी को

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** श्रीकृष्ण गोशाला समिति की प्रबंध समिति के चुनाव को लेकर चुनाव संचालन समिति की बैठक बुधवार की शाम विजय कुमार केसरी के आवास पर हुई। जिसमें वर्ष 2026 से 2031 के कार्यकाल के लिए प्रबंध समिति का चुनाव चार जनवरी 2026 को कराने का निर्णय लिया गया। वहीं, चुनाव संचालन समिति के अध्यक्ष विवेकानंद उपाध्याय के साथ सदस्य अधिवक्ता विजय पांडेय, नंदकुमार गुप्ता, विजय केसरी एवं अवधेश कुमार कुशवाहा उपस्थित थे। सभी सदस्यों ने संशोधित नियमावली/विनियम-2010 के अंतर्गत चुनाव संपन्न कराने पर सहमति जताई और विस्तृत चुनाव कार्यक्रम निर्धारित किया गया। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 20 दिसंबर को श्रीकृष्ण गोशाला समिति परिसर में मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी। नामांकन पत्रों का वितरण एवं प्राप्ति 26 एवं 27 दिसंबर को होगी। नामांकन की प्रक्रिया 28 एवं 29 दिसंबर और नामांकन पत्रों की जांच 30 दिसंबर को की जाएगी, जबकि नाम वापसी की अंतिम तिथि 31 दिसंबर निर्धारित की गई है। अंतिम प्रत्याशी सूची का प्रकाशन एक जनवरी को होगी। मतदान 4 जनवरी को सुबह 10 बजे से शुरू होकर अपराह्न तीन बजे तक श्रीकृष्ण गोशाला समिति परिसर में कराया जाएगा। उसी दिन अपराह्न 3.30 बजे के बाद मतगणना कर अध्यक्ष सहित सभी पदाधिकारियों के पदों के लिए नामांकन पत्र शुल्क 1100 रुपये और कार्यकारिणी सदस्य पद के लिए 500 रुपये निर्धारित किया गया है। इस चुनाव में अध्यक्ष (01), उपाध्यक्ष (02), सचिव (01), उपसचिव (01), कोषाध्यक्ष (01), उप कोषाध्यक्ष (01) एवं कार्यकारिणी सदस्य (10) पदों के लिए चुनाव होगा। वैध आजीवन सदस्य ही नामांकन एवं मतदान करेंगें।

## भाजपा का जिला अध्यक्ष चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न




**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** भाजपा सांगठनिक जिलाध्यक्ष चुनाव को लेकर गुरुवार को पार्टी के जिला कार्यालय में रायशुमारी हुई। जिसकी अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो ने किया। जिसमें चुनाव प्रभारी अमरदीप यादव और चुनाव पर्यवेक्षक प्रदेश रमेश सिंह ने सबकी राय ली। एक वोटर को तीन नाम का लिखीत पैनल देने का प्रावधान था। वोट देने वाले प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, जिला पदाधिकारी, मोर्चा जिलाध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष, मंडल प्रतिनिधि और पूर्व मंडल अध्यक्ष द्वारा तीन नामों का पैनल प्रदेश नेतृत्व को दिया गया। जिला अध्यक्ष चुनाव में प्रत्याशी के रुप में संतोष दुबे, ओमप्रकाश केशरी, उदय कुशवाहा, उमेश कश्यप, इंद्रमणि जायसवाल, सूरज गुप्ता, मुकेश चौबे, लक्ष्मण राम, रामाशीष तिवारी, ठाकुर प्रसाद महतो, अनीता गुप्ता, अरविंद तुफानी और मधुलता कुमारी प्रमुख रुप से जिला अध्यक्ष पद के दावेदार थे। इस दौरान जिला अध्यक्ष चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। अपने संबोधन में चुनाव प्रभारी अमरदीप यादव ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की बदौलत दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बनी है भाजपा एक राष्ट्रवादी लोकतांत्रिक पार्टी है जिसके कार्यकर्ता देश के उत्थान के लिए काम करते हैं। कहा कि भाजपा एकमात्र ऐसी पार्टी है जिसमें छोटे कार्यकर्ता भी अपनी त्याग तपस्या के दम पर उच्च पद प्राप्त करते हैं। वहीं, पर्यवेक्षक शोभा यादव ने कहा कि भाजपा ही एक ऐसा पार्टी है जिसमें लोकतांत्रिक व्यवस्था में चुनाव होता है एवं कार्यकर्ता के विचारों से अवगत होने के बाद ही अध्यक्ष का चुनाव किया जाता है। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री संतोष दुबे ने किया। इस मौके पर भाजपा नेता शारदा महेश, प्रताप देव, अलखनाथ पाण्डेय, मुकेश निरंजन सिन्हा, विधायक प्रतिनिधि विवेकानंद तिवारी, सांसद प्रतिनिधि प्रमोद चौबे, जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन तिवारी, संजय ठाकुर, महामंत्री ओमप्रकाश गुप्ता, जिला मीडिया प्रभारी रितेश चौबे, बबलू पटवा, डॉ पतंजलि केशरी, मीना गुप्ता, स्वाति तिर्की, पार्वती सिंह, मुरारी यादव, विकास तिवारी, लक्ष्मीकांत पाण्डेय, राजेंद्र गुप्ता, पियूष चौबे, महेंद्र सिंह, कुमार कनिष्क, जितेंद्र चंद्रवंशी और शैलेश चौबे आदि मौजूद थे।

**JHARKHAND URJA SANCHARAN NIGAM LTD.**
CIN: U40108JH2013SGC001704
Office of the General Manager,Transmission Zone-V,Hazaribag,
Office At - Sringari Complex, 1st Floor, Canary Hill Road,
Near Mont Fort School,Hazaribag,Pin – 825301,JH
eMail ID:- gmtzone5hzb@gmail.com

**TENDER CANCELLATION NOTICE**

Due to unavoidable circumstances, tender invited vide **eNIT No. – 494/PR/JUSNL/2025-26** is hereby cancelled.

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनीशिकयतों को 18003456570(कॉल सेन्टर) पर दर्ज करायें।

PR No- 365858

Sd/-
General Manager,
Transmission Zone-V, Hazaribag

PR 368916 Jharkhand Urja Sancharan Nigam Ltd(25-26).D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, झुमरीतिलैया

शुद्धि पत्र

इस कार्यालय के द्वारा प्रकाशित निविदा संख्या **36/JMT/2025-26**,PR No. **367497** Detailed survey, designing and drawing, Construction of R.C.C. Intake Well cum Pump House, R.C.C. Gangway 50 M long and 3.00 M wide, 1.65 MLD Capacity Unconventional Water Treatment Plant, RCC Elevated Service Reservoir- 436 KiloLitre capacity Staging height- 18 m, Staff Quarter, Compound wall, Supplying and laying Raw and Clear Water rising main and Distribution Network, House/Quarter Connection, Supplying and Installation of VT and Centrifugal pump motor and Five years Operation & Maintenance with allied works etc. all complete job for **Sainik School Telaiya Water Supply Scheme** under **D.W. & S. Division JhumriTelaiya** on turnkey basis.” में अपरिहार्य कारणवश निम्न संशोधन किया जाता है।

| क्र0 | पूर्व में प्रकाशित Distribution System in Pipe line dia | संशोधित Distribution System in Pipe line dia |
|---|---|---|
| 1 | परिमाण विपत्र के क्रमांक संख्या 198 से 239 तक Distribution System में Pipe line DI- K9 dia प्रकाशित हो गया है। | परिमाण विपत्र के क्रमांक संख्या 198 से 239 तक Distribution System में Pipe line DI- K9 dia के बदले **Pipe line DI-K7 dia** समझा जाय। |

शेष शर्तें यथावत रहेगी।

(ई0 अनुज कुमार सिन्हा)
कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल,झुमरीतिलैया

PR 368904 (Drinking Water and Sanitation)25-26*D

### भू-राजस्व, दाखिल-खारिज, भूमि सीमांकन की समीक्षा, अधिकारियों को निर्देश

# आपसी समन्वय बनाकर कार्यों का समय पर करायें निष्पादन : डीसी


**आजाद सिपाही संवाददाता**

**लातेहार।** डीसी उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में गुरुवार को समाहरणालय सभागार में राजस्व संग्रहण एवं राजस्व विभाग से संबंधित कार्यों की समीक्षा बैठक हुई। इसमें डीसी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि सभी विभाग अपने वार्षिक लक्ष्यों को हर हाल में पूरा करें। उन्होंने आंतरिक संसाधनों के अधिकतम उपयोग और पारदर्शी प्रणाली के माध्यम से राजस्व वृद्धि सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में जिले के नगर पंचायत क्षेत्र एवं अंचलों में निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध अब तक किए गए राजस्व संग्रहण की विस्तृत समीक्षा की गई। सभी पदाधिकारियों को वित्तीय वर्ष के लिए निर्धारित लक्ष्य


विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते डीसी उत्कर्ष गुप्ता।

के शेष लक्ष्य को जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने आपसी समन्वय स्थापित कर राजस्व संग्रह के शेष लक्ष्य को पूरा करने का निर्देश दिया। साथ ही राजस्व संग्रहण की धीमी गति वाले विभागों को सुधारात्मक प्रगति लाने एवं शेष लक्ष्य को समय पर पूरा करने का निर्देश दिया गया। बैठक में डीसी ने भू-लगान, निबंधन, दाखिल-खारीज, सक्सेसन म्यूटेशन, पार्टीशन म्यूटेशन और भूमि-सीमांकन की समीक्षा की। इस दौरान सभी अंचालाधिकारियों को दाखिल-खारीज मामलों के समयबद्ध निष्पादन करने का निर्देश दिया। इस मौके पर वन प्रमंडल पदाधिकारी प्रवेश अग्रवाल, अपर समाहर्ता रामा रविदास, लातेहार के अनुमंडल पदाधिकारी अजय कुमार रजक, जिला खनन पदाधिकारी नदीम सफी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन, संबंधित पदाधिकारी और सभी अंचल अधिकारी उपस्थित थे।

# 2.50 करोड़ की पेयजल योजना ठप, आठ साल से शुद्ध पानी को तरस रहे हरमू पंचायत के लोग







**आजाद सिपाही संवाददाता**

**लोहरदगा।** सदर प्रखंड के हरमू पंचायत अंतर्गत नदिया गांव में करोड़ों रुपये की लागत से निर्मित पेयजल योजना वर्षों से बंद पड़ी है। जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। वर्ष 2010-11 में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की ओर से करीब दो करोड़ 50 लाख रुपये की लागत से दो पानी की टंकियों का निर्माण कराया गया था। यह योजना कुछ वर्षों तक संचालित रही, लेकिन वर्ष 2017 के बाद से पूरी तरह ठप हो गई। पेयजल योजना बंद रहने के कारण हरमू पंचायत के राजस्व ग्राम नदिया, हरमू, रघुटोली और करचा टोली के करीब पांच हजार परिवार शुद्ध पेयजल से वंचित हैं। ग्रामीणों को मजबूरी में चापाकल, कुओं और अन्य अस्थायी स्त्रोतों से पानी लाना पड़ रहा है, जो कई बार असुरक्षित भी होता है। पंचायत शुरू से ही ड्राई जोन मानी जाती रही है। ऐसे में जल संकट ने लोगों की परेशानी और बढ़ा दी है। ग्रामीणों का आरोप है कि पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की लापरवाही, वर्तमान मुखिया और जलसहिया की उदासीनता के कारण वर्षों से इस समस्या की अनदेखी की जा रही है। इसे लेकर हरमू के पूर्व मुखिया सुनील महली ने कहा कि पंचायत स्तर पर लगातार मांग के बाद योजना के लिए फंड स्वीकृत हुआ था, लेकिन रखरखाव के अभाव में करोड़ों की योजना बेकार साबित हो रही है। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की कि बंद पड़ी पानी की टंकियों को शीघ्र चालू कराकर पंचायत के लगभग पांच हजार परिवारों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जाए।

# पंजाब नेशनल बैंक की बेतला शाखा पर खाताधारकों को परेशान करने का आरोप

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**बरवाडीह।** प्रखंड क्षेत्र के बेतला में संचालित पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) की शाखा में इन दिनों खाताधारकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पैसा जमा-निकासी, केवाईसी, खाते की लिमिट बढ़ाने जैसे कार्यों के लिए ग्राहकों को महीनों बैंक के चक्कर काटने पड़ रहे हैं। ग्राहकों का आरोप है कि एक ही काम के लिए बार-बार बैंक बुलाया जाता है। केवाईसी से संबंधित फॉर्म कथित तौर पर बिचौलियों के माध्यम से लिए जा रहे हैं, जो केवाईसी के नाम पर खर्च की मांग करते हैं। बताया जा रहा कि बिचौलियों के जरिए केवाईसी का काम बिना खाताधारक की मौजूदगी के जल्दी हो जाता है, जबकि आम ग्राहकों को बैंक कर्मियों द्वारा टाल-मटोल कर भटकाया जाता है। इतना ही नहीं, यदि किसी कार्य के लिए




फॉर्म जमा करने के बाद ग्राहक खुद उपस्थित रहकर काम न कराए, तो उसी काम के लिए दोबारा फॉर्म भरकर जमा करने की नौबत आ जाती है। इस स्थिति को लेकर आए दिन बैंक स्टाफ और ग्राहकों के बीच कहासुनी की घटनाएं सामने आ रही हैं। कुछ जागरूक ग्रामीणों का कहना है कि नए शाखा प्रबंधक के आने के बाद बैंक की व्यवस्था और भी लचर हो गई है। समय पर काम नहीं होने से लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। प्रतिदिन ग्राहकों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। इस संबंध में जब पंजाब नेशनल बैंक बेतला के शाखा प्रबंधक सन्नी कुमार से बात की गई, तो उन्होंने बताया कि बैंक में स्टाफ की कमी के कारण काम में देरी होती है। साथ ही तकनीकी समस्याओं के चलते भी कार्य प्रभावित होता है। उन्होंने कहा कि बैंक अपनी क्षमता के अनुसार प्रतिदिन कार्य कर रही है।

## 21 को नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन, दवा-जांच में 50 फीसदी छूट

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** सोनपुरवा चौधरी जेनरल एंड लकवा हॉस्पिटल के तत्वावधान में 21 दिसंबर को निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया है। जिसमें हृदय, मधुमेह, नस एवं लकवा रोग विशेषज्ञ डॉ पीके वर्मा, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ रागिनी अग्रवाल, फिजिशियन एवं शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ कुलदेव चौधरी, जेनरल फिजिशियन डॉ के मंडल, डॉ अखलाक अहमद, डेंटल सर्जन डॉ जुली कुमारी, फिजियोथेरेपिस्ट डॉ अभिषेक कुमार, आयुर्वेदिक फिजिशियन एवं पंचकर्म विशेषज्ञ डॉ अतुल्य शंकर मिश्रा निःशुल्क परामर्श देंगे। साथ ही दवा एवं जांच पर 50 फीसदी की छूट दी जाएगी। गढ़वा जिला मुख्यालय में पहला लकवा हॉस्पिटल होगा जहां अत्याधुनिक आईसीयू, जेनरल वार्ड, आयुर्वेदिक पंचकर्म, फिजियोथेरेपी, दवाखाना, पैथोलॉजीकल जांच एवं 24 घंटे



भर्ती की सुविधा उपलब्ध रहेगी। भर्ती मरीजों को रहने और खाने की सुविधा भी निःशुल्क रहेगा। पूरी टीम के साथ न्यूरो फिजिशियन डॉ पीके वर्मा 24 घंटे इमरजेसी सेवा प्रदान करेंगें। शिविर में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, जबकि, विशिष्ट अतिथि के रूप में गढ़वा एसडीएम संजय कुमार पांडेय और वरिष्ठ चिकित्सक सह समाजसेवी डॉ यासीन अंसारी होंगे। इलाज कराने वाले लोगों से अपील की गयी है कि वे साथ में पुराना रिपोर्ट जरूर लेकर आएं।

# व्यक्ति पर टांगी से जानलेवा हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**महुआडांड़/लातेहार (आजाद सिपाही)।** महुआडांड़ थाना क्षेत्र के परहाटोली गांव में एक व्यक्ति पर टांगी से जानलेवा हमला करने के आरोपी को पुलिस ने अंततः गिरफ्तार कर लिया। उसकी पहचान शिशुपाल नायक उर्फ शिशुपाल राम (25) के रूप में हुई है। पुलिस ने हमले में इस्तेमाल हथियार (टांगी) को भी जब्त कर लिया है।




### क्या है मामला

जानकारी के अनुसार, परहाटोली निवासी बजू घांसी पर गांव के ही शिशुपाल नायक उर्फ शिशुपाल राम ने टांगी से सिर पर जानलेवा हमला कर दिया था। इस हमले में बजू घांसी गंभीर रूप से घायल हो गया था। इस बाबत शिकायत दर्ज कराये जाने के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपित के खिलाफ भादवि की धारा 109 (1)/118(2) बीएनएस के तहत प्राथमिकी दर्ज की। उधर, महुआडांड़ थाना प्रभारी मनोज कुमार ने कहा कि पुलिस ने आरोपी शिशुपाल नायक को गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से घटना में इस्तेमाल टांगी भी बरामद कर ली है। आरोपी को न्यायालय में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत में लातेहार मंडल कारा भेज दिया गया है।

### पुलिस की चेतावनी

थाना प्रभारी ने कहा कि क्षेत्र में अमन-चैन बिगाड़ने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। चेतावनी देते हुए कहा कि किसी भी परिस्थिति में इस तरह के अपराध या अन्य आपराधिक मामलों में संलिप्त अपराधियों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्यवाही सुनिश्चित है। कानून हाथ में लेने वालों के खिलाफ पुलिस सख्ती से पेश आएगी।

# लात टोंगरी में जरूरतमंदों के बीच गर्म कपड़ों का वितरण



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** कड़ाके की ठंड को देखते हुए बरवाडीह प्रखंड अंतर्गत लात पंचायत के ग्राम टोंगारी में खरवार समुदाय के जरूरतमंद परिवारों के बीच सैकड़ों गर्म वस्त्र एवं कंबलों का वितरण किया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों को शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए नशा से दूर रहने के लिए भी जागरूक किया गया। समाजसेवी निर्दोष कुमार 'पिंटू' ने कहा कि ठंड के मौसम में जरूरतमंद परिवारों तक गर्म वस्त्र और कंबल पहुंचाना मानवीय कर्तव्य है। उन्होंने युवाओं एवं अभिभावकों से बच्चों की नियमित पढ़ाई सुनिश्चित करने और नशा जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रहने की अपील की। वहीं, अन्य वक्ताओं ने कहा कि शिक्षा समाज को सशक्त बनाती है, जबकि नशा परिवार और समाज दोनों के लिए घातक है। इस दौरान ग्रामीणों में विशेष उत्साह देखने को मिला। लाभार्थियों ने राहत सामग्री पाकर प्रसन्नता व्यक्त की और आयोजन के लिए समाजसेवियों के प्रति आभार जताया। इस मौके पर ग्राम टोंगारी के योगेश्वर सिंह, करीमन सिंह, जितेंद्र सिंह, संजय सिंह, सरजू सिंह, मंगू सिंह और मुनेश्वर सिंह आदि उपस्थित थे।

# लातेहार में गढ़वा का पहला मैच पलामू से

**गढ़वा जिला अंडर 14 क्रिकेट टीम की घोषणा, प्रतिक बने कप्तान**

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** शहर के साहिजना स्थित जिला क्रिकेट संघ के कार्यालय में गुरुवार को अंडर 14 क्रिकेट टीम की घोषणा क्रिकेट संघ के सचिव राघवेंद्र नारायण सिंह ने की। जिसमें प्रतीक कुमार को कप्तान बनाया गया। इसके अलावे ब्रयन सरकार को विकेटकीपर, आयुष्मान कुमार पांडेय, दिव्याम राज, जावेद अलम, उत्तम पाल, देव शौर्य, सचिन कुमार, हिमांशु कुमार सिंह, प्रतीक उरांव, युग प्रताप, रूपेश कुमार पांडेय, शमशेर अंसारी,




अर्जुन सिंह चौहान, आराध्या सिंह, अध्यंश चौधरी, आरव सोनी, शिवम कुमार गुप्ता, अर्णव शर्मा टीम में शामिल किया गया। टीम का कोच सिकंदर प्रजापति, जबकि सुशील कुमार को मैनेजर बनाया गया। इस अवसर पर क्रिकेट संघ के उपाध्यक्ष आलोक मिश्रा, सदस्य अजयकांत, कोच सिकंदर प्रजापति, अमित कुमार और प्रीतम कुमार उपस्थित थे। गौरतलब है कि झारखण्ड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन ने पूरे झारखंड को 6 जोन में बांटकर मैच आयोजित किया है। जिसमें गढ़वा को वेस्ट जोन में रखा गया है। वेस्ट जोन का मैच लातेहार जिला में आयोजित होगा। जिसमें लातेहार, गढ़वा, पलामू और चतरा की टीम शामिल है गढ़वा का पहला मैच पलामू जिला से 20 दिसंबर को खेला जायेगा।

# भाकपा-माले ने मनायी पूर्व महासचिव कॉमरेड विनोद मिश्र की पुण्यतिथि

**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** भाकपा-माले की बरवाडीह पूर्वी क्षेत्र लोकल कमेटी के तत्वावधान में ग्राम मुरू के बहेराटांड़ टोला में गुरुवार को पार्टी के पूर्व महासचिव कॉमरेड विनोद मिश्र की 27वीं पुण्यतिथि संकल्प दिवस के रूप में मनायी गयी। इस अवसर पर पार्टी पदाधिकारियों एवं स्थानीय ग्रामीणों ने कॉमरेड विनोद मिश्र की तस्वीर पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। भाकपा माले के प्रखंड सचिव कॉमरेड राजेंद्र सिंह ने कहा कि कॉमरेड विनोद मिश्र ने अपना संपूर्ण जीवन दबे-कुचले, शोषित और वंचित समाज के



अधिकारों के लिए संघर्ष करते हुए समर्पित कर दिया। वर्तमान समय में उनके विचार और संघर्ष और भी अधिक प्रासंगिक हो गए हैं। जरूरत है उनके बताए मार्ग पर चलते हुए जन-संघर्ष को और मजबूत किया जाए। इस दौरान लोकल कमेटी सचिव रमेश सिंह, प्रखंड कमेटी सदस्य सुदामा राम एवं मंजू देवी आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीणों की भी भागीदारी रही, जिन्होंने कॉमरेड विनोद मिश्र के संघर्षों को याद करते हुए उनके अधूरे सपनों को पूरा करने का संकल्प लिया।

## आरके पब्लिक स्कूल में अग्नि सुरक्षा मॉक ड्रिल का आयोजन

**बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** आरके पब्लिक स्कूल परिसर में गुरुवार को अग्नि सुरक्षा मॉक ड्रिल का आयोजन हुआ। जिसमें दो अनुभवी अधिकारियों विमल सोरेन एवं प्रवीण टोप्पो ने मुख्य प्रशिक्षक के रूप में कार्य किया। उन्होंने सबसे पहले आग से बचाव की मूल बातें और अग्निशामक यंत्रों के सही उपयोग के बारे में समझाया। साथ ही संकट के समय त्वरित निर्णय लेने पर जोर दिया। इसके बाद सत्र व्यावहारिक प्रदर्शन की ओर बढ़ा, जिसमें दिखाया गया कि आग लगने पर गैस सिलेंडर को सुरक्षित रूप से कैसे नियंत्रित किया जाय और बुझाया जाय। छात्रों ने अधिकारियों द्वारा दिखाये गये चरणों को ध्यान से देखा, जिसमें गैस की आपूर्ति बंद करने से लेकर फायर ब्लैंकेट और अग्निशामक यंत्र का उपयोग करना शामिल था। प्राचार्य डॉ पन्नालाल पुइतंडी जिन्होंने लगातार इस तरह के व्यावहारिक प्रशिक्षण को प्रोत्साहित किया है, ने इस पहल की सराहना की। कहा कि नियमित अभ्यास हमारे छात्रों में आत्मविश्वास-जागरूकता पैदा करने के लिये आवश्यक है।

### लातेहार से रांची तक वीर बीरसा मुंडा साइक्लोथॉन का शुभारंभ

# भगवान बिरसा मुंडा के विचार आज भी युवाओं के लिए प्रेरणाश्रोत: उत्कर्ष गुप्ता

**- डीसी ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**लातेहार।** एससीसी निदेशालय बिहार और झारखंड के तत्वावधान में वीर बिरसा मुंडा साइक्लोथॉन के प्रथम चरण का शुभारंभ गुरुवार को जिला खेल स्टेडियम से हुआ। डीसी उत्कर्ष गुप्ता ने हरी झंडी दिखाकर साइक्लोथॉन को रवाना किया। यह साइक्लोथॉन रांची एनसीसी ग्रुप मुख्यालय के मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है। इसके उद्देश्य महान आदिवासी स्वतंत्रता





सेनानी भगवान बिरसा मुंडा की विरासत को सम्मान देना, युवाओं में फिटनस, देशभक्ति और राष्ट्रीय एकता की भावना को सुदृढ करना है। इस अवसर पर डीसी ने कहा कि भगवान बिरसा मुंडा का जीवन साहस, बलिदान और सामाजिक न्याय के लिए संघर्ष का प्रतीक है। उनके विचार आज भी युवाओं के लिए प्रेरणाश्रोत है। दूसरी ओर, साइक्लोथॉन टीम ने 'शौर्य के कदम क्रांति की ओर' थीम के साथ लातेहार से मांडर तक साइकिल यात्रा शुरू की। इस अभियान का नेतृत्व कर्नल रविंद्र रावत, कमांडिंग ऑफिसर 12 बिहार एनसीसी बटालियन कर रहे हैं। उनके साथ स्थायी प्रशिक्षक स्टाफ और तीन बालिका कैडेट्स सहित कुल छह एनसीसी कैडेट्स शामिल हैं। डीसी ने युवाओं से आह्वान किया कि वे शारीरिक फिटनेस, अनुशासन और देशप्रेम को जीवन का हिस्सा बनायें। उन्होंने इस आयोजन के लिए एनसीसी, जिला प्रशासन और स्थानीय समुदाय के संयुक्त प्रयासो की सराहना की।

## विभिन्न विद्यालयों में 24 नवनियुक्त सहायक आचार्यों ने किया योगदान

**कांडी (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के विभिन्न सरकारी विद्यालयों में गुरुवार को कुल 24 नवनियुक्त सहायक आचार्यों ने अपने-अपने विद्यालयों में योगदान दिया। इनमें कक्षा एक से पांच श्रेणी में 16, कक्षा 6 से 8 श्रेणी (सामाजिक विज्ञान) में सात और भाषा कोटि में एक सहायक आचार्य शामिल हैं। कक्षा एक से पांच श्रेणी के अंतर्गत प्रावि भंडरिया में राम किशुन राम, प्रावि मंडरा (निष्फ) में संजय कुमार पाण्डेय, उत्क्रमित मध्य विद्यालय मोखापी में वरुण कुमार शर्मा, प्रावि महविया में मनोज कुमार चौबे, प्रावि शिवरी में जयप्रकाश, उत्क्रमित मध्य विद्यालय बत्तो खुर्द में दुर्गेश कुमार सिंह, प्रावि बहेरवा में सतीश चंद्र मेहता, कन्या मध्य विद्यालय कांडी में अवधेश मेहता, प्रावि नैनाबार में संतोष कुमार पाल, मध्य विद्यालय डुमरसोता में राजीव रंजन, मध्य विद्यालय सोहगड़ा में मनोज कुमार ठाकुर, मध्य विद्यालय पतरिया में मुनेश्वर राम, प्रावि पतीला में अरुण कुमार, प्रावि बेलहथ में नित्यानंद कुमार, मध्य विद्यालय घोड़दाग में राम प्रताप मेहता तथा मध्य विद्यालय सड़की में दिलीप कुमार ने योगदान किया। वहीं, कक्षा 6 से 8 (सामाजिक विज्ञान कोटि) के तहत शिवपुर मध्य विद्यालय में राकेश कुमार चौबे, घटहुआं कला मध्य विद्यालय में धनंजय कुमार गुप्ता, मोखापी मध्य विद्यालय में अरुण कुमार पाण्डेय, गोसांग मध्य विद्यालय में प्रवीण कुमार दुबे, कांडी कन्या मध्य विद्यालय में नागेंद्र पाल, बत्तो खुर्द मध्य विद्यालय में नवनीत कुमार द्विवेदी और पतरिया मध्य विद्यालय में अवधेश कुमार पाल ने विद्यालय में योगदान दिया। इसके अतिरिक्त भाषा कोटि के अंतर्गत मध्य विद्यालय मझिगांवा पूर्व में सुरेन्द्र कुमार सिंह ने अपना योगदान दिया है। इस मौके पर विद्यालयों में पूर्व से कार्यरत शिक्षकों ने नवनियुक्त सहायक आचार्यों का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया।

# मारपीट और लूटपाट मामले का उद्भेदन : दो अपराधी गिरफ्तार

**पुलिस ने आरोपियों के पास से एक देसी कट्टा, दो जिंदा गोली और मोबाइल फोन बरामद किया है**

आजाद सिपाही संवाददाता



लूटपाट में शामिल गिरफ्तार आरोपी और पुलिस पदाधिकारी।

**मेदिनीनगर/हुसैनाबाद।** हैदरनगर थाना क्षेत्र के कुकही मुगलजान टोला में मृत्युंजय प्रसाद के घर पर अज्ञात अपराधियों के द्वारा मारपीट व लूट पाट मामले में पुलिस ने कारवाई कर इस कांड में संलिप्त दो अपराधी नीरज कुमार और ओमप्रकाश सिंह को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से एक देशी कट्टा, दो जिंदा गोली और मोबाइल फोन बरामद किया है। हुसैनाबाद एसडीपीओ एस मोहमद याकूब के नेतृत्व में एक टीम गठित कर अपराधियों की गिरफ्तारी की गयी है।

वहीं एसपी रिष्मा रमेशन ने प्रेसवार्ता कर मामले की जानकारी दी है कि अज्ञात अपराधकर्मियों द्वारा मारपीट करते हुए लूटपाट की घटना को अंजाम देने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। हैदरनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कुकही के मुगलजान टोला में मृत्यंजय के घर पर रात्रि में अपराधकर्मियों के द्वारा मारपीट और लूटपाट करने को लेकर हैदरनगर थाना में अज्ञात अपराधकर्मियों के विरुद्ध 21 नवंबर को मामला दर्ज किया गया था। अपराधियों की गिरफ्तारी करने के लिए एसपी के निर्देशानुसार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी हुसैनाबाद के नेतृत्य में एक एसआईटी का गठन किया गया था। जिससे दो आरोपियों को पुलिस ने देशी कट्टा और दो जिंदा गोली के साथ गिरफ्तार कर लिया गया है।

इस कांड़ के संबंध में पूछताछ करने पर इनके द्वारा अपना अपराध स्वीकार करते हुए कांड में अपने अन्य सहयोगी अपराधकर्मियों के साथ मिलकर मारपीट कर लूटपाट करने तथा लूटे गये एक मोबाइल को अपने घर में रखने की बात को स्वीकार किया गया। अपराध स्वीकारोक्ति बयान के आधार पर उसके दोस्त ओम प्रकाश सिंह उर्फ दीपक सिंह उर्फ दीपू उम्र 22 वर्ष पिता-बिजेंद्र सिंह पता- कुकही, थाना-हैदरनगर, जिला- पलामू को हिरासत में लेकर पुछताछ किया जा रहा है। जिसमें सहयोगी नीरज कुमार, विक्की कुमार तथा अन्य तीन दोस्तों के साथ मिलकर घटना को अंजाम देने की बात स्वीकार किया है।

**छापामारी दल में शामिल पुलिस पदाधिकारी**

छापामारी में एसडीपीओ एस मोहम्मद याकूब, अंचल निरीक्षक विनोद राम, पुअनि अफ्जल अंसारी, बबलू कुमार, ओपी प्रभारी देवरी, सोनू गुप्ता, धनंजय कुमार गोप, आशीष कुमार, मुकेश कुमार सिंह, रमन कुमार, सौरभ चौबे, हैदरनगर थाना के सशस्त्र बल और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के अंगरक्षक सहित, तकनीकि शाखा पलामू शामिल है।

### उपायुक्त ने देवघर एयरपोर्ट परिसर के आसपास अतिक्रमण पर सख्त निगरानी का निर्देश दिया

# यात्रियों की सुरक्षा सर्वोपरि : नमन प्रियेश लकड़ा



आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में गुरुवार को हवाई अड्डा के सम्मेलन कक्ष में हवाई अड्डा पर्यावरण प्रबंधन समिति और हवाई अड्डा समिति की संयुक्त बैठक आयोजित की गयी। बैठक के दौरान उपायुक्त ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यात्रियों की सुरक्षा सर्वोपरि है और सुरक्षित हवाई यातायात सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन, एयरपोर्ट ऑथोरिटी एवं सिक्योरिटी एजेंसियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करना होगा।

उपायुक्त ने विशेष रूप से एयरपोर्ट परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में अतिक्रमण, अवैध निर्माण, निर्धारित ऊंचाई से अधिक निर्माण, कचड़ा डंपिंग जैसे मामलों पर कड़ी निगरानी रखने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इन गतिविधियों से न केवल सुरक्षा पर असर पड़ता है, बल्कि हवाई यातायात में भी जोखिम बढ़ता है। बैठक में डीजीसीए के दिशा-निर्देशों के अनुरूप एनटीआईजीसी मॉक ड्रिल, सुरक्षा ऑडिट एवं अन्य आवश्यक तैयारियों पर विस्तृत चर्चा करते हुए संबंधित विभागों एवं एयरपोर्ट अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

एयरपोर्ट के आसपास पक्षियों एवं आवारा कुत्तों को आकर्षित करने वाले कसाईखानों, मीट दुकानों एवं मांस-मछली के अवशेषों के खुले में फेंके जाने पर सख्त नियंत्रण के निर्देश दिये गये। बैठक के दौरान उपायुक्त ने सुरक्षा, सेफ्टी, अवैध निर्माण, बिना अनुमति निर्माण कार्य एवं एयरपोर्ट क्षेत्र की नियमित मॉनिटरिंग को लेकर देवघर व मोहनपुर के अंचलाधिकारी, एयरपोर्ट ऑथोरिटी एवं पुलिस प्रशासन को आपसी समन्वय से कार्य करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही देवघर एयरपोर्ट में विभिन्न सुरक्षा बिंदुओं एवं मॉक ड्रिल से जुड़े मामलों पर भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। बैठक में पुलिस अधीक्षक सौरभ, हवाई अड्डा निदेशक, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी राहुल कुमार भारती, ट्रैफिक डीएसपी, जिला अग्निशमन पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी देवघर एवं मोहनपुर, अंचलाधिकारी देवघर, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार विद्यार्थी, एयरपोर्ट ऑथोरिटी एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

## महाशिवरात्रि और शिवबारात को लेकर प्रशासन की बैठक, विशेष दर्शन पर रोक

**देवघर।** उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में महाशिवरात्रि एवं शिवबारात के सुरक्षित व सफल आयोजन को लेकर समाहरणालय सभागार में समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक में श्रद्धालुओं की सुविधा, विधि-व्यवस्था, सुरक्षा व यातायात प्रबंधन पर विस्तृत चर्चा हुई। उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि शीघ्रदर्शनम कूपन की राशि 600 रुपये पूर्ववत रहेगी, जबकि महाशिवरात्रि के अवसर पर वीआईपी/वीवीआईपी दर्शन पर पूर्ण रोक रहेगी। मंदिर परिसर और रूटलाइन में साफ-सफाई, पेयजल, शौचालय, बिजली, बैरिकेडिंग व सड़कों की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये। आपात स्थिति के लिए एम्बुलेंस व अग्निशमन वाहनों की निर्बाध आवाजाही पर भी जोर दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि श्रद्धालुओं को सुरक्षित व सुगम जलार्पण कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## समाजसेवी छोटेलाल के पिता के निधन पर विधायक संजय ने जतायी संवेदना



**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** शहरी क्षेत्र के अररुआ खुर्द कॉलेज मोड़ निवासी सामाजिक कार्यकर्ता छोटेलाल गुप्ता के 72 वर्षीय पिता रामनाथ प्रसाद गुप्ता के निधन पर हुसैनाबाद-हरिहरगंज विधानसभा क्षेत्र के विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने उनके आवास पहुंचकर शोकाकुल परिजनों से मुलाकात की। उन्होंने परिजनों को ढांढस बंधाते हुए कहा कि वे इस दुख की घड़ी में परिवार के साथ खड़े हैं। इस मौके पर राजद के वरिष्ठ नेता रवि यादव, प्रखंड राजद अध्यक्ष महेंद्र यादव सहित पार्टी के कई नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इनमें बुधन सिंह यादव, लखन यादव, रंजीत पासवान, राजकुमार पासवान, अशोक कुमार यादव, आनंद यदुवंशी, दीपक कुमार यादव, विकास यादव, भोला यादव समेत बड़ी संख्या में स्थानीय लोग शामिल थे।

## अखिलेश्वर ने उपायुक्त से कंबल वितरण की मांग की



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद प्रखंड क्षेत्र में इन दिनों ठंड बढ़ी हुई है, लेकिन अभी तक प्रशासन द्वारा जरूरतमंदों के बीच कंबलों का वितरण नहीं किया गया है। इस बार 18 दिसंबर के बाद भी कंबल का वितरण नहीं किया गया है। बढ़ते ठंड को देखते हुए सांसद प्रतिनिधि अखिलेश्वर मेहता, पतरा खुर्द के पंचायत समिति सदस्य प्रदीप पासवान, पूर्व पार्षद नजीर अहमद, सुहैल आलम, राजेन्द्र पाल समेत कई अन्य प्रतिनिधि व समाजसेवी ने पलामू उपायुक्त से अविलंब कंबल वितरण कराने की मांग की है।

## बुडलेवा गांव में रास्ता काटे जाने से ग्रामीणों में आक्रोश



विधायक से गुहार लगाकर लौटते ग्रामीण और काटा गया रास्ता।

**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के ढकचा पंचायत अंतर्गत बुडलेवा गांव में रास्ता काटे जाने और ग्रामीणों के साथ कथित प्रताड़ना का मामला सामने आया है। गांव के दर्जनों ग्रामीणों ने बीते बुधवार को हरिहरगंज प्रखण्ड के जगदीशपुर गांव में शिलान्यास के दौरान विधायक संजय कुमार सिंह यादव को हस्ताक्षरीयुक्त आवेदन सौंपकर न्याय की गुहार लगाई है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि जब उन्होंने इसका विरोध किया तो उनके साथ गाली-गलौज और मारपीट की गयी। इतना ही नहीं, गांव के बच्चों के स्कूल जाने तथा श्मशान घाट तक पहुंचने का यही एकमात्र रास्ता है, जिसे अब पूरी तरह बाधित कर दिया गया है। ग्रामीणों के अनुसार बारिश के मौसम में स्थिति और भी गंभीर हो जाती है। आवेदनकर्ताओं में कल्लू भुइंया, रामरति भैया, राजेश भुइंया, सुरेंद्र कुमार, अमित कुमार, राजकुमार, राहुल कुमार, उपेंद्र कुमार, मंटू भुइंया, साजन कुमार, लालमोहन भुइंया, सहेंद्र भुइंया, अनिश भुइंया सहित पुनिया देवी, पूर्णिया देवी, विनती देवी, ममता देवी, कौशिला देवी, शांति देवी, कविता देवी समेत दर्जनों ग्रामीण शामिल हैं।

# सीओ और बीडीओ ने नगर पंचायत क्षेत्र के दो धान क्रय केंद्र का किया उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता



सीओ तथा बीडीओ अररुआ कला गांव में क्रय केंद्र का उद्घाटन करते ।

**हरिहरगंज/पलामू।** नगर पंचायत अंतर्गत हरिहरगंज पूर्वी तथा अररुआ कला गांव स्थित डेमा पैक्स में गुरुवार को अंचल अधिकारी मनीष कुमार सिन्हा एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी पारितोष प्रियदर्शी ने संयुक्त रूप से धान अधिप्राप्ति केंद्र का विधिवत फीता काटकर उद्घाटन किया।

इस अवसर पर अधिकारियों ने पैक्स अध्यक्ष अमलेश कुमार, कृष्ण कुमार सिंह, क्रय पदाधिकारी खिरोधर रविदास तथा नोडल अधिकारी ब्रजेश कुमार को निर्देश दिया कि सरकार के निदेशानुसार केवल निबंधित किसानों से ही धान की खरीद सुनिश्चित की जाए। उन्होंने बताया कि धान की खरीद 2,450 रुपये प्रति क्विंटल की निर्धारित दर से की जाएगी, जिसमें बोनस राशि भी शामिल है।

मौके पर राजद प्रखंड अध्यक्ष महेंद्र यादव, अशोक जायसवाल, बुधन सिंह यादव, महादेव यादव, अशोक कुमार यादव, अरविंद पासवान, रामजी पासवान, अभय कुमार सिंह, रंजीत कुमार सहित कई जनप्रतिनिधि एवं स्थानीय लोग उपस्थित थे।

## मधुपुर : आम बगान में पेड़ से लटका मिला शव, हत्या की आशंका



**मधुपुर (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के पत्थरचप्टी मोहल्ला स्थित आम बगान में गुरुवार सुबह एक 40 वर्षीय व्यक्ति का शव पेड़ से लटकता मिलने से इलाके में सनसनी फैल गयी। मृतक की पहचान मार्गोमुंडा थाना क्षेत्र के मोहलीडीह गांव निवासी सुरेश पासवान के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही मधुपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की। स्थानीय लोगों व परिजनों ने हत्या कर शव लटकाने की आशंका जताई है। पुलिस ने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए हैं और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मधुपुर थाना पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों की पुष्टि हो पायेगी। फिलहाल मामले की गहन छानबीन की जा रही है और सभी संभावित पहलुओं पर जांच जारी है।

# पांकी में जाम और अतिक्रमण के खिलाफ आमरण अनशन



आजाद सिपाही संवाददाता

**पांकी(पलामू)।** पांकी मुख्य सड़क पर वर्षों से चली आ रही जाम और अतिक्रमण की गंभीर समस्या के खिलाफ गुरुवार को शहीद भगत सिंह चौक के समीप आमरण अनशन की शुरूआत की गयी। अनशन में मुख्य रूप से समाज सेवी कुमार अविनाश उर्फ.प्रिंस सिंह, भाजपा नेत्री मंजुलता दुबे, जिला परिषद प्रतिनिधि मुकेश सिंह चंदेल, पूर्व मंडल अध्यक्ष शत्रुघ्न सिंह, चंद्रशेखर सिंह, विंध्याचल महतो, अजय सिंह, श्याम नंदन ओझा, प्रवीण चौहान, विजय सिंह, प्रमोद सिंह, वृक्ष मिस्त्री, रेणु देवी, सुशीला देवी, निशा पांडे, अरुण सिंह, गोपाल सिंह, दिलीप ठाकुर, दीपू कुमारी, रीता चौहान, विनय सिंह पिंटू, नारों सिंह, सीता कुंवर, अजय सिंह, उर्फ गुरूजी, अब्दुल गफ्फार सहित सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल हुए। वक्ताओं ने कहा कि पांकी मुख्य सड़क पर रोज लगने वाले जाम से आम नागरिकों, विद्यार्थियों, मरीजों और व्यापारियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन बार-बार शिकायत के बावजूद प्रशासन द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गयी। आंदोलनकारियों ने चेतावनी दी कि जब तक समस्याओं का स्थायी समाधान नहीं निकाला जाता, तब तक उनका शांतिपूर्ण आंदोलन जारी रहेगा।

# देवघर में बढ़ते प्रदूषण पर आदर्श लक्ष्य ने पर्यावरण समिति से की हस्तक्षेप की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता





**देवघर ।** जिले में लगातार बढ़ रही पर्यावरणीय एवं प्रदूषण संबंधी समस्याओं को लेकर आजसू पार्टी के जिला अध्यक्ष आदर्श लक्ष्य ने माननीय सदस्य, विधानसभा पर्यावरण एवं प्रदूषण नियंत्रण समिति, झारखंड सरकार को एक विस्तृत पत्र सौंपते हुए शीघ्र हस्तक्षेप की मांग की है। आदर्श लक्ष्य ने कहा कि देवघर जिला धार्मिक, सांस्कृतिक एवं प्राकृतिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है, लेकिन वर्तमान में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की विफलता, जल स्त्रोतों का प्रदूषण, वायु एवं ध्वनि प्रदूषण में वृद्धि, हरित क्षेत्रों का क्षरण तथा पर्यावरणीय नियमों के अनुपालन में शिथिलता जैसी गंभीर समस्याएं सामने आ रही हैं। इसका प्रतिकूल प्रभाव आम जनजीवन, जनस्वास्थ्य और पर्यावरणीय संतुलन पर पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि इस गंभीर विषय से बड़कागांव विधायक रोशन लाल चौधरी और बोकारो विधायक श्वेता सिंह को भी अवगत कराया गया है, ताकि उनके सहयोग एवं मार्गदर्शन से देवघर जिले में पर्यावरण संरक्षण हेतु ठोस एवं प्रभावी पहल सुनिश्चित की जा सके। आदर्श लक्ष्य ने मांग की कि देवघर जिले में पर्यावरणीय स्थिति का शीघ्र स्थलीय निरीक्षण कराया जाए, संबंधित विभागों को स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए जाएं तथा एक प्रभावी कार्ययोजना बनाकर कचरा प्रबंधन, जल-वायु प्रदूषण नियंत्रण, ध्वनि प्रदूषण पर रोक और हरित क्षेत्र संरक्षण की दिशा में त्वरित कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक वर्ग की सामूहिक जिम्मेदारी है।

# मंडल रेल प्रबंधक ने किया जपला समेत कई अन्य स्टेशनों का निरीक्षण

**रेल प्रबंधक ने अमृत भारत स्टेशन योजना के कार्यों में गति बनाये रखने, गुणवत्ता सुनिश्चित करने तथा यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा को प्राथमिकता देने के आवश्यक दिशा-निर्देश दिये**

आजाद सिपाही संवाददाता



**हुसैनाबाद ।** मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना द्वारा अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत चल रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा हेतु विभिन्न स्टेशन का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने जपला, मोहम्मदगंज, हैदरनगर, जपला, नबीनगर समेत कई अन्य स्टेशन पर अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत चल रहे विकास कार्यों का अवलोकन किया तथा उनके कार्य प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने स्टेशन परिसरों में यात्री सुविधाओं, स्वच्छता, प्रतीक्षालय, पेयजल, शौचालय, प्रकाश व्यवस्था तथा अन्य आधारभूत संरचनाओं की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में रेल परिचालन, संरक्षा, सिगनलिंग, ओएचई एवं ट्रैक की स्थिति का भी अवलोकन किया गया, ताकि स्टेशन विकास कार्यों के साथ-साथ परिचालनिक दक्षता भी सुनिश्चित रहे। निरीक्षण के समय संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। मंडल रेल प्रबंधक ने अमृत भारत स्टेशन योजना के कार्यों में गति बनाये रखने, गुणवत्ता सुनिश्चित करने तथा यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा को प्राथमिकता देने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। मौके पर स्टेशन प्रबंधक संजय कुमार सिंह, आरपीएफ के निरीक्षक प्रभारी राजेश कुमार मीणा, एसआई कार्तिक बिंझा समेत कई अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

# पलामू जिले को बाल विवाह मुक्त कराने का संकल्प लें : राकेश रंजन

**डीडीसी के कार्यालय सभागार में पलामू को बाल विवाह से मुक्ति कराने को ले पीएलभी के साथ हुई कार्यशाला**

आजाद सिपाही संवाददाता




**मेदिनीनगर।** पलामू जिले को बाल विवाह मुक्त कराने का संकल्प ले उक्त बातें जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव राकेश रंजन ने कही। वे गुरुवार को डीडीसी कार्यालय के सभागार में नालसा के दिशा निर्देश व डालसा पलामू के तत्वावधान में बाल विवाह की रोक थाम, बच्चों के अधिकारों की रक्षा व समुदायों के भीतर जागरूकता बढ़ाने को लेकर आयोजित कार्यशाला में बोल रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए पलामू डीएलएसए सचिव राकेश रंजन ने बाल विवाह रोकथाम अधिनियम 2006 के बारे में चर्चा करते हुए कहा कि बाल विवाह एक गंभीर सामाजिक समस्या है। साथ ही यह कानूनन अपराध भी हैं। उन्होंने पीएलभी से कहा कि अपने-अपने क्षेत्र में सामाजिक कुरीतियां बाल विवाह व डायन प्रथा को लेकर लोगों को जागरूक करें। माह में एक बार स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम जरूर चलाएं। पलामू को बाल विवाह मुक्त जिला बनाने में अपना अहम योगदान दें। इसके पूर्व डीएलएसए के सचिव राकेश रंजन, एलएडीसी चीफ अमिताभ चंद सिंह, डिप्टी चीफ संतोष कुमार पांडेय, यूनिसेफ की जिला समन्वयक सुमन, झारखंड शिक्षा परियोजना के एपीओ उज्जवल कुमार मिश्रा और नीति आयोग के पलामू जिला परियोजना सहायक निरंजन कुमार गुप्ता ने द्वीप प्रज्ज्वलित कर कार्यशाला का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का संचालन पलामू डीएलएसए के कार्यालय प्रभारी संजीव कुमार सिंह ने किया।

मौके पर लीगल एड डिफेंस काउंसिल के चीफ अमिताभ चन्द सिंह ने कहा कि 18 वर्ष से कम उम्र की लड़की व 21 वर्ष से कम उम्र के लड़के का शादी बाल विवाह के अंतर्गत आता है। बाल विवाह रोकने के लिए टॉल फ्री नंबर 1098 पर कॉल कर सकते हैं। एलएडीसी के डिप्टी चीफ संतोष कुमार पांडेय ने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर व शिक्षा से वंचित परिवारों का बाल विवाह कराने की तरफ झुकाव अधिक रहता है।

मौके पर नीति आयोग के पलामू जिला परियोजना सहायक निरंजन कुमार गुप्ता ने कहा कि बाल विवाह रुकवाने के लिए उपायुक्त, उप विकास आयुक्त, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, प्रखंड लेवल पर बीडीओ, सीडीपीओ, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी व पंचायत लेवल पर पंचायत सचिव बाल विवाह रुकवा सकते हैं। कहा कि बाल विवाह रुकवाने या बच्चों के खिलाफ किसी भी अपराध होने पर टोल फ्री नंबर 1098 पर कॉल कर सकते हैं। पुलिस से सहयोग के लिए 112 पर कॉल करें। उन्होंने कानून के सभी पहलुओं पर पीएलभी के साथ चर्चा की। मौके पर झारखंड शिक्षा परियोजना के एपीओ उज्जवल कुमार मिश्रा ने कहा कि स्कूलों के माध्यम से बच्चों को जागरूक किया जाए तो कुरीतियों पर लगाम लगेगी। उन्होंने सरकारी योजनाओं का जिक्र करते हुए बच्चियों को शिक्षा व माता-पिता को आजीविका मिशन से जोड़ना होगा। कार्यक्रम में पलामू जिले के पंचायत में कार्यरत पीलभी शामिल थे।

# पत्रकार अरुण कुमार सिंह को दी गयी भावभीनी श्रद्धांजलि

**अरविंद जनता हेल्पलाइन सेंटर में शोकसभा का आयोजन**

आजाद सिपाही संवाददाता



**छतरपुर (पलामू)।** पत्रकार स्वर्गीय अरुण कुमार सिंह के असामयिक निधन पर गुरुवार को नगर के बस स्टैंड स्थित ठाकुरबाड़ी के सामने अरविंद गुप्ता चुनमुन जनता हेल्पलाइन सेंटर में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किये। सभा में वक्ताओं ने संबोधित करते हुए कहा कि अरुण कुमार सिंह केवल एक पत्रकार ही नहीं, बल्कि समाज के सजग प्रहरी थे। उन्होंने जीवन भर जनहित, सत्य और सामाजिक सरोकारों को प्राथमिकता दी। उनका निधन पत्रकारिता जगत और समाज के लिए अपूरणीय क्षति है, जिसकी भरपाई संभव नहीं है। हेल्पलाइन सेंटर के संचालक सामाजिक कार्यकर्ता अरविंद गुप्ता चुनमून ने शोकाकुल परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि आज के नवोदित पत्रकारों को उनके बताए मार्ग पर चलना चाहिए। श्रद्धांजलि सभा में प्रखंड कार्यालय के नवाब जी, सुनील कुमार, कामता पासवान, लखन यादव, रामराज पासवान, धर्मेंद्र प्रसाद, कपिलदेव प्रजापति, सुदामा पासवान, शनि कुमार, पत्रकार राजीव सिन्हा, विनोद कुमार, अश्विनी कुमार, मित्तल सिंह, असगर हुसैन, अरविंद अग्रवाल, सुरेंद्र कुमार गुप्ता, चंदन कुमार, पंचम कुमार, मनोज गुप्ता, यमुना यादव, उमेश कुमार, अमित कुमार, जितेंद्र कुमार सहित बड़ी संख्या में सामाजिक, राजनैतिक कार्यकर्ता और पत्रकार उपस्थित रहे।

# गुमला में बिरसा मुंडा साइक्लोथॉन की शुरुआत



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती वर्ष के अवसर पर वीर बिरसा मुंडा साइक्लोथॉन का शुभारंभ गुरुवार को परमवीर अल्बर्ट एक्का स्टेडियम, गुमला से हुआ। 46 झारखंड बटालियन एनसीसी की छह सदस्यीय साइकिलिस्ट टीम को राजयोगिनी शांति दीदी सहित अतिथियों ने हरी झंडी दिखाकर रांची के लिए रवाना किया। यह साइक्लोथॉन गुमला-लोहरदगा होते हुए रांची पहुंचेगा, जहां मुख्यमंत्री टीम का स्वागत करेंगे। 28 दिसंबर को रांची से दल नई दिल्ली रवाना होगा और 16 जनवरी को प्रधानमंत्री से भेंट करेगा। लेफ्टिनेंट कर्नल बीपी शर्मा टीम का नेतृत्व कर रहे हैं।

# जुआ खेलते 23 जुआरी धराये, भेजे गये जेल



आजाद सिपाही संवाददाता

**कामडारा।** बकसपुर सामुदायिक भवन के पास जुआ (ताश) खेल रहे 23 लोगों को कामडारा पुलिस ने बुधवार देर रात गिरफ्तार किया। गुरुवार को सभी आरोपियों को न्यायिक हिरासत में गुमला जेल भेज दिया गया। थाना प्रभारी मुकेश कुमार सुमन ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि बकसपुर सामुदायिक भवन के समीप जुआ खेला और खिलवाया जा रहा है, जिससे आसपास के इलाके में शोर-शराबा हो रहा है। सूचना के सत्यापन के बाद वरीय अधिकारियों के निर्देश पर सशस्त्र बल के साथ छापेमारी की गयी। रात करीब 1:05 बजे पुलिस ने जुआ खेलते लोगों को घेर लिया, घेराबंदी इतनी जबरदस्त थी कि भागने का प्रयास करने के बावजूद कोई सफल नहीं हो सका ।

मौके से ताश के पत्ते, छह चार पहिया वाहन, चार दो पहिया वाहन,जुआ खेलने का सामान और नकद ढाई लाख रुपए जब्त किया गया। सभी आरोपियों के विरुद्ध बीएनएस की संबंधित धाराओं एवं बंगाल सार्वजनिक जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है और सभी पकडे गये जुआरियों को जेल भेज दिया गया।

## घर से नगद समेत आभूषण की चोरी

**गुमला (आजाद सिपाही)।** सदर थाना क्षेत्र के तिगरा निवासी कामेश्वर साहू ने गुमला थाना में आवेदन सौंप कर अज्ञात चोरों के खिलाफ चोरी की प्राथमिकी दर्ज कराया है। प्राथमिकी के अनुसार 16 दिसंबर की दोपहर 12 बजे कामेश्वर अपने पूरे परिवार के साथ आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए गया हुआ था। वापस दोपर एक बजे घर लौटने पर पाया कि घर का ताला टूटा हुआ है और आलमीरा से 10 हजार नकद और सोने का आभूषण गायब है।

## हाइवा ने बाइक को मारी टक्कर, दो घायल

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला बांसडीह रोड स्थित परसा टुकू टोली के पास हाईवा के टक्कर से पोगरा निवासी समीर मिंज और रोहित बाड़ा घायल हो गये। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को सदर अस्पताल लाया गया जहां दोनों का इलाज चल रहा है।

# राष्ट्रपति के आगमन को लेकर जिला प्रशासन ने तेज की तैयारियां



आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** गुमला जिले के रायडीह प्रखंड में 30 दिसंबर 2025 को आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय जनसंस्कृतिकि समागम समारोह में महामहिम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के प्रस्तावित आगमन को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियाँ तेज कर दी हैं। राष्ट्रपति पद संभालने के बाद यह उनका पहला गुमला दौरा होगा, जिसे लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। महामहिम राष्ट्रपति रायडीह स्थित शंख मोड़, बेरियर बगीचा माझाटोली परिसर में कार्यक्रम में शामिल होंगी। इसे लेकर सुरक्षा, यातायात, स्वच्छता, पार्किंग, भीड़ नियंत्रण एवं विधि-व्यवस्था की व्यापक समीक्षा की जा रही है। इसी क्रम में उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित एवं पुलिस अधीक्षक हरीश बिन जमां के नेतृत्व में वरीय अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल का संयुक्त निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। उपायुक्त ने कहा कि सभी विभागों के समन्वय से व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं, ताकि राष्ट्रपति का दौरा गरिमामय एवं सफल हो। निरीक्षण के दौरान जिला और प्रखंड स्तर के कई अधिकारी उपस्थित रहे।

# घाघरा में जल गुणवत्ता जांच प्रशिक्षण सह एफटीके वितरण कार्यशाला का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**घाघरा।** घाघरा पंचायत सचिवालय में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग द्वारा जल जीवन मिशन के अंतर्गत द्वितीयक जल जांच परीक्षण प्रशिक्षण सह एफटीके वितरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल की गुणवत्ता सुनिश्चित करना, नियमित निगरानी व्यवस्था को मजबूत करना तथा जलसहियाओं की क्षमता का विकास करना था। कार्यशाला के दौरान जलसहिया को जल गुणवत्ता, शुद्ध पेयजल के महत्व, जल स्रोतों की स्वच्छता, नमूना संग्रहण की प्रक्रिया तथा एफटीके के माध्यम से पानी की प्राथमिक जांच की विधि की विस्तृत जानकारी दी गयी। प्रशिक्षकों ने बताया कि नियमित जांच से जल जनित बीमारियों की रोकथाम संभव है और समय रहते दूषित जल स्रोतों की पहचान कर आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाए जा सकते हैं। प्रशिक्षण में जलसहियाओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया और परीक्षण किट के उपयोग का व्यावहारिक अभ्यास किया। मौके पर एफटीके का वितरण भी किया गया, ताकि गांव स्तर पर ही जल की जांच की जा सके। आयोजन के दौरान जल जीवन मिशन के उद्देश्यों, सुरक्षित पेयजल आपूर्ति और सामुदायिक सहभागिता पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित पदाधिकारियों ने कहा कि इस तरह के प्रशिक्षण से गांवों में स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित होगी तथा ग्रामीणों के स्वास्थ्य में सुधार आयेगा। मौके पर कई जलसहिया उपस्थित थे।

# इडी की कार्रवाई दुर्भावनापूर्ण, अदालत के फैसले से केंद्र सरकार की मंशा उजागर : फिरोज आलम

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** जिला कांग्रेस महासचिव फिरोज आलम ने कहा कि यंग इंडियन मामले में कांग्रेस नेतृत्व सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ इडी की कार्रवाई को अदालत ने अवैध और दुर्भावना से प्रेरित माना है। उन्होंने कहा कि अदालत ने स्पष्ट किया है कि ईडी का मामला क्षेत्राधिकार से बाहर है और बिना एफआईआर के कोई केस नहीं बनता। फिरोज आलम ने आरोप लगाया कि पिछले एक दशक से मोदी सरकार मुख्य विपक्षी दल के खिलाफ राजनीतिक प्रतिशोध की भावना से कार्रवाई कर रही थी, जो अब पूरी तरह बेनकाब हो गयी है। उन्होंने कहा कि मनी लांड्रिंग, अपराध से आय और संपत्ति हस्तांतरण से जुड़े सभी आरोप निराधार साबित हुए हैं। कांग्रेस पार्टी सत्य और लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष करती रहेगी और किसी दबाव से डरने वाली नहीं है।

## 58 चिन्हित पाट क्षेत्रों के लोगों को मिलेगी लगातार स्वास्थ्य सेवा

# उपायुक्त ने किया मासिक स्वास्थ्य कैलेंडर जारी

आजाद सिपाही संवाददाता

**गुमला।** जिले के सुदूर एवं दुर्गम पाट क्षेत्रों में रहने वाले नागरिकों को अब सुलभ एवं नियमित स्वास्थ्य सेवा मिलेगी। यह सेवा उपलब्ध कराने के लिए उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित ने एक महत्वपूर्ण पहल की है। ऐसे पाट क्षेत्र, जहां वर्तमान में निकटवर्ती स्वास्थ्य केंद्रों की दूरी अधिक है, वहां स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचायी जायेंगी। इस के लिए 58 पाट क्षेत्रों को चिन्हित किया गया है। जिस के लिए एएनएम की तैनाती कर मासिक तिथि कैलेंडर जारी किया गया है।

### शिविर में ओपीडी, टिकाकरण रोगी जांच और दवा का होगा वितरण

स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से ग्रामीणों को सामान्य ओपीडी एवं दवा वितरण, एएनसी सेवाएं, टीकाकरण, रक्तचाप एवं शुगर की जांच, सिकल सेल स्क्रीनिंग, हिमोग्लोबिन जांच, टीबी स्क्रीनिंग, मलेरिया जांच, कुष्ठ रोगियों की पहचान, स्कूल स्वास्थ्य जांच, काउंसलिंग, कैंसर स्क्रीनिंग, जागरूकता कार्यक्रम तथा आयुष्मान कार्ड निर्माण जैसी आवश्यक सेवाएं प्रदान की जायेंगी।

**माह में कम से कम एक बार पाट क्षेत्रों के गांवों का भ्रमण करेंगे एएनएम :** इस पहल के अंतर्गत जिला के बिशुनपुर, घाघरा, डुमरी, जारी एवं चैनपुर प्रखंडों के पाट क्षेत्रों में आम जनमानस को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए संबंधित सीएचओ, एएनएम, एमपीडब्लू एवं अन्य स्वास्थ्यकर्मियों को निर्देश दिया गया है कि वे प्रत्येक माह कम से कम एक बार पाट क्षेत्रों के गांवों का भ्रमण कर ग्रामीणों को व्यापक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराएं।

**उपायुक्त स्वयं करेंगी नियमित मॉनिटरिंग :** इस संबंध में उपायुक्त द्वारा स्वयं नियमित रूप से मॉनिटरिंग की जायेगी, वहीं उपायुक्त के गोपनीय कार्यालय द्वारा भी प्रतिदिन इसकी निगरानी सुनिश्चित की जायेगी, ताकि सेवाओं के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की लापरवाही न हो।

उपायुक्त ने जिले के पाट क्षेत्रों के नागरिकों से अपील की है कि यदि किसी क्षेत्र में निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार एएनएम या स्वास्थ्यकर्मी नियमित रूप से भ्रमण नहीं करते हैं, तो इसकी सूचना सीधे उपायुक्त कार्यालय को दी जा सकती है।

# मच्छर जनित बीमारियों से बचाव के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम



आजाद सिपाही संवाददाता

**कामडारा।** कामडारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कामडारा में गुरूवार को आरएचपी डॉक्टरों को वेक्टर बॉर्न डिजीज (मलेरिया, फाइलेरिया, डेंगू एवं चिकनगुनिया) जैसी मच्छर जनित बीमारियों का एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सुनील खलखो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कामडारा के द्वारा मलेरिया, फाइलेरिया, डेंगू एवं चिकनगुनिया जैसी मच्छर जनित बीमारियों पर विस्तृत जानकारी दी गयी। डॉक्टर खलखो ने इन रोगों के कारण, इनके फैलने के माध्यम तथा बचाव के प्रभावी उपायों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि समय पर रोग की पहचान एवं उचित उपचार से गंभीर जटिलताओं को रोका जा सकता है। उन्होंने प्रशिक्षण के दौरान रोगी पाए जाने की स्थिति में प्राथमिक स्तर पर दी जाने वाली दवाइयों, आवश्यक जांच, रेफरल प्रक्रिया तथा फॉलोअप की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही आरएचपी डॉक्टरों को निर्देश दिया गया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में सतर्कता बरतें,आम लोगों को मच्छर जनित रोगों के प्रति जागरूक करें तथा रोकथाम के लिए विभागीय दिशा-निर्देशों का सख्ती से अनुपालन करना सुनिश्चित करें। मौके पर डॉक्टर, एएनएम, जीएनएम सहित लगभग 30 स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित थे।

# धनवा उरांव का ब्लाइंड स्टिक मॉडल राज्य स्तरीय इंस्पायर अवार्ड प्रतियोगिता के लिए चयन

मदन साहु

**सिसई (आजाद सिपाही)।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय प्रखंड मुख्यालय सिसई के कक्षा 9 वीं के छात्र धनवा उरांव के द्वारा बनाए गए ब्लाइंड स्टिक मॉडल का चयन राज्य स्तरीय इंस्पायर अवार्ड प्रतियोगिता के लिए हुआ है। विभाग से सूचना मिलने के बाद शिक्षकों और विद्यार्थियों सहित पूरे प्रखंड में खुशी का माहौल है। 19 दिसंबर को रांची में राज्य स्तरीय प्रदर्शन प्रतियोगिता का आयोजन होना है। विद्यालय के वार्डन सह प्रधानाध्यापिका मीना साहु ने धनवा उरांव को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी हैं।



**एक सप्ताह में तैयार किया मॉडल :** धनवा उरांव ने बताया कि यंत्र के माध्य से अंधे (दृष्टिबाधित) व्यक्तियों को रास्ता चलने में सुविधा होगा। यंत्र के सामने कोई वस्तु आएगा तो उसमें लगा सेंसर के कारण सायरन आवाज करने लगेगा। जिससे आंख से लाचार और पीड़ित लोगों को सुविधा होगी। इसी सोच के साथ यंत्र को तैयार करने में एक सप्ताह का समय लगा।

**माता पिता का हो चुका हैं निधन :** धनवा उरांव प्रखंड के उतरी बरगांव पंचायत अंतर्गत बरगांव चट्टीटोली गांव के निवासी हैं। वर्ष 2014 में सांप के काटने से पिता स्वर्गीय गोया उरांव और वर्ष 2016 में बीमारी से माता सुको देवी का निधन हो चुका हैं। माता-पिता के निधन के बाद धनवा उरांव अपने दो भाइयों के साथ दादी रुघी उरांव के साथ रहता था। बड़े पिताजी बुद्धू उरांव के प्रयास के बाद नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय सिसई में कक्षा 6 में नामांकन कराया गया। उसके बाद से धनवा उरांव लगातार शिक्षकों की देखरेख में नियमित रूप से पढ़ाई कर रहा हैं। धनवा ने बताया कि विज्ञान के शिक्षक रवि रवानी, और रोहित कुमार के मार्गदर्शन पर ब्लाइंड स्टिक यंत्र बनाकर तैयार किया। जो राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ हैं। धनवा उरांव ब्लाइंड स्टिक यंत्र बनाकर विद्यालय, प्रखंड, सहित जिला का नाम रोशन किया है। 19 दिसंबर को अपने शिक्षक रोहित कुमार के साथ राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होंगे।

# संत मैरिज स्कूल के वार्षिक उत्सव समारोह में बच्चों के रंगारंग प्रस्तुति से लोगों का मन मोहा

आजाद सिपाही संवाददाता



**कामडारा।** कामडारा संत मैरिज स्कूल कुदा में गुरुवार को विद्यालय का वार्षिक उत्सव समारोह रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया। यह कार्यक्रम 'मारिया ऑरा - जहा हर बच्चा चमकता है' नाम और विषय के अंतर्गत आयोजित किया गया था। जो प्रत्येक बच्चे की विशिष्ट प्रतिभा और क्षमता को दशार्ता है।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में खूंटी धर्मप्रांत के धर्माध्यक्ष बिशप विनय कंडुलना ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घघाटन किया। इसके बाद स्कूल के बच्चों ने एक से बढ़ कर एक कार्यक्रम की प्रस्तुति की जिसकी दर्शकों व अभिभावकों ने जमकर सराहना किया। रंगारंग लाइटों की रोशनी के बीच अंग्रेजी गानों पर आयोजित रंगारंग कार्यक्रम चार चांद लगा दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विशप विनय कंडुलना ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में कहा कि विद्यालय प्रबंधन द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे कार्य काफी बेहतर है। महत्वपूर्ण योगदान की सराहना करते हुए छात्रों को शिक्षा के क्षेत्र में और आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।साथ ही उन्होंने अभिभावकों को अपने बच्चों को निरंतर सीखने, आगे बढ़ने और एक अच्छा नागरिक बनने के लिए प्रेरित करने का संदेश भी दिया।


इस कार्यक्रम की विशेष बात यह रही कि प्रत्येक छात्र को मंच पर प्रस्तुति देने का अवसर दिया गया। जिससे वे अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित कर सके। रंगारंग प्रस्तुतियों ने छात्रों के आत्मविश्वास को बढ़ाया और उनके सर्वांगीण विकास को दर्शाया जो कार्यक्रम के विषय को सार्थक करता है। यह वार्षिक उत्सव विद्यालय छात्रों और अभिभावकों के लिए एक यादगार क्षण रहा। जो शिक्षा के प्रति विद्यालय की प्रतिबद्धता को पुनः सुदृढ़ करता है। कार्यक्रम में प्रिंसिपल विन्सी फीलिप, फादर, सिस्टर, समेत स्कूल के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं का योगदान काफी सक्रिय रहा।

# हड़िया-दारु बेचना छोड़ कर ऑटो चला रही हैं लीना और सावित्री

## डेढ़ माह के बच्चे को बेतरा में बांध कर ऑटो चलाती महिलाएं सब के लिए बनी प्रेरणा स्रोत

सुधाकर कुमार

**गुमला (आजाद सिपाही)।** डेड माह के बच्चे को बेतरा में बांध कर ऑटो चलाती महिलाएं, आत्मनिर्भर बनने का संदेश देते हुए जिन्दगी की सड़कों पर सरपट दौड़ लगा रही हैं। झारखंड सरकार द्वारा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से कई योजनाएं चलाई जा रही है। आजकल महिलाएं आत्मनिर्भर होने के साथ-साथ घर परिवार भी चला रही है। गुमला शहर में पुग़ू बड़का टोली निवासी महिला लीला पैकरा अपने डेढ़ वर्ष के बच्चे को गोद में लेकर ऑटो चलाती है।



**शराब बेचने की सलाह को कह दिया बाय बाय :** छत्तीसगढ़ निवासी लीना का विवाह मुंदर साय पैकरा के साथ हुआ था। कई महिलाओं ने उसे शराब बेचने का धंधा करने की सलाह दी। लेकिन लीना सही और मेहनत के रास्ते पर चलने की ठानी और पति के सहयोग से एक ऑटो लोन पर ली। अपने डेढ़ वर्षीय बच्चे को गोदी में लेकर वह शहर के सिसई रोड में ऑटो चलाती है। और अपने घर और परिवार का गुजारा करती है।

**फसिया पंचायत के मुखिया नरेश उरांव ने किया सम्मानित :** गुरुवार को फसिया पंचायत के मुखिया नरेश उरांव दोनों महिला से मिले और उन्हें पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। साथ ही लीना, सावित्री और उसके बच्चे को स्वेटर देकर सम्मानित किया और दोनों का हौसला भी बढ़ाया।

### खराब आर्थिक स्थिति के कारण दसवीं तक की पढ़ाई कर छोड़ी सावित्री

वहीं दूसरी और रायडीह पतरा टोली निवासी 21 वर्षीय युवती सावित्री कुमारी जो वर्तमान में गुमला के शास्त्री नगर में रहती है। ऑटो चला कर अपने परिवार का पालन पोषण करती है। आर्थिक स्थिति खराब होने के कारण सावित्री 10 वीं कक्षा तक की पढ़ाई कर छोड़ चुकी है। वह करीब 3 साल तक तमिलनाडु जाकर मजदूरी का काम की। गुमला वापस लौटने के बाद उसे अपने ही मातृभूमि में रहकर कुछ काम करने की इच्छा प्रकट हुई सावित्री ने लोन पर ऑटो निकाली और पालकोट रोड में चलाने लगी। गुमला में पहली बार कोई महिला ऑटो चालन करते देखी गयी जो अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा स्रोत है।

**लीना और सावित्री अन्य महिलाओं के लिए बनी इस प्रेरणा स्रोत :** गुमला आदिवासी बहुल क्षेत्र है यहां के किसान मजदूर काम की तलाश में दूसरे प्रदेशों में पलायन कर जाते हैं। प्रशासन के लिए स्थानीय स्तर पर रोजगार देना एक बड़ी चुनौती है। गुमला में महिलाओं के लिए ऑटो चलाना लोगों के लिए आश्चर्य की बात है ऐसे में दोनों महिलाएं अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा स्रोत बनी है।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, कोडरमा
E-Mail Id – eerdsdkoderma@gmail.com

अतिअल्पकालिन ई–निविदा आमंत्रण सूचना

ई– निविदा सूचना संख्या – RDD/SD/KODERMA/05 /RE/2025-26 3rd call

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

| ग्रुप सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Pre Cast Boundary Wall in Mauja Masnodih Fulwariya Bigha Dhargaon in Domchanch Block Chainage 01 (0 to 1.00 km) | 2259300.00 | 46000.00 | 5000.00 | 3 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशान की तिथि –21.12.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 21.12.2025 दिनांक 26.12.2025 . अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, कोडरमा।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 27.12.2025 अपराह्न 02:00 बजे।
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, कोडरमा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 8789242462 (संबंधित कार्यपालक अभियंता कार्यालय कोडरमा का मोबाईल नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, कोडरमा

PR 368872 Rural Work Department(25-26)#D

## बीबीएमकेयू में बिनोद बिहारी महतो को एनएसयूआइ ने दी श्रद्धांजलि




धनबाद (आजाद सिपाही)। एनएसयूआइ बीबीएमकेयू अध्यक्ष राज रंजन सिंह ने गुरुवार को स्व बिनोद बिहारी महतो की पुण्यतिथि पर उनके आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर राज रंजन सिंह समेत सभी छात्रों ने बिनोद बिहारी महतो के जीवन और उनके योगदानों को याद किया और उनके आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया। इस मौके पर एनएसयूआइ के बीबीएमके यूनिवर्सिटी अध्यक्ष राज रंजन सिंह ने कहा बिनोद बिहारी महतो जी ने झारखंड के विकास के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। उनके आदर्शों को हम हमेशा याद रखेंगे। इस अवसर पर बीबीएमके यूनिवर्सिटी अध्यक्ष राज रंजन सिंह, पीके रॉय कॉलेज उपाध्यक्ष आयुष सिंह, ऋषि सिंह, अंकुश, सचिन, प्रिंस, जाकिर मौजूद थे आयुष सिंह, ऋषि सिंह, अंकुश, सचिन, प्रिंस, जाकिर मौजूद थे।

## ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह ने बिनोद बिहारी महतो को श्रद्धांजलि अर्पित की



धनबाद (आजाद सिपाही)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य सह धनबाद बार एसोसिएशन के पूर्व कोषाध्यक्ष अधिवक्ता ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह ने गुरुवार को धनबाद बार एसोसिएशन परिसर में स्वर्गीय बिनोद बिहारी महतो के पुण्यतिथि पर उनके तेल्य चित्र पर पुष्प माला चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित की मौके पर ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह ने बताया कि स्वर्गीय बिनोद बिहारी महतो एक अधिवक्ता और राजनीतिज्ञ व्यक्ति थे। स्वर्गीय स्वर्गीय विनोद बिहारी महतो झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक में से एक थे। वे 1980, 1985, 1990 में बिहार विधानसभा के तीन बार सदस्य (विधायक) और 1991 में गिरिडीह से लोकसभा के सदस्य (सांसद) थे। उन्होंने 1956 में धनबाद में वकालत का पेशा शुरू किया। उन्होंने पंचेत डैम, मैथन डैम, सिंदरी कारखानों, आदि के कारण विस्थापित हुए लोगों के लिए कई मामले लड़े। बिनोद बिहारी महतो ने झारखंड आंदोलन के लिए कलम को हथियार बनाया था दहेज प्रथा, बाल विवाह आदि कुप्रथाओं और समस्याओं पर आंदोलन किया। श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों में ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह, मनोज यादव, अनवर शमीम, रमेश राय, अंसल चंद्रा, इंद्रदेव मंडल प्रमुख थे।

## पहला कदम में दिव्यांग बच्चों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन




धनबाद (आजाद सिपाही)। नारायणी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा संचालित दिव्यांग बच्चों के स्कूल पहला कदम में 18 दिसंबर गुरुवार को नियमित स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का संचालन सीएचसी सदस्य डॉ अलका सिंह द्वारा किया गया। उल्लेखनीय है कि यह स्वास्थ्य जांच शिविर प्रत्येक माह की 18 तारीख को नियमित रूप से आयोजित किया जाता है। शिविर के दौरान डॉ अलका सिंह ने बच्चों की सामान्य स्वास्थ्य जांच की तथा बदलते मौसम में होने वाली बीमारियों जैसे सर्दी-जुकाम, वायरल बुखार, दस्त एवं डेंगू से बचाव के उपायों की जानकारी दी। उन्होंने बच्चों एवं अभिभावकों को स्वच्छता बनाए रखने, गंदे पानी से बचने तथा उबला हुआ पानी पीने की सलाह दी। इस अवसर पर ट्रस्ट की सचिव अनीता अग्रवाल ने डॉ अलका सिंह के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के नियमित स्वास्थ्य जांच शिविर दिव्यांग बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने एवं समय पर उपचार सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## बिनोद बाबू के नाम से हो बोकारो हवाई अड्डा का नामकरण : प्रदीप महतो



बोकारो (आजाद सिपाही)। बोकारो जिला जनता दल यूनाइटेड के और से झारखंड के पुरोधा बिनोद बाबू की 34वीं पुण्य तिथि पर झारखंड प्रदेश जदयू के सचिव मनोज कुमार सिंह और जिला अध्यक्ष प्रदीप महतो के नेतृत्व में बोकारो हवाई अड्डा स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गयी। जयंती के शुभ अवसर पर जिला अध्यक्ष प्रदीप महतो ने कहा कि स्वर्गीय बिनोद बिहारी महतो वे नाम है उस सख्सियत का जिसने हर झारखंडी के दिल से झारखंडी होने का गर्व कराया। झारखंड देश के सबसे बड़े खनिज संपदा होने के बाद भी झारखंड विकास की राह पर अग्रसर नहीं है यहां के लोग आज पलायन कर रहे हैं क्या यही सपना था विनोद बाबू का। झारखंड को समृद्ध बनाने का सपना को साकार करने के लिए जेडीयू बोकारो जिला राज्य सरकार से मांग करती है कि बिनोद बाबू के नाम से बोकारो हवाई अड्डा का नामकरण किया जाये। मौके पर जिला उपाध्यक्ष राजा पांडे, जिला कार्यकारिणी सदस्य गणेश प्रजापति, संजय कुमार, पंकज कुमार, चण्डी कुमार प्रजापति, कृष्णा सिंह वकील, कुमार मीना सिंह, रंजीत कुमार, उपेन्द्र कुमार, किशोर कुमार सिंह समेत कई लोग शामिल थे।

## जल और स्वच्छता समिति की बैठक



गिरिडीह (आजाद सिपाही)। जिला उपायुक्त रामनिवास यादव के निर्देशानुसार समाहरणालय सभागार में उप विकास आयुक्त स्मृता कुमारी की अध्यक्षता में जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2025 एवं जल जीवन मिशन के अंतर्गत संचालित विभिन्न विकासात्मक योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गयी तथा समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। बैठक में एकल एवं बहु ग्रामीण जलापूर्ति योजनाओं, जिनमें खुखरा, पीरटांड़ एवं वैसी क्षेत्र की योजनाएं शामिल हैं, जो पूर्ण रूप से क्रियाशील हैं, उन्हें त्रिपक्षीय समझौते के तहत ग्राम सभा आयोजित कर ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति को हस्तांतरित करने का निर्णय लिया गया। साथ ही सभी कनीय अभियंता एवं प्रखंड समन्वयकों को अपने-अपने प्रखंड की पंचायतों को ओडीएफ प्लस मॉडल (5 स्टार) पंचायत के रूप में चिन्हित करने का निर्देश दिया गया।

# नेशनल हेराल्ड मामले में इडी की चार्जशीट निरस्त, कांग्रेसियों ने भाजपा कार्यालय घेरा

आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद। न्यायालय द्वारा नेशनल हेराल्ड (यंग इंडियन) मामले में प्रवर्तन निदेशालय की चार्जशीट को निरस्त किये जाने के बाद, भाजपा सरकार की साजिशपूर्ण और गैर-कानूनी कार्रवाई के विरुद्ध और धनबाद जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा भाजपा मुख्यालय के बाहर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। इस विरोध प्रदर्शन में सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस नेता, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। जहां स्थानिय पुलिस प्रशासन के साथ नोक झोंक भी हुआ। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव (संगठन) केसी वेणुगोपाल एवं झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के निर्देशानुसार आयोजित इस कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित हुए। इस अवसर पर धनबाद जिला



कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि आज न्यायालय के फैसले ने यह स्पष्ट कर दिया है कि भाजपा सरकार की बदनीयत और गैर-कानूनी तरीकों से की गयी कार्रवाई पूरी तरह से बेनकाब हो चुकी है। यंग इंडियन मामले में कांग्रेस नेतृत्व सोनिया गांधी एवं राहुल गांधी के विरुद्ध ईडी की कार्रवाई न केवल अवैध थी, बल्कि राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित भी थी।

न्यायालय ने साफ कहा है कि जब कोई प्राथमिकी ही दर्ज नहीं है, तो ईडी के पास कार्यवाही का कोई अधिकार नहीं बनता। न तो मनी लॉन्ड्रिंग का कोई मामला है, न अपराध से अर्जित आय का कोई प्रमाण और न ही किसी संपत्ति के अवैध हस्तांतरण का कोई साक्ष्य।

पिछले एक दशक से भाजपा सरकार मुख्य विपक्षी दल को डराने, दबाने और लोकतांत्रिक आवाजों को कुचलने के लिए केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। झारखंड कांग्रेस उपाध्यक्ष बर्जेदर प्रसाद सिंह ने कहा आज यह पूरी साजिश देश के सामने उजागर हो चुकी है। कांग्रेस पार्टी और उसका नेतृत्व सत्य, संविधान और प्रत्येक भारतीय के अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। हमें कोई भी सत्ता डराने में सफल नहीं हो सकती, क्योंकि हमारा संघर्ष सत्य और न्याय के लिए है। झारखंड कांग्रेस महासचिव मदन महतो ने कहा विरोध प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने लोकतंत्र की रक्षा, राजनीतिक प्रतिशोध की राजनीति के खिलाफ तथा सत्य की जीत के समर्थन में जोरदार नारेबाजी की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिलाध्यक्ष संतोष कुमार सिंह ब्रजेंद्र प्रसाद सिंह, मनोज यादव, बीके सिंह, क्यूम खान, दिनेश यादव, लक्ष्मण तिवारी, मंटू दास, अछ्यवर प्रसाद, शाहीद कमर, अख्तर खान गुड्डू, कालिचरण यादव, शैलेश सिंह, संतोष चौधरी, अजय कुमार सहित सैकडो कांग्रेस के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## बीसीकेयू की 40 सूत्री मांगों पर बीसीसीएल महाप्रबंधक के साथ सकारात्मक वार्ता

बाघमारा (आजाद सिपाही)। बीसीसीएल बरोरा एरिया के सभागार में गुरुवार को महाप्रबंधक केके सिंह बिहार कोलियरी कामगार यूनियन के केन्द्रीय सचिव जे के झा के साथ बीसीकेयू की मजदूरों एवं विस्थापितों से जुड़ी 40 सूत्री मांगों को लेकर सकारात्मक एवं सौहार्दपूर्ण वार्ता हुई। बैठक में महाप्रबंधक सहित सभी विभागों के प्रबंधक फूल बेंच के साथ उपस्थित रहे और विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गयी। बैठक में एजीएम पी एस के सिन्हा, पीओ टीएस. चौहान, दामोदर कुमार, एपीएम अभिराज, एरिया प्रबंधक प्रशासन हेमंत कुमार हेना, कैलाश सेटठी सहित सभी विभाग प्रमुख उपस्थित थे। यूनियन की ओर से केंद्रीय सचिव कामरेड जेके झा के नेतृत्व में सह प्रभारी अनिल बाउरी, बैद्यनाथ यादव, सीताराम कर्मकार, धनंजय महतो, आशीष राय, जगमोहन महतो, नकुल महतो, शिवशंकर यादव सहित कई उपस्थित थे।

# बीएसएल में क्यूएमएस का द्वितीय सर्विलांस ऑडिट सफलतापूर्वक संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता

बोकारो। बोकारो स्टील प्लांट के टाउन सर्विसेज, प्रोजेक्ट्स तथा मानव संसाधन (एचआर) विभागों में आइएसओ 9001:2015 गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली (क्यूएमएस) के अंतर्गत द्वितीय सर्विलांस ऑडिट का सफल आयोजन दिसंबर 2025 में किया गया। यह ऑडिट मैसर्स टीयूवी (टीयूवी) के बाह्य ऑडिटरों द्वारा संपन्न किया गया, जिससे गुणवत्ता, प्रणालीगत उत्कृष्टता एवं सतत सुधार के प्रति बीएसएल की प्रतिबद्धता की पुनः पुष्टि हुई। ऑडिट कार्यक्रम के अंतर्गत टाउन सर्विसेज विभाग का सर्विलांस ऑडिट मुख्य महाप्रबंधक कुंदन कुमार की अध्यक्षता में 11 से 12 दिसंबर 2025 तक टीयूवी ऑडिटर पीके पात्रा द्वारा किया गया। वहीं



प्रोजेक्ट्स डिवीजन का ऑडिट अधिशासी निदेशक (परियोजनाए) अनीष सेनगुप्ता की अध्यक्षता में 15 से 16 दिसंबर 2025 को तथा मानव संसाधन विभाग का ऑडिट मुख्य महाप्रबंधक (एचआर) अंजनी कुमार शरण की अध्यक्षता में 16 से 17 दिसंबर 2025 के दौरान टीयूवी ऑडिटर पीके सामंतराय द्वारा संपन्न हुआ। तीनों विभागों में आयोजित उद्घाटन एवं समापन बैठकों के दौरान वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में ऑडिट प्रक्रिया, प्रमुख निष्कर्षों एवं सुधार के अवसरों (ओएफआइ) पर विस्तृत चर्चा की गयी। टीयूवी ऑडिटरों द्वारा तीनों विभागों में आइएसओ 9001:2015 क्यूएमएस प्रमाणन की निरंतरता की अनुशंसा की गयी, जो बीएसएल की सुदृढ़ कार्यप्रणाली एवं गुणवत्ता-केंद्रित संस्कृति को दर्शाता है। ऑडिट प्रक्रिया का सफल समन्वय महाप्रबंधक (बीइ) अनुपमा तिवारी के मार्गदर्शन में वरीय प्रबंधक (बीइ) देवयानी चक्रवर्ती एवं सागरिका साहू द्वारा किया गया।

# महुदा में बिनोद बिहारी महतो की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा

आजाद सिपाही संवाददाता

महुदा। महुदा मोड़ चौक के समीप स्वर्गीय बिनोद बिहारी महतो की 34वीं पुण्यतिथि के अवसर पर स्वर्गीय बिनोद बिहारी महतो स्मारक समिति द्वारा एक गरिमामय श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में झारखंड के पूर्व मंत्री एवं प्रदेश कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो, धनबाद जिला परिषद अध्यक्ष शारदा सिंह, जिला परिषद सदस्य आशा देवी सहित अनेक जनप्रतिनिधि, बुद्धिजीवी, समाजसेवी तथा उनके अनुयायी उपस्थित रहे। सभी ने उनकी आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर रवि महतो विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने विशाल पदयात्रा निकालकर सभा स्थल तक पहुंचकर स्वर्गीय महतो को नमन



किया। सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने झारखंड राज्य के निर्माण में उनके ऐतिहासिक योगदान और शिक्षा के क्षेत्र में लाई गई क्रांतिकारी सोच को याद किया। मौके पर आजसू नेता प्रदीप महतो, कुलदीप ठाकुर समिति अध्यक्ष, समिति सचिव, गंगाधर महतो, अधिवक्ता निर्मल रवानी, शमीम शेख, मधुसूदन महतो, सहित क्षेत्र के तमाम समाजसेवी और बुद्धिजीवी वर्ग के लोगो श्रद्धांजलि दी। जलेश्वर महतो ने स्वर्गीय बिनोद बिहारी महतो के सामाजिक एवं शैक्षिक योगदान को झारखंड की पहचान बताया। उन्होंने उनके संघर्षमय जीवन से प्रेरणा लेने की बात कही। जिप अध्यक्ष शारदा सिंह ने स्वर्गीय बिनोद बिहारी महतो को सामाजिक न्याय और शिक्षा के सशक्त प्रतीक के रूप में याद करते हुए कहा कि उनका जीवन संघर्ष, त्याग और जनसेवा की मिसाल है। उनके विचारों को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का आह्वान किया। जिप सदस्य आशा देवी ने उनके विचारों को झारखंड के समग्र विकास की आधारशिला बताते हुए नयी पीढ़ी से उनके आदर्शों को आत्मसात करने का आह्वान किया।

## सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने लालमणि के बुजुर्गों का किया सेवा-सम्मान




धनबाद (आजाद सिपाही)। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, क्षेत्रीय कार्यालय धनबाद के द्वारा गुरुवार को बरवा अड्डा टुंडी रोड स्थित लालमणि वृद्धा सेवा आश्रम में आश्रित बुजुर्गों को राशन,कंबल और रोजमर्रा के समान प्रदान की गयी। बैंक प्रबंधन के सौजन्य से सभी बुजुर्गों को स्नेहपूर्वक स्वादिष्ट भोजन कराया गया। बैंक अधिकारियों ने हर एक बुजुर्गों का हाल-चाल जाना। बुजुर्गों द्वारा गाये भजनों को सुनकर आनंदित हुए। साथ ही बुजुर्गों का आशीर्वाद प्राप्त किया।

# दि पेंटिकॉस्टल असेंबली में कैरोल सिंगिंग प्रतियोगिता आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता

बोकारो। दि पेंटिकॉस्टल असेंबली स्कूल में क्रिसमस, जो आनंद और एकजुटता का पर्व है, के पावन पर्व का शुभारंभ अत्यंत हर्षोल्लास और उत्साह के साथ क्रिसमस कैरोल सिंगिंग प्रतियोगिता के आयोजन द्वारा किया गया। यह प्रतियोगिता बुधवार, 17 दिसंबर को विद्यालय परिसर में आयोजित हुई, जिसमें कक्षा प्री-नर्सरी से आठवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम ने पूरे वातावरण को आनंद, प्रेम और आध्यात्मिकता से भर दिया। इस अवसर पर विद्यालय की मुख्य शैक्षणिक अधिकारी रीता प्रसाद



तथा प्रधानाचार्या डॉ करुणा प्रसाद की गरिमामयी उपस्थिति रही। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य ईसा मसीह के प्रेम, शांति और सद्भावना के संदेश को साझा करना था। प्रतियोगिता का आयोजन दो श्रेणियों में किया गया। प्री-नर्सरी से दूसरी कक्षा तक के बच्चों ने गीतों के अनुरूप हाव-भाव एवं सुंदर अभिनय के साथ मनमोहक प्रस्तुतियां दीं, जबकि तीसरी कक्षा से कक्षा आठवीं तक के विद्यार्थियों ने सामूहिक गायन द्वारा अपने संगीतबोध, सुर-लय के साथ क्रिसमस के संदेश-प्रेम, शांति और सद्भावना को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। शुद्ध उच्चारण और समूह तालमेल ने वातावरण को भक्तिमय और शांतिपूर्ण बना दिया। प्रतियोगिता का मूल्यांकन प्रस्तुति, भावाभिव्यक्ति और मंच अनुशासन के आधार पर किया गया।

## युवक ने अपने ही बड़े भाई को मौत के घाट उतारा, पड़ोसी को भी किया घायल



कतरास (आजाद सिपाही)। एक सनकी भाई ने अपने ही सगे बड़े भाई को चाकू मार कर मौत के घाट उतार दिया। यही नही भाभी को मारने से रोकने वाले पडोसी को भी चाकू मार कर लहूलुहान कर दिया। आनन फानन में मोहल्ले के लोगो ने तुरंत दोनो घायलों को कतरास के निजी अस्पताल ले गए जहां से एक घायल को धनबाद रेफर कर दिया गया। लेकिन उसे बचाया नही जा सका डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं दूसरा घायल फिलहाल कतरास में ही इलाजरत है। कलियुगी रावण रूपी इस भाई के बारे में घायल पडोसी नरेश रवानी ने बताया कि कतरास थाना क्षेत्र के आकाश किनारी जमुआ पंचायत के अंबेडकर नगर कॉलोनी में बुधवार की देर रात दो सगे भाईयो की लड़ाई इतनी बढ़ गयी की छोटा भाई 25 वर्षीय दीपक भुइयां उर्फ छपरा ने अपने बड़े भाई 30 वर्षीय तेजू भूईया को चाकू मार कर घायल कर दिया, जिसकारण वह जमीन पर गिर गया। हल्ला सुनकर जब हमलोग दौड़े तब देखा कि वह अपनी भाभी आरती देवी पर भी हमला बोलने जा रहा जिसे रोकने पर वह हमारे ऊपर भी चाकू से हमला बोल दिया। जिस कारण मैं भी लहूलुहान हो गया। किसी तरह स्थानीय लोगों ने आनन फानन में हमलोगों को अस्पताल पहुंचाया। आरोपी दीपक को हिरासत में ले लिया है हालांकि घटना की कारणों का अब तक कोई अता पता नहीं चल सका है।

## सीओ ने बजरंगबली मंदिर रोड से अतिक्रमण हटवाया



धनबाद (आजाद सिपाही)। उपायुक्त आदित्य रंजन के निर्देशानुसार टुंडी अंचल अधिकारी सुरेश प्रसाद वर्णवाल ने बुधवार को टुंडी मुख्यालय स्थित बजरंगबली मंदिर से ब्लॉक रोड जाने वाली सड़क पर फैले अवैध अतिक्रमण को हटवाया। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच अंचल अधिकारी ने यह कार्रवाई की। अतिक्रमण हटाने के दौरान सुरक्षा के ख्याल से बिजली काट दी गई थी। इस मौके पर प्रशासन के समर्थन में बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण भी मौजूद थे। विदित हो कि अंचल अधिकारी सुरेश प्रसाद वर्णवाल ने पूर्व में सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण की स्थिति का निरीक्षण कर संबंधित लोगों को तुरंत अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया था। निरीक्षण के दौरान करीब आधा दर्जन लोगों द्वारा सड़क पर अवैध निर्माण एवं कब्जा पाया था। अंचल अधिकारी ने स्पष्ट कहा था कि यदि निर्धारित समय सीमा में अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो प्रशासनिक कार्रवाई करते हुए सड़क को जबरन अतिक्रमण मुक्त कराया जायेगा और उसका खर्च भी अतिक्रमणकारियों से वसूला जायेगा। अंचल अधिकारी ने चेतावनी दी थी कि सरकारी भूमि पर कब्जा किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

# प्यार और त्याग का संदेश हैं प्रभु यीशु मसीह : डीएन प्रसाद

आजाद सिपाही संवाददाता



बोकारो। यीशु के जन्म पर्व पूरे संसार में आनंद से मनाया जाता है, क्योंकि इसी दिन जगत के उद्धारकर्ता प्रभु यीशु मसीह ने जन्म लिया था। परमेश्वर मनुष्यों को उनके पाप से बचाने के लिए स्वर्ग छोड़ पृथ्वी पर आया। आज से करीब दो हजार वर्ष पहले जब प्रभु यीशु का जन्म दाऊद के नगर बैतलहम में हुआ तब स्वर्गदूतों का दल परमेश्वर की स्तुति करते हुए और यह कहते दिखाई दिये कि स्वर्ग में परमेश्वर की महिमा और पृथ्वी पर उन मनुष्यों में जिनसे वह प्रसन्न है शान्ति हो। प्रभु यीशु के जन्म से करीब आठ सौ वर्ष पहले यशायाह भविष्यवक्ता ने भविष्यवाणी किया था (यशायाह 9:2 और 9:6) अंधकार और पाप में भटकने वाले लोगों ने एक बड़ा उजियाला देखा और उन पर ज्योति चमकी। उस समय संसार अत्याचार, जुल्म, कष्ट से पीड़ित था एवं पाप अपने चरम सीमा पर पहुंच चुका था। समाज टूटता जा रहा था। मनुष्यों के जीवन में अंधेरा छाया था। ऐसे समय में उन्हें एक बड़ा उजियाला दिखाई पड़ा। यह महान एवं अद्भुत प्रकाश बैतलहम की चरनी से दिखाई दिया। जिस चरनी में परमेश्वर का एकमात्र पुत्र यीशु मसीह का जन्म हुआ ताकि सारी मानव जाति को प्रभु यीशु मसीह उजार का मार्ग बता सकें। यह जानकारी रेवरेंड डॉ डीएन प्रसाद ने दी। उन्होंने बताया कि प्रभुओं का प्रभु एवं राजाओं का राजा अपने आप को दीन कर के चरनी में जन्म लिए, कि गरीब से गरीब लोग उसके पास जा सकें जैसा कि चरवाहे एवं धनी से धनी लोग भी वहां पहुंच सके जैसा कि राजा। परमेश्वर ने अपना एकमात्र पुत्र मनुष्यों के उद्धार के लिए संसार में भेजा। यूहन्ना 3:16 में लिखा है, क्योंकि परमेश्वर ने जगत से ऐसा प्रेम रखा कि उसने अपना एकलौता पुत्र दे दिया, ताकि जो कोई उस पर विश्वास करे, वह नाश न हो, परन्तु अनन्त जीवन पाये। यीशु का जन्म पर्व परमेश्वर का मानव जाति के प्रति प्रेम को प्रगट करता है। यह पर्व प्रेम दिखाने का पर्व है। यीशु मसीह संसार के लिए, एक उपहार है, इस उपहार को परमेश्वर ने मनुष्यों को दे दिया। इसीलिए यीशु के जन्म पर्व पर हम एक दूसरे को उपहार देते हैं, भेंट देते हैं। यह पर्व बांटने का पर्व है। यीशु मसीह शांति के राजकुमार है जैसा कि यशायाह भविष्यवक्ता ने 9:6 में भविष्यवाणी की थी। प्रभु यीशु ने सदा प्रेम एवं शांति का प्रचार किया। हमेशा प्यार एवं त्याग का संदेश दिया।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार**

**अति अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**
**(डी०एम०एफ०टी० मद)**

संख्या – EE/RDSD/LATEHAR/34/2025-26/Gr_2 (2ND CALL)

1. कार्य की विस्तृत विवरणी :

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड बालूमाथ के पंचायत धाधू में राजकीय मध्य विद्यालय धाधू का चाहरदीवारी निर्माण कार्य। | 6193100 | 124000 | 10000 | 4 माह |

2. निविदा प्रकाशन की तिथि – 19.12.2025
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 19.12.2025 से दिनांक 26.12.2025 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –29.12.2025 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06565796434
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।
11. प्रशासनिक स्वीकृति के कंडिका 5 के अनुसार केवल स्थानीय संवेदको/निविदाताओं के द्वारा निविदा में भाग लिया जायेगा।
12. बिना कारण बताये किसी एक या सभी कार्य की निविदा को रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार

PR 368949 Rural Development(25-26)#D

मजबूत होती मेजर डिफेंस पार्टनरशिप : भारतीय सेना को मिली घातक ताकत

# अमेरिका से AH-64E अपाचे अटैक हेलिकॉप्टर भारत पहुंचे

● जोधपुर में की जायेगी तैनाती

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** भारत और अमेरिका के बीच तेजी से मजबूत होती मेजर डिफेंस पार्टनरशिप को एक और ठोस रूप देते हुए भारतीय सेना के लिए बोइंग निर्मित AH-64E अपाचे अटैक हेलिकॉप्टर भारत पहुंच चुके हैं। इस महत्वपूर्ण घटनाक्रम की जानकारी भारत स्थित अमेरिकी दूतावास ने अपने आधिकारिक बयान में दी, जिसमें कहा गया कि यह डिलीवरी अमेरिकी राष्ट्रपति और भारत के प्रधानमंत्री के संयुक्त वक्तव्य में की गयी प्रतिबद्धताओं को पूरा करती है। भारतीय सेना के सूत्रों के अनुसार, इन अत्याधुनिक अटैक हेलिकॉप्टरों का तकनीकी निरीक्षण, स्वीकृति परीक्षण और अन्य औपचारिक प्रक्रियाएं पूरी होने के बाद आने वाले कुछ दिनों में जोधपुर में तैनाती की जाएगी।

अमेरिकी दूतावास ने अपने संदेश में स्पष्ट रूप से कहा कि अपाचे हेलिकॉप्टरों का आगमन अमेरिका-भारत रक्षा साझेदारी की विश्वसनीयता और मजबूती को दर्शाता है। दूतावास के अनुसार, यह उपलब्धि अमेरिकी रक्षा सचिव और भारत के रक्षा मंत्रालय के बीच हुए समझौते को भी पूरा करती है। बयान में यह भी रेखांकित किया गया कि यह सहयोग केवल हथियार आपूर्ति तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें को-प्रोडक्शन, प्रशिक्षण,



रखरखाव और उन्नत तकनीकी सहयोग जैसे महत्वपूर्ण आयाम भी शामिल हैं, जो दोनों देशों की क्षेत्रीय सुरक्षा की साझा दृष्टि को मजबूत करते हैं।

**AH-64E अपाचे: भारतीय सेना के लिए निर्णायक युद्ध शक्ति :** AH-64E अपाचे गार्जियन दुनिया के सबसे घातक और उन्नत अटैक हेलिकॉप्टरों में गिना जाता है। यह हेलिकॉप्टर एंटी-आर्मर ऑपरेशन, क्लोज एयर सपोर्ट, सटीक स्ट्राइक और आधुनिक नेटवर्क-सेंट्रिक युद्ध के लिए विशेष रूप से डिजाइन किया गया है। अपाचे में अत्याधुनिक सेंसर, लॉन्गबो फायर-कंट्रोल रडार, हेलफायर मिसाइलें और भारी हथियार प्रणाली लगी होती है, जो इसे हर मौसम और हर भूभाग में प्रभावी बनाती हैं। रेगिस्तानी और उच्च तापमान वाले क्षेत्रों में इसकी सिद्ध क्षमता इसे भारत के पश्चिमी मोर्चे के लिए अत्यंत उपयुक्त बनाती है।

**सेना विमानन कोर को मिली नयी धार :** अपाचे हेलिकॉप्टरों की तैनाती भारतीय सेना के आर्मी एविएशन कॉर्प्स के लिए एक रणनीतिक बदलाव का संकेत है। पहली बार भारतीय सेना के पास अपने नियंत्रण में पूरी तरह समर्पित अटैक हेलिकॉप्टर होंगे, जिससे जमीनी सैनिकों के साथ समन्वय और युद्धक्षेत्र में प्रतिक्रिया क्षमता कई गुना बढ़ जाएगी। यह कदम भारतीय सेना की संयुक्त युद्धक क्षमता को नई ऊंचाइयों पर ले जाने वाला माना जा रहा है।

**जोधपुर में तैनाती: पश्चिमी मोर्चे पर निर्णायक बढ़त :** अपाचे हेलिकॉप्टरों की प्रस्तावित तैनाती जोधपुर में की जा रही है, जो भारत के पश्चिमी सेक्टर का एक प्रमुख सैन्य केंद्र है। यह क्षेत्र रणनीतिक दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील है और यहां से त्वरित प्रतिक्रिया अभियानों की आवश्यकता रहती है। अपाचे की रेगिस्तानी इलाकों में उत्कृष्ट प्रदर्शन क्षमता इसे इस क्षेत्र के लिए आदर्श बनाती है, जिससे भारतीय सेना की डिटरेंस और ऑफिसिव क्षमता को जबरदस्त बढ़ावा मिलेगा।

**परिपक्व होती भारत-अमेरिका रक्षा साझेदारी का प्रतीक :** अपाचे हेलिकॉप्टरों की यह डिलीवरी केवल एक रक्षा सौदा नहीं, बल्कि भारत-अमेरिका संबंधों में बढ़ते रणनीतिक विश्वास का प्रतीक है। पिछले वर्षों में भारत ने अमेरिका से कई उन्नत सैन्य प्लेटफॉर्म प्राप्त किये हैं, जिससे दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग लगातार गहरा हुआ है। इस सहयोग ने पारंपरिक खरीदार-विक्रेता संबंधों से आगे बढ़ कर रणनीतिक साझेदारी का स्वरूप ले लिया है।

**प्रशिक्षण, रखरखाव और दीर्घकालिक सहयोग :** अपाचे कार्यक्रम के अंतर्गत भारतीय सेना के पायलटों और तकनीकी कर्मियों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। इसके साथ ही लॉजिस्टिक सपोर्ट, स्पेयर पार्ट्स और मेंटेनेंस फ्रेमवर्क भी स्थापित किया गया है, जिससे प्लेटफॉर्म की दीर्घकालिक परिचालन क्षमता सुनिश्चित हो सके। यह सहयोग भारतीय सेना की तकनीकी आत्मनिर्भरता और परिचालन दक्षता को भी मजबूती प्रदान करता है।

**क्षेत्रीय सुरक्षा पर प्रभाव :** अपाचे हेलिकॉप्टरों का आगमन ऐसे समय हुआ है जब क्षेत्रीय सुरक्षा परिदृश्य तेजी से बदल रहा है। इन हेलिकॉप्टरों से भारतीय सेना की त्वरित प्रतिक्रिया और सटीक प्रहार क्षमता को मजबूती मिलेगी, जो स्थिरता और शांति बनाए रखने में सहायक होगी। निरीक्षण और औपचारिक प्रक्रियाओं के पूरा होते ही अपाचे हेलिकॉप्टर जल्द ही पूरी तरह ऑपरेशनल हो जाएंगे। यह न केवल भारतीय सेना की युद्धक क्षमता में वृद्धि करेगा, बल्कि भारत-अमेरिका रक्षा साझेदारी के भविष्य की दिशा भी स्पष्ट करता है।

# रिटायरमेंट से पहले जजों का ताबड़तोड़ फैसले सुनाना दुर्भाग्यपूर्ण : सुप्रीम कोर्ट

● ऐसा लगता है कि जज लास्ट ओवर में छक्के मार रहे हैं

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने न्यायपालिका में भ्रष्ट आचरण को लेकर अप्रत्यक्ष रूप से अहम टिप्पणी की है। कोर्ट ने भ्रष्टाचार का जिक्र किये बिना कहा कि रिटायरमेंट से ठीक पहले जजों का बाहरी कारणों से प्रभावित होकर ताबड़तोड़ फैसले सुनाना दुर्भाग्यपूर्ण है। भारत के चीफ जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपुल एम पंचोली की बेंच ने बुधवार को कहा- कुछ जजों में रिटायरमेंट से चंद दिनों पहले बहुत ज्यादा आदेश पारित करने की प्रवृत्ति बढ़ रही है। वे आदेश ऐसे सुनाते हैं, जैसे मैच के अंतिम ओवर में छक्के मार रहे हों। सुप्रीम कोर्ट ने यह टिप्पणी मध्य प्रदेश के एक प्रिंसिपल डिस्ट्रिक्ट जज की याचिका पर सुनवाई के दौरान की। जज ने हाइकोर्ट के उस फैसले को चुनौती दी है, जिसके तहत रिटायरमेंट से 10 दिन पहले उन्हें सस्पेंड कर दिया गया था। आरोप



है कि जज ने कुछ संदिग्ध आदेश पारित किए थे।

**जज की दलील- न्यायिक करियर हमेशा बेदाग रहा :** याचिकाकर्ता जज का रिटायरमेंट 30 नवंबर को होना था। उन्हें 19 नवंबर को दो न्यायिक आदेशों के आधार पर निलंबित किया गया। उनकी ओर से पेश सीनियर एडवोकेट विपिन सांघी ने कहा कि जज का करियर बेदाग रहा है। सांघी ने दावा किया कि सालाना रिपोर्टों में जज को लगातार हाई रेटिंग मिली है। उन्होंने सवाल उठाया कि जिन आदेशों पर आपत्ति है, उसे हाइकोर्ट में अपील के जरिए सुधारा जा सकता है। इसके लिए किसी न्यायिक अधिकारी को सस्पेंड कैसे किया जा सकता है। सांघी ने बताया कि याचिकाकर्ता 30 नवंबर 2025 को रिटायर होने वाले थे। चूंकि मध्य प्रदेश सरकार ने रिटायरमेंट की उम्र 62 साल कर दी है। इसलिए सुप्रीम कोर्ट के 20 नवंबर के आदेश के तहत जज अब 30 नवंबर 2026 को रिटायर होंगे। इस पर चीफ जस्टिस ने कहा- जब उन्होंने छक्के लगाने शुरू किये, तब उन्हें यह जानकारी नहीं थी कि रिटायरमेंट की उम्र बढ़ाई जायेगी। इसलिए, यह मैसेज जाना चाहिए, मिस्टर सांघी। यह एक दुर्भाग्यपूर्ण प्रवृत्ति है। इस पर मैं और कुछ नहीं कहना चाहता।

**सुप्रीम कोर्ट बोला- आदेश बेईमानी से दिए हों, तो कार्रवाई होगी :** सांघी की दलील पर चीफ जस्टिस ने कहा कि अगर आदेश स्पष्ट रूप से बेईमानी से दिये गये हों, तो कार्रवाई हो सकती है। बेंच ने यह भी पूछा कि न्यायिक अधिकारी ने सस्पेंशन को चुनौती देने के लिए पहले हाइकोर्ट का रुख क्यों नहीं किया। इस पर सांघी ने कहा कि सस्पेंशन का फैसला फुल कोर्ट का था, इसलिए निष्पक्ष सुनवाई के लिए सीधे सुप्रीम कोर्ट आना सही समझा गया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि कई मामलों में हाइकोर्ट ने न्याय के आधार पर फुल कोर्ट के फैसलों को भी रद्द किया है।

**सुप्रीम कोर्ट का याचिका पर सुनवाई से इनकार :** सुप्रीम कोर्ट ने सस्पेंशन के आधार जानने के लिए आरटीआइ आवेदन दाखिल किये जाने पर भी आपत्ति जतायी। बेंच ने कहा कि एक सीनियर न्यायिक अधिकारी से यह उम्मीद नहीं की जाती कि वह जानकारी के लिए आरटीआइ का सहारा ले। कोर्ट ने कहा- उन्हें इस संबंध में प्रतिनिधित्व देना चाहिए था। सुप्रीम कोर्ट ने याचिका पर सुनवाई से इनकार करते हुए कहा कि याचिकाकर्ता हाइकोर्ट में सस्पेंशन आदेश वापस लेने के लिए प्रतिनिधित्व दे सकते हैं। हाइकोर्ट को चार हफ्ते में उस पर फैसला करना होगा।

# माणिकराव कोकाटे ने मंत्री पद से दिया इस्तीफा

● 1995 के धोखाधड़ी एवं जालसाजी मामले में ठहराये गये हैं दोषी

आजाद सिपाही संवाददाता

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार में खेल मंत्री रहे माणिकराव कोकाटे ने आखिरकार मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है। इसे लेकर महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजीत पवार ने एक्स पर एक पोस्ट किया है, जिसमें उन्होंने लिखा, 'महाराष्ट्र के कैबिनेट मंत्री और मेरे पार्टी सहयोगी माणिकराव कोकाटे ने माननीय न्यायालय के फैसले के बाद मुझे अपना इस्तीफा सौंप दिया है। हमारी पार्टी के उस दीर्घकालिक सिद्धांत के अनुरूप कि कानून का शासन सर्वोपरि है और सभी व्यक्तियों से ऊपर है, मैंने सैद्धांतिक रूप से उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। मैंने संवैधानिक प्रक्रिया के अनुसार उनका इस्तीफा माननीय मुख्यमंत्री को उचित विचार और स्वीकृति के लिए भेज दिया है।'

**हमें कानूनी प्रक्रिया पर पूरा भरोसा :** डिप्टी सीएम अजित पवार ने अपने पोस्ट में आगे लिखा- जनजीवन हमेशा संवैधानिक नैतिकता, संस्थागत अखंडता और न्यायपालिका के प्रति सम्मान पर आधारित होना चाहिए, ये वे मूल्य हैं जिन्होंने हमारी पार्टी के सफर को निरंतर दिशा दी है। हमें कानूनी प्रक्रिया पर पूरा भरोसा है। हम राज्य में कानून व्यवस्था को कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। लोकतांत्रिक मूल्यों को कायम



रखा जायेगा और जनता के विश्वास को नहीं तोड़ा जायेगा।

**राज्यपाल ने अजित पवार को सौंपा था प्रभार :** इससे पहले बुधवार को महाराष्ट्र के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने उपमुख्यमंत्री अजित पवार को खेल एवं युवा मामलों, अल्पसंख्यक मामलों और वक्फ मंत्रालय आवंटित किए हैं। ये दोनों मंत्रालय पहले माणिकराव कोकाटे के पास थे, जिसके बाद वे बिना पोर्टफोलियो के मंत्री हो गए थे। राज्यपाल ने बीते दिन महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की तरफ से इस संबंध में भेजे गये पत्र को मंजूरी दी थी।

**धोखाधड़ी के मामले में फंसे कोकाटे :** नासिक सत्र न्यायालय ने निचली अदालत के 20 फरवरी के आदेश को बरकरार रखते हुए मंगलवार को कहा था कि माणिकराव कोकाटे ने आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए आरक्षित फ्लैट आवंटित कराने के लिए फर्जी दस्तावेज जमा किए और राज्य सरकार को धोखा दिया, जबकि वे एक समृद्ध किसान हैं। वहीं इस मामले में बुधवार को उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट भी जारी कर दिया गया था। जिससे उन पर मंत्री पद से इस्तीफा देने का दबाव बना हुआ था।

इपीएफओ ने दिया छह महीने का समय

# छूटे हुए कर्मचारियों को पेंशन योजना से जोड़ने का मौका

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (इपीएफओ) ने नियोक्ताओं से अपील की है कि वे इपीएफ योजना से छूट गये पात्र कर्मचारियों को स्वेच्छा से योजना में शामिल करें। इसके लिए श्रम व रोजगार मंत्रालय ने कर्मचारी नामांकन योजना (इइएस)- 2025 के तहत छह महीने की विशेष अनुपालन अवधि की घोषणा की है, जो नवंबर 2025 से शुरू होगी। मंत्रालय के अनुसार इस योजना के तहत नियोक्ता 1 जुलाई 2017 से 31 अक्तूबर 2025 के बीच इपीएफ कवरेज से बाहर रह गये पात्र कर्मचारियों को नामांकित कर सकते हैं और पूर्व की अनियमितताओं को नियमित कर सकते हैं। इइएस-2025 के प्रावधानों के मुताबिक जिन मामलों में पहले कर्मचारियों का अंशदान नहीं काटा गया था, वहां नियोक्ता को केवल नियोक्ता का अंशदान, धारा 7क्यू के तहत ब्याज, लागू प्रशासनिक शुल्क और केवल 100 रुपये की सीमित दंड राशि जमा करनी होगी। इसे इपीएफओ की तीनों योजनाओं के तहत पूर्ण अनुपालन माना जायेगा।

# दिल्ली ब्लास्ट मामले में कश्मीर से एक और आरोपी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) ने पिछले महीने दिल्ली के ऐतिहासिक लाल किले के आसपास हुए बम धमाके के सिलसिले में एक और प्रमुख आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस मामले में गिरफ्तार किया गया नौवां व्यक्ति यासिर अहमद डार, श्रीनगर (जम्मू-कश्मीर) के शोपियां का निवासी है। बता दें कि इस धमाके में 11 लोगों की मौत हो गयी थी। कई अन्य घायल हो गये थे।


**फिदायीन हमले की ली थी शपथ :** एनआइ की ओर से जारी बयान के मुताबिक आरोपी को मामला संख्या आरसी-21/2025/एनआइए/डीएलआइ के तहत शहरी अतिक्रमण अधिनियम 1967 और बीएनएस 2023 की संबंधित धाराओं के तहत गिरफ्तार किया गया है। एनआइए की जांच से पता चला है कि 10 नवंबर को राजधानी में हुए कार बम धमाके की साजिश में यासिर की सक्रिय भूमिका थी। साजिश में सक्रिय भागीदार होने के नाते, उसने निष्ठा की शपथ ली थी और फिदायीन हमले के लिए प्रतिबद्ध होने का वचन दिया था।

आतंकवाद रोधी एजेंसी की जांच से यह भी पता चला है कि यासिर इस मामले में अन्य आरोपियों, जिनमें उमर उन नबी (बम धमाके का मृतक अपराधी) और मुफ्ती इरफान शामिल हैं, के साथ घनिष्ठ संपर्क में था। विभिन्न केंद्रीय और राज्य एजेंसियों के साथ मिलकर काम करते हुए, एनआइए आतंकी हमले के पीछे की पूरी साजिश का पर्दाफाश करने के लिए लगातार तत्परता से काम कर रही है। इस महीने की शुरुआत में, इसने जम्मू-कश्मीर और उत्तर प्रदेश में कई आरोपियों और संदिग्धों के ठिकानों पर व्यापक तलाशी अभियान चलाया था। विभिन्न डिजिटल उपकरण और अन्य आपत्तिजनक सामग्री जब्त की।




## हरियाणा विधानसभा : कांग्रेस का सैनी सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव नोटिस मंजूर

**चंडीगढ़ (आजाद सिपाही)।** हरियाणा विधानसभा के शीतकालीन सत्र के पहले दिन की कार्यवाही शुरू हो गयी है। सीएम नायब सैनी सदन में केसरिया रंग की पगड़ी पहनकर पहुंचे। सदन के पहले दिन ही कांग्रेस ने अविश्वास प्रस्ताव लाया, जिसे स्पीकर हरविंदर कल्याण ने मंजूरी दे दी है। शुक्रवार को सदन की दूसरी सिटिंग में अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा होगी। इससे पहले सदन की शुरुआत में मंत्री अनिल विज ने नेता प्रतिपक्ष बनने पर भूपेंद्र हुड्डा को बधाई देते हुए कहा कि हवाएं लाख मुखालिफ हो दिया वही जलेगा जो जिद पर अड़ा है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सदन में शोक प्रस्ताव पेश किया जिसे सर्वसम्मति से पास किया गया। सत्र 22 दिसंबर तक चलेगा। शीतकालीन सत्र में तीन बैठकें होंगी विधानसभा की कार्य सलाहकार समिति की बैठक बुधवार को विस अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में आगामी शीतकालीन सत्र के कार्य एवं कार्यसूची पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि हरियाणा विधान सभा का शीतकालीन सत्र 18 से 22 दिसंबर तक आयोजित किया जाएगा। इस दौरान कुल 3 बैठकें होंगी। बैठक के बाद सीएम ने कहा- विपक्ष हाउस का समय बढ़ाने की बात कह रहा है।













| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 150 | Hindi | ₹ 150 |
| English | ₹ 150 | English | ₹ 150 |
| Mathematics | ₹ 150 | Mathematics | ₹ 150 |
| Science | ₹ 150 | Science | ₹ 150 |
| Social Science | ₹ 150 | Social Science | ₹ 150 |
| Sanskrit | ₹ 150 | Sanskrit | ₹ 150 |
| Hindi – B | ₹ 150 | Hindi – B | ₹ 150 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 130 | English Grammar– II | ₹ 130 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 60 | Hindi Practical | ₹ 60 |
| English Practical | ₹ 60 | English Practical | ₹ 60 |
| Maths. Practical | ₹ 70 | Maths. Practical | ₹ 70 |
| Science Practical | ₹ 70 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 75 | S. Science Practical | ₹ 75 |
| Sanskrit Practical | ₹ 60 | Sanskrit Practical | ₹ 60 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 90 |
| **English Medium** | | **English Medium** | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 230 |
| Science | ₹ 220 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 230 | Social Science | ₹ 230 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 100 | S. Science Practical | ₹ 90 |

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची, झारखंड से मुद्रित। **संस्थापक प्रधान संपादक :** स्व. हरिनारायण सिंह, **संपादक :** राकेश सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार, ***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**